BIHHIN/2021/85413

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# चौथी वाणी

एक अखबार, पूरा हिन्दुस्तान

पटना (बिहार) से प्रकाशित



सलमान के बाद मीका भी राजपाल के सपोर्ट में उतरे

वर्ष : 05 | अंक : 99 | बृहस्पतिवार 9 अप्रैल 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 02 | ई मेल : chauthivanii@gmail.com | www.chauthivani.com

# नीतीश आज जाएंगे दिल्ली, 10 को राज्यसभा सदस्य की लेंगे शपथ

## पटना लौटकर मुख्यमंत्री पद से देंगे इस्तीफा

**चौथी वाणी/पटना।** बिहार की राजनीति में इन दिनों तेजी से बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संभावित इस्तीफे और नई सरकार के गठन को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। मंत्री विजय

### एनडीए की बैठक में सीएम के नाम पर लगेगी मुहर

चौधरी ने जानकारी दी है कि नीतीश कुमार 9 अप्रैल को दिल्ली जाएंगे, जहां वे जदयू की बैठक में शामिल होंगे और शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। 10 अप्रैल को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। इसके बाद 12 अप्रैल को



उनके पटना लौटने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, 13 अप्रैल को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक हो सकती है, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। इसके अगले दिन 14 अप्रैल को नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इसके बाद 15 अप्रैल को राज्य में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री पद को लेकर दिल्ली में एक अहम बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें नए मुख्यमंत्री के नाम पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। हालांकि अभी तक किसी नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।इस बीच मंत्री विजय चौधरी ने संकेत दिया है कि मीडिया में जो नाम चल रहा है, उसी दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। हालांकि अंतिम फैसला गठबंधन दलों की सहमति से ही लिया जाएगा। वर्तमान में बिहार के अगले मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी का नाम सबसे आगे बताया जा रहा है। इधर, 10 अप्रैल को भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक दिल्ली में आयोजित होने की संभावना है। इस बैठक में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन करेंगे, जिसमें पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के भी शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, सांसद संजय जायसवाल सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। इस बैठक में बिहार के नए मुख्यमंत्री के नाम पर आम सहमति बनाने की कोशिश की जाएगी।

# मुंगेर के ढोल पहाड़ी इको टूरिज्म के रूप में होंगे विकसित, 12.49 करोड़ स्वीकृत : सम्राट

**चौथी वाणी/पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि मुंगेर जिले के असरगंज स्थित ढोल पहाड़ी को इको टूरिज्म के रूप में विकसित करने के लिए 1249.45 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। ढोल पहाड़ी को एक समग्र पर्यटन, धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा।

श्री चौधरी ने बताया कि ढोल पहाड़ी का ऐतिहासिक महत्व है। यह स्थान स्वतंत्रता संग्राम के दौरान क्रांतिकारियों का गुप्त अड्डा रहा है, जहां वे अंग्रेजों के खिलाफ रणनीति बनाते थे। अंग्रेजों के आने की सूचना क्रांतिकारी दूसरे क्रांतिकारियों को ढोल बजा कर देते थे। यहां स्थित बाबा मौनीनाथ मंदिर और



प्राचीन गुफाएं इसकी धार्मिक और ऐतिहासिक पहचान है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इस परियोजना के तहत कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्य किए जाएंगे। यहां सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बैंक्वेट हॉल बनाया जाएगा। इसके

### परियोजना से पर्यटन बढ़ेगा, स्थानीय रोजगार और व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

अलावा पब्लिक टॉयलेट, हाट बाजार, क्राफ्ट शॉप्स और वेंडिंग जोन विकसित किए जाएंगे, जिससे स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटकों की सुविधा के लिए पार्किंग एरिया, पक्के रास्ते (पाथवे/ट्रेल) और बाहरी सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जाएगा। परियोजना में मेला ग्राउंड और पिकनिक स्पॉट का विकास किया जाएगा, साथ ही ग्रीन बेल्ट और लैंडस्केपिंग के जरिए प्राकृतिक सुंदरता को और निखारा जाएगा। यहां सैंडस्टोन बेंच, आकर्षक प्रवेश द्वार, स्पोर्ट्स कोर्ट और बच्चों के लिए प्ले एरिया भी बनाए जाएंगे। धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए शिव प्रतिमा को स्थापित किया जाएगा और पर्यटकों के लिए ऑब्जर्वेशन डेक भी बनाया जाएगा। विशेष सुविधाओं के तहत सोलर लाइटिंग, सोलर रूफटॉप, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, फायर फाइटिंग और आधुनिक विद्युत व्यवस्था विकसित की जाएगी। इस पूरी परियोजना में प्राकृतिक संरचना को सुरक्षित रखते हुए सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। श्री चौधरी ने कहा कि ढोल पहाड़ी पहले से ही धार्मिक और सामाजिक आयोजनों का केंद्र रहा है, लेकिन सुविधाओं की कमी के कारण इसका पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा था।

# 5.40 लाख किसानों से 36.79 लाख मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति : मंत्री

**चौथी वाणी/पटना।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संवाद कक्ष में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मंत्री लेशी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, निदेशक-सह-विशेष सचिव, उपभोक्ता संरक्षण निदेशालय, विभुति रंजन चौधरी एवं विशेष सचिव उपेन्द्र

### 6 अप्रैल तक 591 किसानों से 2617 मीट्रिक टन गेहूं की अधिप्राप्ति

### राज्य में 2.10 करोड़ राशन कार्डधारी आच्छादित

कुमार उपस्थित रहे।

मंत्री लेशी सिंह ने विभाग की उपलब्धियों के बारे में जानकारी साझा करते हुए बताया कि खरीफ विपणन मौसम 2025-26 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति की अंतिम तिथि 31 मार्च तक लक्ष्य 36.85 लाख मीट्रिक टन के विरूद्ध 5,40,474 किसानों से 8807.47 करोड़ रुपए की 36.79



लाख मीट्रिक टन (अधिप्राप्ति लक्ष्य का 99.84 प्रतिशत) धान की अधिप्राप्ति की गई। 6 अप्रैल तक चावल प्राप्ति हेतु कुल लक्ष्य 25 लाख मीट्रिक टन के विरूद्ध 12.06 लाख मीट्रिक टन चावल राज्य खाद्य निगम के संग्रहण केन्द्रों पर जमा कराया जा चुका है। शेष चावल की प्राप्ति अंतिम निर्धारित तिथि 15 जून तक कर ली जाएगी।

वहीं रबी विपणन मौसम 2026-27 के लिए भारत सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य पिछले वर्ष से 160 रूपया बढ़ाकर 2585 रूपया प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। राज्य के सभी जिलों में गेहूं अधिप्राप्ति 1 अप्रैल से प्रारंभ की गयी है तथा अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गयी है। भारत सरकार द्वारा बिहार के लिए गेहूं का अधिप्राप्ति लक्ष्य 18000 मे. टन निर्धारित किया गया है। 6 अप्रैल तक 591 किसानों से 2617 मे. टन गेहूं की अधिप्राप्ति कर ली गई है। मंत्री ने बताया कि राज्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत आच्छादित कुल 8.55 करोड़ लाभुकों में अन्त्योदय परिवारों को प्रति माह 35 किलो तथा पूर्विकता प्राप्त गृहस्थी (पीएचएच) के प्रत्येक लाभुकों को 5 किलो खाद्यान्न निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान में राज्य अन्तर्गत अन्त्योदय अन्य योजना श्रेणी के अधीन 22.87 लाख परिवार (83.08 लाख लाभुक) एवं पीएचएच के अधीन 1.87 करोड़ राशन कार्डधारी (7.72 करोड लाभुक) अर्थात कुल 2.10 करोड़ राशन कार्डधारी (8.55 करोड़ लाभुक) आच्छादित हैं। जन वितरण प्रणाली के तहत भारत सरकार के द्वारा प्रति माह उपलब्ध कराये जा रहे 4.60 लाख मे. टन खाद्यान्न के मासिक आवंटन को लाभुकों को उनकी अनुमान्यता के अनुसार प्रति माह निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। बता करें नये राशन कार्ड निर्माण की स्थिति की बारे में तो राज्य में नये राशन कार्ड निमार्ण हेतु 1 अप्रैल 2025 से ऑफलाईन एवं ऑनलाईन माध्यम से 2 अप्रैल 2026 तक कुल 19,26,716 आवेदन प्राप्त हुये हैं, जिसमें कुल 17,74,722 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है।

## संक्षिप्त खबरें

### ओडिशा विजिलेंस ने अतिरिक्त मुख्य अभियंता के ठिकानों पर छापा मारा

**भुवनेश्वर।** भ्रष्ट सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ अपनी कार्रवाई जारी रखते हुए, ओडिशा सतर्कता विभाग ने बुधवार को जल संसाधन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी से जुड़ी संपत्तियों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। अधिकारी पर अपनी ज्ञात आय के स्रोतों से अधिक संपत्ति जमा करने का आरोप है, और इस तलाशी के दौरान विभाग ने भारी मात्रा में संपत्ति का पता लगाया। विजिलेंस सूत्रों ने बताया, "आय के ज्ञात स्रोतों से कहीं ज्यादा संपत्ति रखने के आरोप में, बुधवार को कटक, भुवनेश्वर, जाजपुर और ढेंकानाल जिलों में छह जगहों पर ओडिशा के डैम सेफ्टी विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश चंद्र मोहंती की संपत्तियों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया गया।"

### चुनावों से पहले नाबालिग से हथियार बरामद, 40 कारतूस मिले

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने बुधवार को मध्य कोलकाता में स्ट्रैंड रोड पर बिहार के रहने वाले एक नाबालिग से पांच हथियार बरामद किए। इनमें से दो 7 एमएम की पिस्तौलें भी बरामद की गईं। साथ ही 40 कारतूस मिले। 17 साल के नाबालिग का घर बिहार के नालंदा जिले में है। कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि नाबालिग उन हथियारों को अपने साथ क्यों ले जा रहा था? पुलिस को एक खुफिया सूत्र से जानकारी मिली थी। जानकारी मिलने पर पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने बुधवार को स्ट्रैंड रोड इलाके में छापा मारा।

### भाभुआ में फूड पॉइजनिंग से युवक की मौत, रेस्तरां सील

**पटना।** भाभुआ से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां एक 20 वर्षीय युवक की कथित तौर पर एक स्थानीय रेस्तरां से खाना खाने के बाद मौत हो गई, जबकि उसका छोटा भाई और एक दोस्त बीमार पड़ गए। मृतक की पहचान सारंगपुर निवासी विशाल कुमार तिवारी के रूप में हुई है। घटना के बाद, जिला प्रशासन ने उस रेस्तरां को सील कर दिया है जहां से खाना खरीदा गया था। एक अधिकारी के अनुसार, विशाल, अपने भाई विनायक तिवारी और दोस्त देवराज कुमार सिंह के साथ मंगलवार रात को एक रेस्तरां से मंचूरियन और कढ़ाई पनीर सहित खाने का सामान लेकर आए थे।

### नवादा में सड़क हादसे में युवक-युवती की मौत

**नवादा।** रजौली थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। बुधवार को हरदिया स्थित बजरंगबली मंदिर के समीप अनियंत्रित बाइक के दीवार से टकरा जाने से बाइक सवार युवक एवं युवती की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाइक काफी तेज गति से जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तीखा मोड़ के पास चालक अचानक नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद बाइक सीधे दीवार से जा टकराई।

# एएनएम की नियुक्ति से गांव-गांव पहुंचेगी बेहतर चिकित्सा व्यवस्था



**चौथी वाणी/पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को शास्त्रीनगर स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में 4954 नवनियुक्त महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से सुश्री विनीता कुमारी, स्वाति कुमारी और रौशनी कुमारी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। सीएम ने नवनियुक्त एएनएम को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये कहा कि मेरा विश्वास है कि सभी नवनियुक्त कर्मी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगी।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा, मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री

### मुख्यमंत्री ने 4954 नवनियुक्त एएनएम को प्रदान किया नियुक्ति पत्र

मंगल पाण्डेय, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, बिहार स्वास्थ्य सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अमित कुमार पाण्डेय, डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम, एसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं नियुक्ति पत्र पाने वाली एएनएम उपस्थित थीं।

## सीएम नीतीश के नेतृत्व में पहले से सुदृढ़ हो रहा स्वास्थ्य तंत्रः मंगल पांडेय

**चौथी वाणी/पटना।** 4954 एएनएम बहनों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिन बिहार के स्वास्थ्य विभाग के लिए ऐतिहासिक और अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और डबल इंजन की सरकार के सतत प्रयासों से आज स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार गांव-गांव तक प्रभावी रूप से हो रहा है, जिससे आमजन को बेहतर और सुलभ इलाज सुनिश्चित हो पा रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा की गई इस बड़ी नियुक्ति से स्वास्थ्य व्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने बताया कि 4954 एएनएम में से 4197 को स्वास्थ्य उपकेंद्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में, 458 को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) में तथा 299 को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद राज्य में 2250 नए स्वास्थ्य उपकेंद्र क्रियाशील हो जाएंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और मजबूत होगी। सीएम नीतीश के मार्गदर्शन में पिछले एक दशक में बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था में व्यापक बदलाव आया है। आज राज्य के 14,600 से अधिक गांवों और पंचायतों में स्वास्थ्य उपकेंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले जहां अस्पतालों में मरीजों की संख्या बहुत कम थी, वहीं अब हजारों मरीज हर महीने इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जो जनता के बढ़ते विश्वास को दशार्ता है।

## मणिपुरः बम विस्फोट में दो बच्चों की मौत के बाद तीन कुकी उग्रवादी गिरफ्तार

**इम्फाल (एजेंसी)।** मणिपुर के बिश्नुपुर जिले में हुए घातक बम हमले में दो छोटे बच्चों की मौत और उनकी मां के घायल होने के एक दिन बाद, सुरक्षा बलों ने बुधवार को पड़ोसी चुराचांदपुर जिले में संयुक्त अभियान के दौरान यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार आतंकवादियों की पहचान जंपाओ कुकी, ससंग और पाउलालेम वैफाई के रूप में की गई है। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी के सदस्यों से हथियार और गोला-बारूद जब्त किया। जब्त किए गए सामान में एक एके-47 राइफल मैगजीन के साथ और 25 राउंड की गोलियां, एक पिस्तौल दो मैगजीन और 15 राउंड के साथ, 20,100 रुपए नकद और 21.19 किलो कच्चे अफीम सहित दो नशीले पदार्थों के बोरे शामिल हैं। इसी चुराचांदपुर जिले के




मोल्फेई तंपाक इलाके में अतिरिक्त हथियार भी बरामद किए गए, जिनमें एक एमपी-9 ऑटोमैटिक राइफल, एक पिस्तौल मैगजीन के साथ, दो लेथोड ट्यूब, एक पंपी (स्थानीय रूप से बनाई गई तोप) और पांच 70 मिमी कारतूस शामिल हैं। मंगलवार की रात 1 बजे के करीब बिश्नुपुर जिले के ट्रोंगलाओबी अवांग लेकाई गांव में कथित रूप से कुकी आतंकवादियों द्वारा एक घर में शक्तिशाली बम फेंका गया। विस्फोट में पांच साल के लड़के और उसकी पांच महीने की बहन की मौके पर ही मौत हो गई।

## अमेरिका-ईरान दो हफ्ते के संघर्ष विराम पर सहमत

# इजराइल भी राजी, होर्मुज में शांति की आहट, इस्लामाबाद वार्ता की तैयारी

**वाशिंगटन/तेल अवीव/लेबनान/इस्लामाबाद (एजेंसी) :** अमेरिका और ईरान दो सप्ताह के संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। ईरान के 10 सूत्री प्रस्ताव पर यह समझौता राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की समयसीमा से दो घंटे से भी कम समय पहले हुआ।

ट्रंप ने मंगलवार की समय सीमा तय करते हुए तेहरान से होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने या फिर समूची सभ्यता को मिटा दिए जाने का सामना करने की चेतावनी दी थी। मंगलवार देर रात ट्रंप की सहमत होने की घोषणा उनकी असाधारण चेतावनी से एकदम उलट रही। यह घोषणा पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के मध्यस्थता प्रयासों के बाद सामने आई। गल्फ न्यूज, अल जजीरा, तसनीम, सीबीएस न्यूज और सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने पुष्टि की है कि अगले दो हफ्तों तक होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति ईरानी सेना के प्रबंधन में दी जाएगी। अराकची ने बुधवार तड़के अपने एक्स हैंडल पर ईरान के सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की ओर से युद्ध में प्रस्तावित युद्ध विराम के बारे में बयान जारी किया। इसमें कहा गया है कि अमेरिका के 15 और ईरान के 10 सूत्री प्रस्ताव के बाद शांति का यह अवसर मिला है। बयान में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और सैन्य प्रमुख का आभार जताया गया है। इसमें कहा गया है कि दो सप्ताह की अवधि के लिए ईरान के सशस्त्र बलों के साथ समन्वय और तकनीकी सीमाओं का ध्यान रखते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित मार्ग संभव होगा। उल्लेखनीय है कि अमेरिका-इजराइल के 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ शुरू किए गए सैन्य अभियान में अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई, कई वरिष्ठ सैन्य कमांडरों की मौत हो गई थी। इसके बाद छिड़ा युद्ध खाड़ी देशों तक फैल गया। होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान ने कड़ा पहरा बैठा दिया। जहाजों के आवागमन पर रोक लगा दिया।

## आवश्यकता

**चौथी वाणी के लिए मुजफ्फरपुर, अरवल, किशनगंज, गया, खगड़िया, भागलपुर एवं अन्य जिलों में जिला ब्यूरो प्रभारी की आवश्यकता हैं**

**इच्छुक पत्रकार Chauthivanii@gmail.com पर अपना पूरा डक्यूमेंट के साथ संपर्क करें।**

ज्योति प्रकाश भवन, जकरियापुर एसएफसी कॉलोनी, जीरो माइल गंगा पेट्रोल पंप के नजदीक, पटना

**संपर्क : 9835055017/7004145686**

## संक्षिप्त खबरें

### रिवाह बाए तनिष्क ने पेश किया मैथिली कलेक्शन

**चौथी वाणी/पटना।** अक्षय तृतीया के अवसर पर तनिष्क का वेडिंग ज्वेलरी सब-ब्रांड रिवाह बाए तनिष्क ने अपना विशेष ब्राइडल ज्वेलरी कलेक्शन मैथिली पेश किया है। क्षेत्र की संस्कृति की झलक दिखाता हुआ यह कलेक्शन मधुबनी कला की शाश्वत सुंदरता से प्रेरित है। मधुबनी कला के पक्षियों, साथियों, गीतों और परंपराओं से प्रेरित इस कलेक्शन में कमल, मोर और मछली जैसे सुंदर रूपांकनों को सोने की कलाकृतियों में बहुत ही खूबसूरती से उतारा गया है। 18 कैरेट सोने का यह वेडिंग कलेक्शन सूक्ष्म कलाकारी और आधुनिक कारीगरी का एक बेहतरीन संगम है। बारीक फिलीग्री, जटिल रवा कारीगरी और प्रतीकात्मक बारीकियों से इस कलेक्शन को सजाया गया है। यह सिर्फ आभूषण नहीं, अटूट साथ की निशानी और दुल्हन के खूबसूरत सफर की कहानी हैं।

### सैमसंग का बीस्पोक एआई विंडफ्री प्रो एसी लांच

**चौथी वाणी/पटना।** कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने होम कूलिंग में अपने नए प्रोडक्ट 5 मोशन विंड के साथ बीस्पोक एआई विंडफ्री प्रो एयर कंडीशनर लांच किया है। यह प्रीमियम एसी आधुनिक लग्जरी डिजाइन के साथ आता है, जो आज के जमाने के लिविंग स्पेस के लिए खासतौर पर तैयार किया गया है। इस एसी में एडवांस्ड मोशन विंड टेक्नोलॉजी, एआई-पावर्ड कूलिंग इंटेलिजेंस और विंडफ्री कूलिंग का संयोजन है, जो लग्जरी और पर्सनलाइज्ड कूलिंग अनुभव देता है। कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट-डिजिटल अप्लायंसेज, घुफरान आलम ने कहा कि हमारा नया बीस्पोक एआई विंडफ्री प्रो एसी प्रिसीजन एयरफ्लो और स्मार्ट टेक्नोलॉजी को जोड़कर तेज कूलिंग, ड्राफ्ट-फ्री कम्फर्ट और बिजली की बेहतर बचत देता है।

### फिटनेस की तरह ओरल केयर पर भी दें ध्यान

**चौथी वाणी/पटना।** अक्सर लोग जिम ज्वाइन करके या खान-पान बदलकर अपनी फिटनेस पर तो दोबारा ध्यान देते हैं, लेकिन दांतों की देखभाल (ओरल केयर) को लेकर वैसी गंभीरता नहीं दिखाते। प्रमुख स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. सोनिया दत्ता इस अंतर की ओर इशारा करती हैं। उनके अनुसार, बचपन में सीखी गई ब्रश करने की आदतें सालों-साल चलती रहती हैं, जबकि समय के साथ हमारी जरूरतें बदल जाती हैं। साथ ही उन्होंने रोजाना की ओरल हाइजीन को बेहतर बनाने के लिए डाबर रेड पेस्ट जैसे भरोसेमंद समाधानों के इस्तेमाल पर भी जोर दिया हैं, जो आयुर्वेदिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान का एक बेहतरीन मेल है।

### आयरन ओर में आत्मनिर्भरता जरूरी

**चौथी वाणी/पटना।** वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने प्रधानमंत्री के 300 मिलियन टन स्टील उत्पादन के लक्ष्य का समर्थन करते हुए देश को आयरन ओर के मामले में आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत को बड़े स्तर पर आयरन ओर उत्पादन बढ़ाना होगा। सोशल मीडिया पर साझा अपने विचारों में अग्रवाल ने बताया कि 300 मिलियन टन स्टील उत्पादन के लिए करीब 800 मिलियन टन आयरन ओर की जरूरत पड़ेगी। उन्होंने चिंता जताई कि मौजूदा उत्पादन के आधार पर देश को अपनी जरूरत का लगभग 75 प्रतिशत आयरन ओर आयात करना पड़ सकता है।

### स्किल आउटकम्स फंड बनाने के लिए अभियान शुरू

**चौथी वाणी/पटना।** कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने स्किल्स आउटकम्स फंड बनाने के अभियान की शुरूआत की। यह अपनी तरह की पहली पहल है, जिसका उद्देश्य कम आय वाले पृष्ठभूमि के युवाओं के लिए आकांक्षी आजीविका के अवसरों को अनलॉक करना है। इस फंड का उद्देश्य भारत के स्किलिंग इकोसिस्टम में आउटकम्स-बेस्ड फाइनेंसिंग (ओबीएफ) को बढ़ाने के लिए पब्लिक और प्राइवेट कैपिटल जुटाना है, जो निवेश को सीधे वेरिफाइड एम्प्लॉयमेंट आउटकम्स से जोड़ता है।

### वित्त वर्ष 2027 तक नीतिगत दर रह सकती है अपरिवर्तित

**चौथी वाणी/पटना।** अनिश्चित भू-राजनीतिक परिदृश्य की पृष्ठभूमि में आरबीआई ने अपनी नीति में प्रतिक्रियावादी होने के बजाय धैर्य रखने का विवेकपूर्ण विकल्प चुना और अपने रुख और नीतिगत दर को अपरिवर्तित रखा। नीति का रुख संतुलित था और इसमें किसी भी प्रकार की आक्रामक नीति से परहेज किया गया था। जैसा कि उम्मीद की थी, इस समय कोई भी चरम या अप्रत्याशित उपाय घोषित नहीं किए गए। उक्त बातें एचडीएफसी बैंक की प्रधान अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक ने मुद्रास्फीति के बढ़ते जोखिमों को स्वीकार करते हुए (ऊर्जा की उच्च लागत के कारण) वित्त वर्ष 2027 के लिए अपने पूर्वानुमान को बढ़ा दिया है, जबकि विकास को लेकर सतर्कता बरती है।

### विभाग ने की गन्ना किसानों से रजिस्ट्रेशन कराने की अपील

**चौथी वाणी/पटना।** राज्य सरकार द्वारा गन्ना किसानों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए पंजिकरण कराना आवश्यक है। इसके बाद ही उन्हें गन्ना विभाग के माध्यम से संचालित योजनाओं का लाभ मिलेगा। इसके लिए विभाग ने राज्य के गन्ना किसानों से शीघ्र रजिस्ट्रेशन कराने की अपील किया है। विदित हो कि बिहार सरकार ने राज्य के गन्ना किसानों के हित लिए कई योजनाएं शुरू की है, जिसमें मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजना, गन्ना यंत्रीकरण योजना, बिहार राज्य गुड़ उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्रम आदि शामिल है। ताकि किसानों को गन्ना की खेती करने में आसानी हो सके और उनका आय बढ़ सके। गन्ना यंत्रीकरण योजना के तहत गन्ना की बुआई से लेकर गन्ना की कटाई तक के लिए अत्याधुनिक यंत्रों की खरीद पर सरकार 50 से 60 फीसदी तक अनुदान दे रही है।

### डीएम ने की एलपीजी आपूर्ति, वितरण एवं पीएनजी कनेक्शन में प्रगति की समीक्षा

**चौथी वाणी/पटना।** जिला पदाधिकारी द्वारा वरीय पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, सभी पुलिस अधीक्षकों, अनुमंडल पदाधिकारियों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, अपर जिला दंडाधिकारी आपूर्ति, विशिष्ट पदाधिकारी अनुभाजन, गैस कंपनियों के अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों के साथ एलपीजी गैस की आपूर्ति एवं वितरण की समीक्षा की गई तथा इसकी उपलब्धता, बुकिंग एवं डिलिवरी की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया गया। पदाधिकारियों को उपभोक्ताओं की हर सुविधा का ध्यान रखने, पारदर्शी तरीके से एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा कालाबाजारी, होर्डिंग, ओवरप्राइसिंग एवं अवैध उपयोग की शिकायत आने पर ऐसे कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध तुरत प्राथमिकी दर्ज करने एवं गिरफ्तार करने के साथ गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों को उत्तरदायित्वपूर्ण तरीके से कार्य करने का निदेश दिया गया। डीएम ने नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों का विधिवत एवं त्वरित गति से निष्पादित करने तथा पब्लिक डोमेन में आने वाली अफवाहों का तुरंत खंडन करने का निदेश दिया।

### छात्र छात्राओं के बेहतर भविष्य बनाने में इंटर्नशिप महत्वपूर्ण : डॉ सुहेली



**पटना (चौथी वाणी)/** पटना - नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पटना विश्वविद्यालय के वाणिज्य महाविद्यालय पटना एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन के बीच इंटर्नशिप को लेकर एमओयू हुआ है । मौके पर उपस्थित कॉलेज के प्राचर्या डॉ सुहेली मेहता ने कहा कि नई शिक्षा नीति में छात्र छात्राओं के लिए इंटर्नशिप बहुत ही लाभकारी साबित हो रहा है । इससे छात्र छात्राओं को सर्वांगीण विकास में काफी मददगार है । किताब के साथ साथ चरित्र निर्माण, जीवन कौशल पर विशेष बल दिया जा रहा है । कॉलेज के छात्राओं को एक्सपोजर विजिट कराया जायेगा । इंटर्नशिप से छात्र छात्राओं के बहुमुखी विकाश हो रहा है । व्यवहारिक शिक्षा जीवन मे महत्वपूर्ण है । वही प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि इंटर्नशिप छात्र छात्राओं के हित मे उठाया गया बहुत बड़ा कदम है । फाउंडेशन डिजाइन फॉर चेंज, युवा नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास, जलवायु परिवर्तन, सायबर सुरक्षा, आपदा प्रवंधन , एनजीओ मैनेजमेंट के विषय पर 30 एवं 60 से लेकर 120 घँटा का इंटर्नशिप कराया जा रहा है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण निणर्य लिया है और सभी छात्र छात्राओं के लिए इसे अनिवार्य कर उन्हें सक्षम बनाया जा रहा है । फाउंडेशन अपने इंटर्न को मेधा के आधार पर देश विदेश में एक्सपोजर विजिट के लिए भेजता ।मौके पर फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर सन्नी कुमार मौजूद रहे ।

# बिहार में मत्स्य पालन और डेयरी क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई गति

**पटना में स्थापित होगा एनएफडीबी का क्षेत्रीय कार्यालय**

**केंद्रीय मंत्री ललन सिंह की अध्यक्षता में हुई**



**चौथी वाणी/नई दिल्ली/पटना।** नई दिल्ली के कृषि भवन में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक आहूत की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य बिहार में मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र के समग्र विकास की समीक्षा करना तथा केंद्रीय योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना था। बैठक में निर्णय लिया गया कि बिहार के मत्स्य पालकों और उद्यमियों को तकनीकी सहायता एवं योजनाओं का लाभ सुगमता से पहुंचाने हेतु राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी), हैदराबाद का क्षेत्रीय कार्यालय पटना में स्थापित किया जाएगा। क्षेत्रीय कार्यालय के लिए जब तक भवन चिह्नित नहीं कर लिया जाता है, तब तक मीठापुर स्थित मत्स्य भवन से इसका संचालन करने का निर्णय किया गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, पीएम मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना और मत्स्य पालन एवं एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के सुचारू संचालन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बिहार के विभागीय सचिव शीर्षत कपिल अशोक ने भाग लिया और राज्य में इन क्षेत्रों में हो रही प्रगति का विवरण साझा किया। बैठक के उपरांत सचिव ने भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गहन विचार-विमर्श किया। उन्होंने मत्स्य पालन विभाग के सचिव डॉ. अभिलक्ष लिखी, संयुक्त सचिव सागर मेहरा, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के सचिव नरेश पाल गंगवार, अपर सचिव वर्षा जोशी, संयुक्त सचिव राम शंकर सिन्हा तथा एनएफडीबी के मुख्य कार्यकारी डॉ. विजय कुमार बेहरा से मुलाकात की।

## पार्किंग और होर्डिंग प्रबंधन से नगर निकायों के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि : विजय

**92 करोड़ की बंदोबस्ती से सुदृढ़ हुई पार्किंग व्यवस्था**

**चौथी वाणी/पटना।** उप मुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने नगर निकायों में राजस्व सुदृढ़ीकरण एवं शहरी व्यवस्थाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के सिलसिले में पार्किंग और होर्डिंग प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के 19 नगर निगम, 89 नगर परिषद एवं 156 नगर पंचायतों में पार्किंग प्रबंधन को व्यवस्थित करते हुए कुल 87 करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व का सफलतापूर्वक संग्रहण किया गया है। साथ ही, पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं सुचारु बनाए रखने के लिए कुल 92 करोड़ रुपये से अधिक की बंदोबस्ती की गई है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि नगर निकायों की वित्तीय सुदृढ़ता को नई दिशा प्रदान करती है तथा आत्मनिर्भर शहरी निकायों की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

श्री सिन्हा ने आगे बताया कि शहरी क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अवैध पार्किंग के विरुद्ध अभियान चलाते हुए कुल 59 मामलों में नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। इसके अतिरिक्त, अवैध होर्डिंग के विरुद्ध भी व्यापक स्तर पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि 12 नगर निगम, 46 नगर परिषद एवं 68 नगर पंचायतों में अवैध होर्डिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दंड स्वरूप कुल 20 लाख रुपये से अधिक की वसूली की गई है। साथ ही, होर्डिंग प्रबंधन को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के लिए लगभग 44 लाख रुपये की बंदोबस्ती भी की गई है। इस पहल से शहरी सौंदर्यीकरण को बढ़ावा मिलने के साथ नगर निकायों के राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए मंत्री ने किया वेबसाइट का शुभारंभ



**चौथी वाणी/पटना।** पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद द्वारा बिहार आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि के नियंत्रणाधीन होटलो में सुविधाजनक आवासन हेतु आज वेबसाइट का शुभारंभ किया गया। मुख्य सचिवालय स्थित पर्यटन मंत्री कार्यालय में इस अवसर पर पर्यटन सचिव निलेश रामचंद्र देवरे और प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, नंद किशोर भी उपस्थित थे।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि बीएसटीडीसीएमआईएस.बिहार.गव.इन पर सुविधाजनक ऑनलाईन बुकिंग कराने तथा बेहतर प्रबंधन हेतु ऑनलाइन बुकिंग सॉफ्टवेयर एंड मेनेजमेंट इंफोर्मेशन सेंटर से लैस यह वेबसाइट विकसित की गई है। इस वेबसाइट से निगम के नियंत्रणाधीन 38 होटलों (अनुज्ञप्ति के आधार पर संचालित परिसंपत्ति एवं स्वयं संचालित परिसंपत्ति) के बुकिंग एवं उससे संबंधित जानकारी बिहार आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को प्राप्त हो सकेगी। जिससे उन्हें विभिन्न पर्यटन स्थलों पर आवासन के लिए होटल का चयन किए जाने में काफी सुविधा होगी। इस अवसर पर राजेश रौशन, संयुक्त निदेशक, पर्यटन निदेशालय एवं पर्यटन विभाग, पर्यटन निगम के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## तेजस्वी का इस्तकबालिया समारोह 11 को




**चौथी वाणी/पटना।** राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी ने राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनवर आलम, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के मोहिबुल हसन हीरा की उपस्थिति में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 11 अप्रैल को राजधानी के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का इस्तकबालिया (अभिनंदन) समारोह आयोजित किया गया है। फातमी ने आगे कहा कि राजद अकलियतों के हित में लालू जी के विचारों के आधार पर उनके हक व अधिकार की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने हमेशा अल्पसंख्यकों को अधिकार एवं सम्मान देने का काम किया है। लालू के विचारों पर बिहार के मुसलमानों का विश्वास पूरी तरह से मजबूत रहा है और आगे भी रहेगा। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद ने कभी भी अपने राजनीतिक हित के लिए भाजपा और सांप्रदायिक शक्तियों से समझौता नहीं किया और उसी राह के राही के तौर पर तेजस्वी उनके विचार को आगे बढ़ा रहे हैं। 17 महीने के कार्यकाल में उन्होंने अकलियतों के हक में जो कार्य किए हैं, उससे अल्पसंख्यक समाज का विश्वास राजद के प्रति और मजबूत हुआ है।

## रोबोटिक सर्जरी जटिल प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी ढंग से करने में सक्षम



**चौथी वाणी/पटना।** अगली पीढ़ी की सर्जिकल देखभाल पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई ने मेडिवर्सल हॉस्पिटल के सहयोग से रोबोटिक सर्जरी में हुई प्रगति पर गांधी मैदान स्थित मेडिवर्सल हेल्थ स्टुडियो में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। अपोलो हॉस्पिटल्स के डॉ. गौतम कृष्णमूर्ति ने जटिल प्रक्रियाओं के प्रबंधन में रोबोटिक सर्जरी के बढ़ते उपयोग और नैदानिक प्रभावशीलता पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. कृष्णमूर्ति ने कहा कि रोबोटिक सहायता प्राप्त सर्जरी विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों में शल्य चिकित्सा को नया रूप दे रही है। यह बेहतर सटीकता, उन्नत दृश्यता और अधिक नियंत्रण के साथ सर्जन जटिल प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी ढंग से करने में सक्षम हैं। जैसे-जैसे इसका उपयोग बढ़ता जा रहा है, जागरूकता बढ़ाना यह सुनिश्चित करने की कुंजी होगी कि अधिक से अधिक मरीज इन उन्नत शल्य चिकित्सा विकल्पों से लाभान्वित हों। रोबोटिक सहायता प्राप्त सर्जरी के कई प्रमुख लाभ हैं, जिनमें छोटे चीरे, न्यूनतम रक्तस्राव, जटिलताओं का कम जोखिम, ऑपरेशन के बाद कम दर्द, अस्पताल में कम समय तक रहना और दैनिक गतिविधियों में शीघ्र वापसी शामिल हैं। इस मौके पर सह संस्थापक जयंत गांधी ने कहा कि मेडिवर्सल अस्पताल के सहयोग से अपोलो हॉस्पिटल्स का उद्देश्य बिहार के मरीजों को उन्नत शल्य चिकित्सा विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी तक पहुंच प्रदान करना है।

## विकासात्मक योजनाओं की पहुंच पंचायत स्तर तक सुनिश्चित करें : डॉ. प्रमोद

**सहकारिता मंत्री ने नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय का किया दौरा**

**चौथी वाणी/पटना।** सहकारिता सह पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने बुधवार को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के बिहार क्षेत्रीय कार्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर बिहार राज्य में नाबार्ड के द्वारा संचालित विभिन्न पहलों तथा राज्य में सहकारी संस्थाओं के विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की गई। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह ने मंत्री को बिहार में नाबार्ड की गतिविधियों, सहकारी बैंकों की वित्तीय स्थिति तथा नाबार्ड के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न वित्तीय एवं विकासात्मक योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी।

मंत्री ने कृषि एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नाबार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने नाबार्ड को निदेशित किया कि वह अपनी विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की पहुंच पंचायत स्तर तक सुनिश्चित करने हेतु व्यापक जागरूकता अभियानों के साथ-साथ लाभार्थियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद को सुदृढ़ करे। मंत्री ने नाबार्ड द्वारा सहकारी बैंकों को पुनर्वित्त उपलब्ध कराने, विकासात्मक सहयोग प्रदान करने, प्राथमिक कृषि साख समितियों के कंप्यूटरीकरण, पीएसीएस को विभिन्न अनुदान-आधारित योजनाओं से जोड़ने के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने सहकारी बैंकों एवं पीएसीएस से संबंधित विभिन्न मुद्दों के समाधान हेतु सरकार द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।

## इनरव्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा ने 40 वर्ष पूर्ण होने पर एम्बुलेंस समर्पित कर सामाजिक सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया



**पटना (चौथी वाणी)/** इनरव्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा ने अपने गौरवशाली 40 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक सराहनीय सामाजिक पहल करते हुए महावीर वरिष्ठ नागरिक अस्पताल को एक आधुनिक एम्बुलेंस समर्पित की। इस नेक कार्य से अस्पताल की सेवाएं और सशक्त होंगी। अस्पताल के प्रबंधक डॉ. निखिल गोयल ने क्लब की सदस्याओं को धन्यवाद देते हुए कहा, "यह एम्बुलेंस क्लब के सदस्यों के सामूहिक सहयोग और समर्पण का प्रतीक है। हम इस योगदान के लिए हृदय से आभारी हैं।" कार्यक्रम में एम.पी. जैन ने बताया कि इनरव्हील डिस्ट्रिक्ट 325 की चेयरमैन रश्मि गुप्ता, पीडीसी श्वेता सिंन्हा, डिस्ट आईएसओ विभा चरणपहाड़ी, डिस्ट एडिटर नीलू अरोड़ा, क्लब की प्रेसिडेंट शीतू गांधी, सेक्रेटरी नीलांजना, वाईस प्रेसिडेंट अपर्णा भारती, आईएसओ सुधा बिदेसरिया, एडिटर रेखा सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से यह महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। एम्बुलेंस समर्पण के बाद क्लब द्वारा 40वें चार्टर डे के उपलक्ष्य में एक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। रेनबो होम्स अनाथालय की बालिकाओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उनकी कला को प्रोत्साहित करने के लिए क्लब की पास्ट प्रेसिडेंट स्वाति मोदी के सौजन्य से उन्हें एक हारमोनियम भेंट किया गया। इस अवसर पर क्लब के 20 से अधिक पास्ट प्रेसिडेंट्स ने भाग लिया। क्लब की प्रेसिडेंट शीतू गांधी एवं उनकी टीम ने सभी पूर्व अध्यक्षों को सम्मानित किया तथा उनके अमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गिरिडीह से पधारी डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रश्मि गुप्ता ने क्लब द्वारा पिछले 40 वर्षों में किए गए समाजसेवी कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन न केवल सेवा भावना का प्रतीक बना, बल्कि क्लब की एकता, समर्पण और समाज के प्रति जिम्मेदारी को भी दर्शाता है।

# भारत-नेपाल सीमा के बैंकों में लगेंगी नोट सॉर्टिंग मशीनें : मुख्य सचिव

**चौथी वाणी/पटना।** बिहार में जाली नोटों के कारोबार को रोकने के लिए सरकार ने पहल शुरू की है। बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने भारत-नेपाल सीमा के समीप स्थित बैंक शाखाओं में नोट सॉर्टिंग मशीन अनिवार्य रूप से लगाए जाने के निर्देश दिए हैं, जिससे जाली नोटों के संचलन पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।



मुख्य सचिव ने सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने और आम जनता की सुविधा के लिए अधिक से अधिक करेंसी एक्सचेंज केंद्र स्थापित करने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने बुधवार को 40वीं राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह भी कहा कि राज्य में सहकारी बैंकों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और सुधार के लिए नियमित अंतराल पर समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएं। बैठक में बैनिंग ऑफ अनरेगुलेटेड डिपॉजिट स्कीम्स एक्ट 2019 और बिहार प्रोटेक्शन ऑफ इंटरेस्ट्स ऑफ डिपॉजिटर्स एक्ट 2002 के कार्यान्वयन की भी समीक्षा की गई तथा आर्थिक अपराध इकाई को दोषी संस्थाओं के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक सुजीत कुमार अरविंद ने बताया कि अब बैंकों द्वारा की जाने वाली वास्तविक कॉल 1600 से शुरू होने वाले नंबरों से आएंगी। साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि बैंकों की आधिकारिक वेबसाइट के लिंक के अंत में आई एन (इन) होना अनिवार्य है, जिससे आम जनता असली और नकली वेबसाइट के बीच अंतर कर सके। आरबीआई ने डिजिटल पेमेंट्स इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म के बारे में बताया, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से वास्तविक समय में धोखाधड़ी का पता लगाने और संदिग्ध संस्थाओं को चिह्नित करने में सक्षम है। बैठक में वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर और विशेष सचिव मुकेश कुमार लाल सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### वैशाली विधायक चिन्तामनीपुर पहुच अग्निपीड़ित से मिले

**गोरौल (चौथी वाणी)।** वैशाली विधानसभा के चिंतामणिपुर महादलित टोला में बीते सोमवार को हुए अग्निकांड के पीड़ितों से मिलने विधायक सिद्धार्थ पटेल पहुचे।जहा उपस्तिथ सीओ सहित अन्य पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश



दिए।जहा अग्निपीड़ित गोनौर राम ,मनोज राम, रविरंजन कुमार, मोतीराम, बलिंदर राम, दिनेश राम, महेश राम, मुकेश राम, रामजी राम, बबलू राम, श्यामजी राम, राजू कुमार,मोती राम, किरण देवी, बलिंदर राम, महेश राम, बबलू राम सहितअन्य से मिकलर जानकारी लिया।विदित हो कि वैशाली थाना क्षेत्र के चिंतामणिपुर पंचायत के चिंतामणिपुर गांव के महादलित टोला वार्ड नंबर दो में सोमवार को जहां दोपहर खाना बनाने के दौरान आग लग गयी थी।उसके उपरांत नगवा गांव निवासी अनिल साह से मिलने पहुचे।अनिल साह सड़क दुर्घटना में करीब 9 माह पूर्ब बुरी तरह जख्मी हो गए थे,कोमा में चले गए थे।अब सामान्य रूप से स्वथ्य है।साथ ही गोरौल के व्यासचक गांव निवासी व वार्ड संघ के अध्यक्ष व समाजसेवी सुरेश प्रसाद सिंह के निधन पर उनके श्रद्धाजंलि सभा मे भाग लिया ।उनके परिजन से मिलकर सांत्वना दिया। इनके साथ बीस सूत्री अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह, प्रेम कुमार निषाद,दशरथ सिंह,शैलेन्द्र कुमार सिंह,अनुकान्त सिंह सहित अन्य शामिल थे।

### अवैध हथियार रखकर फसाने वाले दो अपराध कर्मियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राघोपुर / वैशाली (चौथी वाणी)/** राघोपुर प्रखंड क्षेत्र के जुड़ावनपुर थाना को गुप्त सूचना मिली कि चकसिंगार पंचायत के रामपुर करारी_ बरारी गांव के वार्ड संख्या 8 निवासी वकील राय पिता हरवंश राय के दलान में अवैध हथियार रखा हुआ है । प्राप्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस




अधीक्षक वैशाली के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर -एक हाजीपुर श्री सुबोध कुमार के नेतृत्व में जुड़ावनपुर थाना पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाइ करते हुए जब उक्त स्थल के समीप पहुंची ।तभी दलान में दो व्यक्ति कपूर्री राय पिता बालेश्वर राय तथा गुड्डू कुमार पिता बिंदेश्वर राय पुलिस को देखते ही तेजी से भागने लगे हैं । जिन्हें खदेड़ कर पकड़ लिया गया ।उक्त दलान कि जब तलाशी ली गई तो भूसा भरे बोरा के नीचे से कपड़ा में लिपटा एक देसी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ । गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि वकील राय पिता हरिवंश राय से हमारी जमीनी विवाद चल रहा है एवं उसे फसाने के लिए हम दोनों अवैध आग्नेयास्त्र को दलान में छुपाए गए थे ।उसी क्रम में जुड़ावनपुर थाना की पुलिस द्वारा इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया । इस संदर्भ में जुड़ावनपुरथाना कांड संख्या 78 /26 दर्ज कर गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में हाजीपुर जेल भेज दिया गया ।

### राघोपुर में पांच देसी शराब की भट्ठियाँ ध्वस्त

**राघोपुर / वैशाली (चौथी वाणी)** राघोपुर प्रखंड क्षेत्र के रुस्तमपुर थानान्तर्गत सुकुमारकर दियारा क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे पुलिस ने 5 देसी शराब की भट्ठियां ध्वस्त किया। घटना के संबंध मे रुस्तमपुर थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि सुकुमारपुर दियारा क्षेत्र के गंगा नदी किनारे अवैध देसी शराब बनाने का कारोबार काफी फल फूल रहा है ।सूचना मिलते ही रुस्तमपुर थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार पुलिस बल के साथ सुकुमारपुर दियारा क्षेत्र के गंगा नदी किनारे पांच देसी शराब की भट्ठियां, 15 हजार लीटर कच्चा जावा ,दर्जनों प्लास्टिक ड्रम एवं टीन ड्रम तथा शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले सभी उपकरणों को घटनास्थल पर ही आग लगाकर नष्ट कर दिया । पुलिस की छापामारी की भनक मिलते ही सभी भट्ठी संचालक फरार हो गया ।

### एन एच-22 पर अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा

**भगवानपुर/वैशाली (चौथी वाणी)।** हाजीपुर -मुजफ्फरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-22 पर भगवानपुर थाना क्षेत्र के एल एन कॉलेज भगवानपुर की निकट सिलिका हेल्थ केयर कम्पनी मोड़ पर अनियंत्रित होकर एक ट्रक गढ्ढे में पलट गया। बाल-बाल बचे ड्राइवर खलासी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त



ट्रक सिलिका हेल्थ केयर कम्पनी का ही कच्चा मटेरियल लेकर तेज गति से आ रहा था,उसी दौरान मोड़ पर सड़क किनारे गढ्ढे में पलटी मार दिया। उक्त दुर्घटना में किसी व्यक्ति को घायल होने की सूचना नहीं है।ट्रक के ड्राइवर और खलासी किसी तरह अपनी जान बचा लिए। घटना स्थल पर स्थानीय भगवानपुर थाना पुलिस पहुंचकर दुर्घटना ग्रस्त ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया एवं घटना की जांच में जुट गई।

### टावर पर चढ़कर अवैध मांगें मनवाने वालों पर सख्ती, जिला प्रशासन ने दी चेतावनी

**हाजीपुर(चौथी वाणी)।** जिला पदाधिकारी के निर्देश पर महनार अनुमंडल क्षेत्र में बिजली एवं मोबाइल टावर पर चढ़कर गलत तरीके से मांग रखने की घटनाओं को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है और संबंधित मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है।चांदपुरा थाना क्षेत्र के एक मामले में एक व्यक्ति द्वारा मोबाइल टावर पर चढ़कर अनैतिक मांग रखने के आरोप में थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 324, 270, 226, 329 तथा टेलीकम्युनिकेशंस एक्ट, 2023 की धारा 42 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।इसी प्रकार बिजली टावर पर चढ़ने की एक अन्य घटना में, संबंधित लड़की के नाबालिग होने के कारण उसकी बड़ी बहन, जिस पर उकसाने का आरोप है, के खिलाफ भी विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।जिला प्रशासन ने सभी वैशाली वासियों से अपील की है कि वे इस तरह के खतरनाक और अवैध कृत्यों से दूर रहें। टावर पर चढ़कर मांग मनवाना, आत्मघाती कदम उठाना, दूसरों को उकसाना, सरकारी कार्य में बाधा डालना या कानून-व्यवस्था बिगाड़ना गंभीर अपराध है, जिन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुस्तफापुर के छात्रों द्वारा बाल संसद की कार्यवाही का सफल आयोजन किया गया




**हाजीपुर (चौथी वाणी)/** वैशाली जिले के चेहराकलां प्रखण्ड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुस्तफापुर उर्दू के प्रांगण में विद्यालय के छात्रों द्वारा बाल संसद की कार्यवाही का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर प्राप्त किया राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुस्तफापुर उर्दू के प्रांगण में बाल संसद की कार्यवाही का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर प्राप्त किया।

कार्यक्रम की शुरूआत औपचारिक रूप से की गई, जिसमें बाल संसद के विभिन्न पदों पर चयनित विद्यार्थियों ने अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन किया। बच्चों ने मंत्री, अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों की भूमिका निभाते हुए विद्यालय से जुड़ी समस्याओं एवं उनके समाधान पर चर्चा की। स्वच्छता, अनुशासन, नियमित उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता तथा खेल-कूद जैसी महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्नोत्तर एवं विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर नोडल शिक्षक टिंकू ठाकुर ने बाल संसद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे बच्चों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। कौशल और समस्या समाधान की क्षमता विकसित होती है, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश दिया गया कि बाल संसद

## विद्वानों की संगति से ज्ञान मिलता है: आचार्य सुजीत

**वैशाली (चौथी वाणी)** रुसुलपुर कोरिगांव में चल रहे रुद्र महायज्ञ के पंचम दिवस यज्ञाचार्य सुजीत शास्त्री (मिट्ठू बाबा) ने बताया कि विद्वानों की संगति से ज्ञान मिलता है, ज्ञान से विनय, विनय से लोगों का प्रेम और लोगों के प्रेम से क्या नहीं प्राप्त होता ? अर्थात प्रेम से सब कुछ पा सकते है। और परमेश्वर विद्वानों की संगति से प्राप्त होता है। अज्ञानी व्यक्ति की संगति ही नरक है।सत्संगति बुद्धि के अंधकार को हरती है, वचनों को सत्य की धार से सींचती है, मान को बढ़ाती है, पाप को दूर करती है, चित्त को प्रसन्न रखती है और चारों ओर यश फैलाकर मनुष्यों को क्या क्या लाभ नहीं पहुंचाती ?



इसके अलावा जिवन मे सफलता के तीन रहस्य हैं- योग्यता, साहस और कोशिश। योग्यता से बिताए हुए जीवन को हमें वर्षों से नहीं बल्कि कर्मों के पैमाने से तौलना चाहिए। जो लोग अपनी प्रशंसा के भूखे होते हैं, वे साबित करते हैं कि उनमें योग्यता नहीं है। लगन और योग्यता एक साथ मिलें तो निश्चय ही एक अद्वितीय रचना का जन्म होता है। चाहे आप में कितनी भी योग्यता क्यों न हो, केवल एकाग्रचित्त होकर ही आप महान कार्य कर सकते हैं। कोई भी व्यक्ति जो सुंदरता को देखने की योग्यता को बनाए रखता है, वह कभी भी वृद्ध नहीं होता है। धन उत्तम कर्मों से उत्पन्न होता है, योग्यता, साहस तथा दृढ़ निश्चय से फलता फूलता है, और संयम से टिकाउ होता है।यज्ञ में उपाचार्य विपुल भारद्वाज, पंडित सुदीप शास्त्री, पंडित बलराम पांडेय, पंडित निशांत रंजन, पंडित सुशांत तिवारी, पंडित उज्वल आनंद पांडेय, पंडित गोलु तिवारी, पंडित राहुल तिवारी के सामुहिक मंत्रोच्चार से पुरा क्षेत्र मंत्रमुग्ध हो रहा है। महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ के मुख्य यजमान संजीव सिंह, हरिशंकर सिंह, मणिकांत प्रसाद सिंह, मनोज कुमार, मिंटु सिंह, पूर्व मुखिया कौशल किशोर सिंह, मुखिया केसरी देवी सहित समस्त ग्रामवासी शामिल हुए।

## हुआ महोत्सव-2026 के पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया



**हाजीपुर (चौथी वाणी)।** जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देशन में आयोजित दो दिवसीय महुआ महोत्सवझ्र2026 का शुभारंभ बुधवार को पीएचईडी मंत्री संजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग, नगर अध्यक्ष महुआ, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया।

08 अप्रैल 2026 को आयोजित महोत्सव के प्रथम दिन का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें सांस्कृतिक विविधता की मनमोहक झलक देखने को मिली। संध्या 4:30 बजे से शुरू हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।ज्ञान ज्योति स्कूल, सिंघारा के छात्रों ने ह्लबिहार दर्शनह्व पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शानदार शुरूआत की। इसके बाद अरुण कुमार उर्फ बलराम यादव, सपना राज (भगवानपुर) और उपेन्द्र सिंह (महुआ) ने अपने गायन एवं लोकगीतों से श्रोताओं का दिल जीत लिया।राजकीय कृत गांधी विद्या मंदिर, तिसिऔता के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत ह्लजट-जटिनह्व नृत्य ने पारंपरिक लोक संस्कृति की सुंदर छटा बिखेरी। वहीं राधिका कुमारी (मदरना) और उमेश राम (मुरौवतपुर, देसरी) ने भी अपने प्रभावशाली गायन से माहौल को संगीतमय बनाए रखा।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राधा सिन्हा एवं उनके समूह द्वारा प्रस्तुत ह्लशिव तांडवह्व और ह्लपार्वती विवाहह्व की शानदार प्रस्तुति रही, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके बाद ऋत्वा चौबे ने अपने मधुर गीतों से वातावरण को और भी सुरमय बना दिया।अंतिम चरण में रितिका राज और विशाल सोनी के गायन ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

रितिका राज की सुमधुर आवाज और ऊर्जावान प्रस्तुति ने दर्शकों को देर तक झूमने पर मजबूर कर दिया। पूरे पंडाल में उत्साह और आनंद का माहौल बना रहा तथा दर्शकों ने तालियों की गूंज से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।महोत्सव के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र बने रहे, जहां लोगों ने सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। जिला पदाधिकारी ने आम जनता से अपील की कि वे महुआ महोत्सवझ्र2026 के आगामी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और स्थानीय कलाकारों का उत्साहवर्धन करें। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और नई प्रतिभाओं को मंच देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## दो दिवसीय महुआ महोत्सव का लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री ने किया उद्घाटन

**महुआ नगर/ वैशाली (चौथी वाणी)।** महुआ अनुमंडल प्रशासन के नेतृत्व में गांधी मैदान में आयोजित दो दिवसीय महुआ महोत्सव का बुधवार की शाम भव्य आगाज हुआ। यहां मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग मंत्री संजय सिंह, एसडीएम विवेक चंद्र पटेल, वैशाली पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग, डीएसपी संजीव कुमार, सभापति नवीन चंद्र भारती, उपसभापति रोमी यादव सहित कई दिग्गज राजनेता, जनप्रतिनिधि व शिक्षाविदों के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। महुआ महोत्सव कार्यक्रम के शुभारंभ के पश्चात सर्वप्रथम अतिथि संबोधन एवं स्वागत गान की प्रस्तुति दी गई। जिसके बाद अनुमंडल प्रशासन के पदाधिकारीयों के द्वारा यहां विशिष्ट अतिथि के तौर पर आए सभी नामचीन विधायक, मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों को अंग वस्त्र एवं महुआ महोत्सव का प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया।दो दिवसीय महुआ महोत्सव कार्यक्रम 08 अप्रैल से लेकर कल 09 अप्रेल तक आयोजित है। जहां बुधवार की शाम मुख्य



कलाकार के तौर पर आए इंडियन आइडल मंच से गायक रितिका राज एवं विशाल सोनी के द्वारा एक से बढ़कर एक हिंदी गानों की प्रस्तुति ने दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। अनुमंडल प्रशासन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से महुआ के गांधी मैदान में चप्पे-चप्पे पर सशस्त्र बल की तैनाती दिखी। तो वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सौरव बरनवाल, अंचलाधिकारी मणि कुमार वर्मा, पंचायत राज अधिकारी मुन्ना कुमार, थाना प्रभारी राजेश रंजन सहित अनुमंडल क्षेत्र से यहां पहुंचे कई पदाधिकारी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते दिखे। महोत्सव ने न केवल महुआ अनुमंडल की सांस्कृतिक पहचान को नयी ऊंचाई दी, बल्कि यह भी साबित किया कि जब प्रशासन, समाज और कलाकार एकजुट होते हैं, तो कोई आयोजन महज कार्यक्रम नहीं, बल्कि उत्सव बन जाता है।वक्ताओं ने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य स्थानीय लोक परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत और उभरते कलाकारों को मंच देना था। लोकनृत्य, पारंपरिक गायन, नुक्कड़ नाटक और समसामयिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य किया। कहा कि कला और संस्कृति समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे आयोजनों से नयी पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है।

## घोटाले की जांच के बीच NPCC अधिकारी को मिली प्रोन्नति

**रांची (चौथी वाणी)।** झारखंड में नेशनल प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन कंपनी (भारत सरकार का उपक्रम) के भ्रष्टाचार का अनसुलझा रहस्य गहरा गया है।

एनपीसीसी के झारखंड में पदस्थापित एक अधिकारी द्वारा 2017-18 एक करोड़ से ज्यादा का घोटाले किया गया! जिसकी जांच आज तक चल रही है! मजे की बात यह है कि उसे घोटालेबाज अधिकारी को प्रोन्नत कर झारखंड और बिहार का जोनल मैनेजर भी बना दिया गया! 2017-18 में पी.एम.जे.एस.वाई. (प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना) के तहत चल रहे एनआरडीए प्रोजेक्ट में एनपीसीसी को झारखंड सरकार से बड़ा काम मिला था। लेकिन आरोप है कि एनपीसीसी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और ठेकेदारों ने मिलकर पुल-पुलियों के नाम पर पैसे निकाल लिए और काम भी नहीं किया ।

इस मामले में राज्य सरकार द्वारा एफआईआर दर्ज की गई और जांच भी चल रही है । सी.ए.जी. ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत सरकार के पैसे की रिकवरी की जानी चाहिए । लेकिन आज तक इस मामले में एन.पी.सी.सी. प्रबंधन द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है और न ही कोई परिणाम सामने आया है। यह सवाल उठता है कि क्या एनपीसीसी के वरिष्ठ पदाधिकारी अपने पद का दुरुपयोग कर-के इस मामले को दबा रहे हैं ? क्या सरकार इस मामले में कार्यवाही करने में असमर्थ है? ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले की जांच जल्द से जल्द पूरी की जाए और दोषियों को सजा दी जाए । एनपीसीसी को भी अपने वरिष्ठ पदाधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए और जनता के पैसे की रिकवरी करनी चाहिए। यह मामला न केवल एनपीसीसी की साख को खराब करता है, बल्कि देश के विकास में भी बाधा डालता है। सरकार और एनपीसीसी को इस मामले को गंभीरता से लेकर जल्द से जल्द कार्यवाही करना चाहिए! झारखंड की राजधानी रांची से करीब 120 किलोमीटर की दूरी पर मौजूद लातेहार जिला, वो जिला जहां छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा के बाद शायद पूरे देश में सबसे ज्यादा नक्सल घटनाएं हुई हैं, वो जिला जहां आदिवासी समुदाय के लोग बहुतायत संख्या में रहते हैं, वो जिला जहां सरकार विकास के दम पर नक्सल को खत्म करने का दावा कर करती है. साल 2012 में NPCC (नेशनल प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन्स कॉर्पोरेशन) ने लातेहार के अलग-अलग हिस्सों में 4 पुल निर्माण के लिए टेंडर निकाला और रांची की कंपनी फ्लेक्सीकॉन इंजिनियर्स एंड प्लानर कंपनी को 10.52 करोड़ में टेंडर दिया. टेंडर तो दे दिया गया, लेकिन काम नहीं शुरू हुआ, फ्लेक्सीकॉन कंपनी ने फर्जी निर्माण की शुरूआत की. फोटो दिखाकर चारों पुलों के मद से करीब 1 करोड़ रुपए निकाल लिए, ये पुल बालूमाथ में गुरवे गांव के पास 27.24 लाख, बारेसाढ़ में जंगलों के बीच में हेनार नदी पर 27.63 लाख और महुआडांड़ में 2 पुल कुल 44.68 लाख की लागत से बनने थे।

## खबरें एक नजर में

### अरना गांव में मुआवजा मांगने पर युवक को पीटा

**उचकागांव /गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** थाना क्षेत्र के अर्न गांव में एक पड़ोसी की दीवाल गिरने से गांव के सागर कुमार गुप्ता की बाइक टूट कर क्षतिग्रस्त हो गई जिसका मुआवजा मांगने पर आरोपितों ने सागर कुमार गुप्ता को पीट कर घायल कर दिया। घटना 22 मार्च के दिन की है। मामले में घायल सागर कुमार गुप्ता के आवेदन पर घटना के 15 दिन बाद अपने पड़ोसी राधेश्याम शर्मा, उनकी मां सीता देवी, पत्नी सुशीला देवी, बेटी सुनंदा कुमारी और बेटा अमरजीत कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### अमठा भुवन में संपत्ति विवाद को लेकर दो को पीटा

**उचकागांव /गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** उचकागांव थाना क्षेत्र के अमठा भुवन गांव में सुपौल से अपने संपत्ति की देखरेख करने के लिए पैतृक घर पहुंचे राजीव कुमार को उनके पट्टीदारों ने लाठी-डंडे से पीट कर बुरी तरीके घायल कर दिया। बीच-बचाव में आए ग्रामीण सहदेव मांझी की भी जमकर पिटाई की गई। घटना तीन अप्रैल के दिन की है। दोनों घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उचकागांव में कराया गया। मामले में घायल राजीव कुमार के आवेदन पर अपने पट्टीदार योगेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, उनके बेटा बंटी व गोलू के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### सिधवलिया पुलिस ने फरार आरोपी के विरुद्ध इस्तेहार चिपकाया

**सिधवलिया/गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** सिधवलिया थाना क्षेत्र के बखरौर गांव में विगत 25 मार्च को बिजली विभाग के राजस्व की वसूली करने पहुंचे विभाग के जे ई सारिक असीर के साथ मारपीट मामले में आरोपितों के घर बुधवार को सिधवलिया पुलिस ने न्यायालय द्वारा निर्गत इस्तिहार चिपकाया। बता दें कि विगत 25 मार्च को बिजली विभाग के जेई सारिक अशीर राजस्व की वसूली करने बखरौर गांव पहुंचे थे। जहां, उनके साथ मारपीट की गई थी।मामले में जेई सारिक अशीर ने इसी गांव के दीपक कुमार पांडेय एवं हिमांशु सिंह के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी कराई गई थी।प्राथमिकी के बाद से ही दोनों आरोपी फरार चल रहे थे।न्यायालय द्वारा निर्गत इस्तिहार को थानाध्यक्ष सोमदेव झा ने दलबल एवं गाजे बाजे के साथ बुधवार को आरोपियों के घर पर चिपकाया।



### छेड़खानी का विरोध करने पर महिला को अर्धनग्न कर पीटा

**उचकागांव/गोपालगंज(चौथी वाणी)।** उचकागांव थाना क्षेत्र के एक गांव में घर के अंदर खाना बना रही एक महिला के घर में घुसकर एक व्यक्ति द्वारा महिला के साथ छेड़खानी करने का प्रयास किया गया। वहीं विरोध करने पर उसे अर्धनग्न कर पिटाई की गई। बीच-बचाव में आए उनके बेटा अनीश कुमार की भी जमकर पिटाई की गई। हल्ला सुनकर मौके पर पहुंचे आरोपित के घर वालों द्वारा जमकर पथराव किया गया। इस दौरान महिला के गले में पहने लगभग 70 हजार रुपये मूल्य का मंगलसूत्र व अंगूठी छीन लिया गया। घटना दो दिन पूर्व की है। घायल का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। वहीं मुखिया व सरपंच के पास पंचायती भी हुई। जिससे असंतुष्ट होने के बाद मामले में पीड़ित महिला के आवेदन पर गांव के श्रीकांत शुक्ला और उनकी पत्नी अंजली देवी के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### प्रथम चरण जनगणना 2026-27 के 2 मई से 31 मई तक के लिए विजयीपुर में लगाए गए 331 प्रगणक

**विजयीपुर/गोपालगंज(चौथी वाणी)।** 2 मई से 31 मई तक 2026 - 27 जनगणना के कराए जाने के लिए विजयीपुर प्रखंड में 331 प्रगणक लगाए गए हैं। इनकी मोनेटरिंग के लिए 49 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इन लोगों को किस तरह जनगणना का काम सही ढ़ंग से संपादित किया जा सके इसके लिए पहले रिहर्सल कराया गया। अब 13 अप्रैल से 24 अप्रैल तक प्रखंड मुख्यालय के बायट केंद्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आधा दर्जन ट्रेंड प्रशिक्षकों की टोली बनाई गई है जो जिला मुख्यालय से प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रशिक्षित हुई है। बता दें कि विजयीपुर में कुल 143 राजस्व गांव हैं।इसके लिए संख्या के आधार पर जनगणना कराया जाना है। जिसमें 700 से 800 जनसंख्या पर एक प्रगणक को लगाया गया है। 6 प्रगणकों पर एक एक पर्यवेक्षक रहेंगे। जनगणना कराने के लिए अभी से प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने संबंधित विभागों के सह-कर्मियों के साथ युद्ध स्तर पर प्रगणकों को ट्रेनिंग देना शुरू कर दिए हैं।

### छापेमारी में 23 लीटर देशी शराब बरामद, आरोपी फरार

**विजयीपुर/गोपालगंज(चौथी वाणी)।** वाहन जांच तथा शराब की छापेमारी में निकली विजयीपुर पुलिस ने स्थानीय थाना क्षेत्र के सुखलाल छापर गांव के बिजेन्द्र नट के घर के पिछले दरवाजे से 23 लीटर देशी शराब बरामद कर लिया जबकि आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार ने मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत सुखलाल छापर गांव के बिजेंद्र नट के विरुद्ध शराब रखने व बेंचने के जुर्म में प्राथमिकी कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दिया है। बताया कि सोमवार की सुबह एएसआई राजेश राम मुशहरी बाजार में वाहन जांच तथा शराब तश्करी के लिए निकले थे कि सूचना मिली कि सुखलाल छापर गांव में एक व्यक्ति शराब बेंच रहा है। वहां पहुंच कर देखा तो एक व्यक्ति प्लास्टिक में कुछ रख रहा है। पुलिस देख वहां से फरार हो गया। पता चला कि बिजेंद्र नट शराब का धंधा करता है। वहां जांच किया तो एक 20 लीटर की गैलन में 19 लीटर देशी शराब तथा 4 लीटर अलग-अलग झिल्ली में था। शराब को जब्त कर लिया गया। बिजेंद्र की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी शुरू कर दिया है।

### फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**विजयीपुर/गोपालगंज(चौथी वाणी)।** लगातार चार साल से फरार चल रहे शराब तश्करी मामले में एक तश्कर को पुलिस ने उसके घर छापा मारकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पवन कुमार को पुलिस को चार वर्षों से तलाश थी। पुलिस को चकमा देकर भाग जाता था। बीती मंगलवार की रात्रि विजयीपुर एएसआई गोपाल जी राय ने छापा मारकर उसके घर से गिरफ्तार कर बुधवार को सुबह न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया। कांड संख्या 169/22 में फरार चला आ रहा था।

### चौमुखा पैक्स अध्यक्ष पद हेतु तीन ने किया नामांकन

**विजयीपुर/गोपालगंज(चौथी वाणी)।** कड़ी सुरक्षा के बीच पैक्स चुनाव में नामांकन के प्रथम दिन तीन प्रत्याशियों ने अपने अपने परचे दाखिल कर दिए। नामांकन दाखिल करने वालों में निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष राधा यादव, धर्मेंद्र यादव तथा रामभरोसा कुशवाहा हैं। इसके अलावा कार्यकारिणी के लिए कार्य कारिणि सदस्य हेतु विभूति यादव, गरजू सहनी, लक्ष्मी चौधुरी, सुदामा प्रसाद तथा सर्फूदद्दीन अंसारी हैं। इन पांच लोगों ने अपने अपने परचे दाखिल किए।

### मैट्रीक और इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**विजयीपुर/गोपालगंज(चौथी वाणी)।** विजयीपुर प्रखंड के मझवलिया उत्क्रमित उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज के छात्र छात्राओं के मैट्रीक और इंटरमीडिएट की वोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्यालय परिवार ने छात्रों के सम्मान में बुधवार को सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार की उपस्थिति में परीक्षा में अनिशा कुमारी के जिला में 11वां स्थान हासिल करने पर एक मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय की अन्य तीन छात्राओं मुस्कान सिंह, पल्लवी कुमारी तथा पुनिता कुमारी को 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर प्रशस्ति पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजू रंजन प्रसाद ने समारोह में आए छात्र छात्राओं, उनके अभिभावकों तथा उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को संशोधित करते हुए कहा कि प्रतिभाव- 70 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रौशन किया है वहीं चार छात्राएं 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर साबित कर दिखाया है कि कम संसाधन के बाद भी देहात में परिश्रम के बल पर सफलता से तकदीर की लकीरें लिखी जा सकती हैं। और इन छात्राओं ने देहात का घरेलू काम करने के बाद भी लग्न से पढ़ कर अपने अभिभावकों तथा अपने गुरू जनों का मान सम्मान बढ़ाया है।



# नेचुआ जलालपुर स्टेशन पर गायक पर जानलेवा हमला, चाकू मारकर किया गंभीर घायल

## पुराने विवाद में घात लगाकर किया हमला, 3-4 हमलावर फरार; पुलिस जांच में जुटी



**कुचायकोट/गोपालगंज(चौथी वाणी)।** थावेझ्कप्तानगंज रेल खंड के नेचुआ जलालपुर स्टेशन पर मंगलवार को एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां एक युवक पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट में चल रहा है।मिली जानकारी के अनुसार कुचायकोट थाना क्षेत्र के मतेया गांव निवासी नीतेश कुमार, जो पेशे से गायक हैं, उत्तर प्रदेश के पडरौना में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी क्रम में उन्होंने सासामुसा स्टेशन से ट्रेन पकड़ी थी।बताया जाता है कि जैसे ही ट्रेन नेचुआ जलालपुर स्टेशन पर पहुंची, पहले से घात लगाए तीन से चार युवकों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। हमलावरों ने पहले मारपीट की और फिर चाकू से कई वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।घटना को अंजाम देने के बाद सभी हमलावर मौके से फरार हो गए।हमले के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद यात्रियों और रेलवे कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।अस्पताल प्रशासन ने घटना की सूचना कुचायकोट थाना पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और हमलावरों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। प्रारंभिक जांच में घटना का कारण पुराना विवाद बताया जा रहा है।

## बाइक-साइकिल की टक्कर में किशोरी समेत दो घायल

**कुचायकोट/गोपालगंज(चौथी वाणी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार स्थित साईं मंदिर के पास बुधवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां बाइक और साइकिल की आमने-सामने टक्कर में एक किशोरी व एक युवक घायल हो गए। दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कुचायकोट में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार भठवां परशुराम गांव निवासी अंशी कुमारी कोचिंग से घर लौट रही थी। इसी दौरान साईं मंदिर के समीप तेज गति से आ रही एक बाइक ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में बाइक सवार भरथीया गांव निवासी बंटी तिवारी तथा साइकिल सवार किशोरी दोनों घायल हो गए।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की तत्परता से दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की स्थिति फिलहाल स्थिर बनी हुई है।



## थावे में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए अमित कुमार सिंह ने किया नामांकन



**उचकागांव /गोपालगंज (चौथी वाणी)।** थावे प्रखंड के रामचंद्रपुर पंचायत में होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। बुधवार को पैक्स अध्यक्ष पद के लिए अमित कुमार सिंह ने अपने समर्थकों के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया।अमित कुमार सिंह ने उप निर्वाचन पदाधिकारी (एलईओ) पूर्णमणि प्रजापति के समक्ष विधिवत रूप से अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे, जिससे प्रखंड कार्यालय परिसर में काफी उत्साह का माहौल देखने को मिला।नामांकन दाखिल करने के बाद समर्थकों ने अमित कुमार सिंह का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया और उनके समर्थन में नारे भी लगाए। इस मौके पर अमित कुमार सिंह ने कहा कि यदि जनता का आशीर्वाद मिला तो वे पैक्स के माध्यम से किसानों और सदस्यों के हित में ईमानदारी से काम करेंगे। उन्होंने क्षेत्र के विकास और किसानों की समस्याओं के समाधान को अपनी प्राथमिकता बताया।इस अवसर पर बीसीओ पुष्पराज कुमार सहित महमद अलीशेर, प्रमेंद्र कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, बुलेट सिंह, गोलू कुमार सिंह, वीर प्रताप सिंह, जितेंद्र यादव समेत कई समर्थक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। नामांकन को लेकर पूरे क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

## पैक्स चुनाव: बंगालखाड़ व सिसवा में नामांकन शुरू, पहले दिन 8 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा



**कुचायकोट/गोपालगंज(चौथी वाणी)।** स्थानीय प्रखंड के प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) बंगालखाड़ एवं सिसवा में होने वाले चुनाव को लेकर बुधवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन दोनों पैक्स को मिलाकर कुल आठ प्रत्याशियों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिसवा पैक्स के लिए दो तथा बंगालखाड़ पैक्स के लिए छह उम्मीदवारों ने नामांकन किया।सिसवा पैक्स में अध्यक्ष पद के लिए मिथिलेश कुमार एवं सामान्य वर्ग के कार्यकारी सदस्य पद पर हृदयानंद पांडेय ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।वहीं बंगालखाड़ पैक्स में प्रबंधन कार्यकारिणी सदस्य पद के सामान्य वर्ग से अंकित कुमार शर्मा, सोनू शाह और उत्तिम माझी ने पर्चा भरा। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग से लक्ष्मण यादव, अति पिछड़ा वर्ग से विपुल कुमार तथा अनुसूचित जाति वर्ग से योगेंद्र राम ने भी नामांकन किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि पहले दिन कुल आठ प्रत्याशियों ने नामांकन किया।उन्होंने जानकारी दी कि राज्य निर्वाचन प्राधिकार के निदेर्शानुसार गुरुवार को भी सुबह 11:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक नामांकन प्रक्रिया जारी रहेगी।

## रेस्टोरेंट संचालक को चकमा देकर दो लाख नगद व लैपटॉप की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात



**कुचायकोट/गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एनएच-27 स्थित भठवां मोड़ के पास मंगलवार की शाम एक रेस्टोरेंट संचालक को चकमा देकर तीन उचक्कों ने करीब दो लाख रुपये नगद और एक लैपटॉप चोरी कर लिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कुचायकोट पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार विशंभरपुर थाना क्षेत्र के बलिवन सागर गांव निवासी मुजाहिद राजा भठवां मोड़ के समीप एनएच-27 किनारे मिठाई की दुकान सह रेस्टोरेंट चलाते हैं। इसके साथ ही वे एयरटेल पेमेंट सेवा का भी संचालन करते हैं।बताया जाता है कि मंगलवार की शाम एक कार पर सवार तीन युवक रेस्टोरेंट पहुंचे और खाने का ऑर्डर दिया। भोजन करने के बाद उन्होंने पार्सल के लिए भी खाना पैक करने को कहा। इसी दौरान काउंटर पर मौजूद कर्मचारी जैसे ही किचन में खाना पैक करने गया, तीनों उचक्के मौके का फायदा उठाकर काउंटर पर रखे करीब दो लाख रुपये नगद और एक लैपटॉप लेकर फरार हो गए। कुछ देर बाद जब कर्मचारी वापस लौटा तो सामान गायब देख उसके होश उड़ गए। तत्काल इसकी सूचना रेस्टोरेंट संचालक को दी गई, जिसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।दुकान के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी वारदात कैद हो गई है। पीड़ित ने पुलिस को फुटेज उपलब्ध करा दिया है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर आरोपितों की पहचान में जुटी हुई है।इस संबंध में कुचायकोट थाना पुलिस ने बताया कि आवेदन प्राप्त हो चुका है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं तथा जल्द ही आरोपितों की गिरफ्तारी का दावा किया गया है।

## देशी शराब बरामद

**सिधवलिया/गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** महम्मदपुर थाना क्षेत्र के नेटुआ बाबा के समीप महम्मदपुर थाने की पुलिस ने एक ई रिक्शा से 30 लीटर देशी शराब के साथ दो आरोपी को गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष श्याम नारायण प्रसाद ने बताया कि वाहन जाँच के दौरान महम्मदपुर थाना क्षेत्र के नेटूआ बाबा के पास शक के आधार पर एक ई रिक्शा की तलाशी ली गई,जिसमें 30 लीटर देशी शराब बरामद किया गया।वहीं, बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के पिपरा बाजार के गिरफ्तार आरोपी अरविंद महतो और संजय महतो को गिरफ्तार किया गया जिनकी निशानदेही पर कुशहर गांव में छापेमारी कर 20 लीटर देशी शराब के साथ पाँच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार आरोपी कुशहर गांव के उपेंद्र महतो,नीरज महतो, संतोष महतो, रामकिशुन महतो एवं मुकेश महतो है। सभी गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध महम्मदपुर थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी कर न्यायालय में भेज दिया गया।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई: हत्या के प्रयास व एससी/एसटी एक्ट के 3 नामजद आरोपी गिरफ्तार

**भोरे/गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** भोरे थाना क्षेत्र में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास एवं एससी/एसटी एक्ट से जुड़े एक गंभीर मामले में तीन नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई से इलाके में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रियता एक बार फिर सामने आई है। भोरे थाना कांड संख्या-115/26, दिनांक 05 मार्च 2026 को दर्ज किया गया था। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (इठर) की विभिन्न धाराओं—115(2), 126(2), 351(2), 352, 74, 109(1), 303(2), 3(5) के साथ-साथ एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(१)(२) एवं 3(2)(५) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बबुना यादव उर्फ बाबूनंद यादव (पिता- रामनाथ यादव), राकेश यादव (पिता- स्वर्गीय सुदामा यादव) एवं नीतीश यादव उर्फ नितेश यादव (पिता- स्वर्गीय सुदामा यादव) के रूप में हुई है। तीनों आरोपी भोरे थाना क्षेत्र के विश्रामपुर गांव के निवासी बताए जाते हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम का गठन कर छापेमारी की गई, जिसके बाद तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## थावे के पखोपाली स्थित साइंस कोचिंग के इंटरमिडिएट कि 80 छात्राओं ने लहराया परचम

### इंटरमिडिएट मे 400+ अंक लाने वाले 80 विद्यार्थियों का हुआ भव्य सम्मान




**गोपालगंज: (चौथी वाणी)** थावे प्रखंड के पखोपाली रोड स्थित साइंस कोचिंग सेंटर के 150 छात्र छात्रा जो इंटरमिडिएट एवं माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2026 मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं के सम्मान मे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर इंटरमिडिएट के कुल 80 छात्रों एवं माध्यमिक मे 70 छात्राओं को मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित किया गया, इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक रेयाजुल हक उर्फ राजू एवं हम पार्टी के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह राणा ने दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम कि शुरूआत कि, दीप प्रजवलित के बाद उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे आये मुख्य अतिथि रेयाजुल हक राजू एवं साइंस कोचिंग के डायरेक्टर एस कुमार ने मेधावी छात्र-छात्राओं को अंगवस्त्र, मेडल और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री राजू ने कहा ने कहा कि शिक्षा एक निजी संपत्ति है जिसे कोई चुरा नहीं सकता,और छात्रों ने अपने माता-पिता के साथ-साथ पूरे समाज का नाम रोशन किया है। साइंस कोचिंग के शिक्षक विकाश कुमार, हुसैन खान, राजू सर एवं शिक्षक मनु सर ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, उन्हें केवल सही दिशा और अवसर की आवश्यकता होती है। संस्थान का मुख्य उद्देश्य हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना रहा है। वही वक्ताओं ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता और निरंतर अभ्यास ही व्यक्ति को भीड़ से अलग पहचान दिलाता है। सफल छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और माता-पिता को दिया। इस दौरान मिठाईया बाँट कर खुशियाँ मनाई गई और जूनियर छात्रों ने भविष्य मे कड़ी मेहनत कर सम्मानित होने का संकल्प लिया।

## हृदयाघात से भोपतापुर पंचायत की मुखिया अल्पना शाही का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**कुचायकोट/गोपालगंज(चौथी वाणी)।** स्थानीय प्रखंड अंतर्गत भोपतापुर पंचायत की मुखिया अल्पना शाही का मंगलवार की देर शाम हृदयाघात से निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से परिवार, पंचायत क्षेत्र एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई है।परिजनों के अनुसार मंगलवार की शाम अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें सांस लेने में दिक्कत एवं सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई।आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए गोपालगंज स्थित अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।अल्पना शाही, कटेया विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे सिंहेश्वर शाही की पुत्रवधु थीं। वे वर्ष 2006 से 2011 तक भोपतापुर पंचायत की मुखिया रह चुकी थीं। वर्ष 2021 के पंचायत चुनाव में उन्होंने पुनः जीत दर्ज कर मुखिया पद संभाला था। वे अपने पति राकेश शाही एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गोपालगंज स्थित आवास में रहती थीं। मुखिया के निधन की खबर मिलते ही पंचायत क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शुभचिंतक उनके आवास पर पहुंचने लगे। बुधवार की सुबह उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव लाया गया, जहां पूरे विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।उनके निधन पर बीडीओ सुनील कुमार मिश्रा, बीपीआरओ पुष्कर कुमार,बीईओ अशोक कुमार सिंह सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। वहीं पंचायत सचिव राकेश कुमार, मुखिया संदीप कुमार सिंह, रामाश्रय यादव, मुखिया प्रतिनिधि धीरज सिंह, गुड्डू सिंह, लव नारायण प्रसाद, सुभाष साह समेत अन्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया।



## खबरें एक नजर में

### आठ पंचायत के पैक्स चुनाव का नॉमिनेशन शुरू, शांति पूर्ण ढंग से नॉमिनेशन का हो रहा कार्य

**रुपौली/पूर्णिया ( चौथी वाणी)।** आठ पंचायत के पैक्स चुनाव का नॉमिनेशन शुरू हुआ यह नॉमिनेशन की प्रक्रिया आठ तारीख एवं नौ तारीख तक नॉमिनेशन की प्रक्रिया जारी रहेगा जैसे कांप पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी ने नामांकन किया अध्यक्ष पद के लिए सात सदस्य ने नॉमिनेशन किया मोहनपुर पंचायत से अध्यक्ष पद के लिए दो सदस्य के लिए सात श्री माता पंचायत के अध्यक्ष जीरो सदस्य पद के लिए चार मतेली खेमचंद पंचायत में अध्यक्ष पद पर दो सदस्य पद के लिए नौ बसंत पुर पंचायत के अध्यक्ष पद पर एक धोबगिद्दा पंचायत के अध्यक्ष पद पर जीरो विजज लालगंज अध्यक्ष पद के लिए एक सदस्य पद के लिए दस डोभा मिलिक पंचायत से अध्यक्ष पद के लिए एक सदस्य पद के लिए तीन जो भी प्रत्याशी नॉमिनेशन नही दिया है वह कल भी नॉमिनेशन दे सकते है बी सी ई ओ धनंजय कुमार ने बताया जो भी पंचायत के प्रत्याशी ने नॉमिनेशन नही किया है वह कल आकर अपना नाम से नॉमिनेशन दे सकते है प्रखंड विकास पदाधिकारी रुपौली के अरविंद कुमार ने बताया की आज पैक्स चुनाव का नॉमिनेशन का पहला दिन है जो कि शांति ढंग से नॉमिनेशन का कार्य करवाया जा रहा है बी डी ओ अरविंद कुमार ने कहा जो भी प्रत्याशी का नॉमिनेशन पेपर में जो भी त्रुटि होगा उस प्रत्याशी को बुलवाकर उस पेपर को ठीक करवाया जाएगा इस पैक्स चुनाव के नॉमिनेशन में रुपौली थाना के मुकेश कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



### बिना स्टीमेट के ही कच्ची सड़क पर ईट भट्ठा का कराया जा रहा कार्य

**रुपौली/ पूर्णिया ( चौथी वाणी)।** रुपौली प्रखंड के भिखना पंचायत के बाकी गांव में वार्ड नंबर 14 में भिखा यादव के बासा से लेकर मो आसीन के खेत तक अवैध ढंग से भट्ठा पर का छाय कच्ची सड़क पर गिराया जा रहा है जब कि ग्रामीण के द्वारा इस कच्ची सड़क का स्टीमेट के बारे मे जानकारी लिया कि भिखना पंचायत के सचिव से इस सड़क के बारे में बात ग्रामीण ने की किया कि यह कच्ची सड़क पर ईट भट्ठा का छाय गिराया जा रहा है तो भिखना पंचायत के सचिव त्रिलोकी नाथ ठाकुर ने बताया कि हमको इस सड़क के बारे में कोई जानकारी नहीं है। प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी प्रखंड रुपौली के रूपेश कुमार ने जब पंचायत सचिव से इस संबंध में फोन के द्वारा बात किया की यह सड़क कैसे बन रहा है तो पंचायत सचिव ने पंचायत राज पदाधिकारी को बताया की इस सड़क का कोई स्टीमेट नहीं है। पंचायत राज पदाधिकारी रूपेश कुमार ने कहा जो इस सड़क पर ईट भट्ठा का छाय गिराया गया है वह सारा सर गलत किया है उस काम का रोक दिया जाएगा जो की बिना स्टीमेट बनाए हुए कैसे सड़क पर काम शुरू किया मो रियाज भिंडर ठिकेदार ने कैसे उस सड़क पर ईट भट्ठा का छाय गिराने का काम किया। जांच करके भिंडर मो रियाज के ऊपर कार्यवाही करते हुए उसका बिल पर रोक लगाया जायेगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी रुपौली अरविंद कुमार ने बताया इसको कौन कहा था इस सड़क पर काम करने के लिए जिसका जांच पड़ताल की जाएगी बिना प्रखंड में सूचना दिए हुए ही मो रियाज ठिकेदार ने कैसे काम शुरू कर दिया।



### संजय सरावगी का जिला व्यापार संघ ने किया सम्मानित

**सहरसा शहर ( चौथी वाणी)।** जिला परिषद स्थित रेनबो रिसॉर्ट में बुधवार को जिला व्यापार संघ द्वारा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की कोशी की धरती पर पहली बार आगमन पर स्वागत और अभिनंदन किया गया। व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने पाग और चादर देकर भाजपा अध्यक्ष का सम्मान किया उसके बाद सभी सदस्यों में माला पहना कर और बुके देकर सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस सम्मान के लिय जिला व्यापार संघ को धन्यवाद देते हुए कहा मैं भी व्यापारिक पृष्ठभूमि से आता हूं इसलिए आप के समस्याओं से भली भांति से परिचित हूं और वर्तमान राज्य सरकार व्यापारियों के हित में बहुत सारे फैसले ले रही है। सम्मान समारोह में अध्यक्ष अर्जुन चैधरी,सचिव विकास गुप्ता, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश चैधरी, कोषाध्यक्ष गोपाल चैधरी, संगठन सचिव नवल सिंह, संयुक्त सचिव आशीष सिंह टिंकू, वैश्य समाज के अध्यक्ष मोहन साह, प्रवक्ता राजीव रंजन साह, सिद्धार्थ सिंह सिद्धू, उमाशंकर चैधरी सुशांत झा, महेश कुमार, प्रवीण सिंह, पंकज गुप्ता, अरुण स्वर्णकार, अरविंद कुमार दास, आर संतोष गुप्ता एवं ललन गुप्ता मौजूद थे।



### बैरियर कर्मी के द्वारा अवैध वसूली के विरोध में ऑटो व ई-रिक्शा चालक किया जाम, बिना टेंडर के वसूली करने का लगाया आरोप

**सोनवषार्राज (सहरसा) ( चौथी वाणी)।** सोनवर्षा नगर पंचायत क्षेत्र में बैरियर कर्मी के द्वारा अवैध वसुली के विरोध में बुधवार को आँटो व ई रिक्शा चालकों द्वारा सुगमा पूल के पास जाम कर प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित आँटो व ई रिक्शा चालकों ने टायर जलाकर सोनवर्षा व सुगमा मुख्य मार्ग पर घंटों यातायात ठप्प कर आवागमन बाधित कर दिया। इसके साथ ही नगर प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई। आँटो व ई रिक्शा चालकों ने बताया की बैरियर कर्मी लालो विश्वास की जगह रूक्मिनिया गांव निवासी बादल कुमार द्वारा नगर प्रशासन के टेंडर फाईनल किए बिना कई दिनों से लगातार वसुली की जा रही है। यहीं नहीं एक बार बैरियर कटाने के बाद उसकी समयावधि 12 घंटे की जगह हर ट्रीप पर उनसे पैसे लिए जा रहे है। ऐसे में उनसे 12 घंटे में सौ रुपए तक वसुली कर ली जाती है। घटना की सुचना पर सोनवर्षा थाना के एसआई सदानंद सिंह घटना स्थल पर पहुंच आक्रोशित आंटो व ई रिक्शा चालकों को 12 घंटे में एक बार बैरियर देने का आश्वासन देते हुए उन्है समझा बुझाकर यातायात बहाल करवाया गया। इस घटना के दौरान सोनवर्षा के थानाध्यक्ष संजय सत्यार्थी ने कहा की आक्रोशित आँटो ई रिक्शा चालकों को समझा बुझा कर यातायात बहाल करवा दिया गया है।



# भाजपा का मतलब देश सेवा, समाज सेवा व नए भारत का निर्माण करना है: संजय सरावगी

**सहरसा शहर ( चौथी वाणी)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का बुधवार को डीबी रोड स्थित जिला परिषद के पूजा बैंक्वेट हॉल में कार्यकत्रा सम्मेलन सह सम्मान समारोह के मौके पर पार्टी कार्यकत्राओं द्वारा पाग चादर एवं पुष्पगुच्छ देकर उनका भव्य स्वागत किया गया। सहरसा आगमन पर जिला के कार्यकत्राओं द्वारा जिले के मुख्य द्वार बलुआहा पुल पर स्वागत के बाद बनगांव एवं कहरा कुटी में नगर कार्यकत्राओं द्वारा स्वागत करते महावीर चैक पर नगर अध्यक्ष पश्चिमी आशीष गुप्ता के नेतृत्व में स्वागत किया गया। साथ ही शहर के हृदयस्थली शंकर चैक पर भाजपा नेता डॉ शशिशेखर झा सम्राट के नेतृत्व में पूर्व जिलाध्यक्ष माधव प्रसाद चैधरी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी को लड्डू से तौला गया। खुले जीप से शहर पहुंचे श्री सरावगी का कार्यकत्राओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया एवं समर्थन में जमकर नारेबाजी की। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष मुख्य कार्यक्रम स्थल पूजा बैंक्वेट हॉल पहुंचे जहां मौजूद नेताओं एवं हजारों की संख्या में मौजूद कार्यकत्राओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने किया। जबकि मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष शिवभूषण सिंह ने किया। इस दौरान महापौर बेन प्रिया ने मिथिला के सम्मान पाग चादर से प्रदेश अध्यक्ष को सम्मानित किया। पूर्व विधायक सुरेंद्र यादव ने चांदी का मुकुट पहनाकर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। जिला भाजपा की ओर से प्रदेश अध्यक्ष को त्रिशूल भेंट की गयी। कार्यकत्रा सम्मान समारोह को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी अपना 47 वां स्थापना दिवस मना रही है। पिछले 46 वर्षों में पार्टी पूरे विश्व में आज सबसे बड़ी पार्टी बन गयी है। यह कार्यकत्राओं के बल पर ही संभव हो सका है। जब एक वोट से पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की कुर्सी चली गयी थी तो उन्होंने उस समय जो कहा था आज वह साकार दिख रहा है। विपक्ष एक सीट के लिए भी तरस रही है। भाजपा अपने विकास, विश्वास के बल पर पूरे देश में अपना परचम लहरा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक दल नहीं बल्कि एक विचार है। भाजपा का मतलब सेवा, समाज सेवा एवं नए भारत का निर्माण करना है। आज अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण पूरा हो चुका है। धारा 370 समाप्त कर दिया गया। लगभग 25 करोड़ से अधिक गरीबी रेखा के नीचे बसर करने वाले परिवारों को ऊपर उठाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की है कि जल्द ही देश विश्व के तीसरी आर्थिक शक्ति के रूप में उभरेगी। 2047 तक देश विकसित राष्ट्र बन कर रहेगा। उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में सड़कों का जाल बिछा है। महिला सशक्तिकरण में देश में बिहार पहला राज्य है। हजारों की संख्या में आज महिलाएं विकास की गाथा लिख रही है। प्रत्येक जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज खुले हैं। कई मामलों में आज बिहार देश को राह दिखा रहा है। विपक्ष का बिहार में सूपड़ा साफ हो गया है। बिहार के लोग पलायन नहीं कर रहे, बल्कि विपक्ष पलायन कर रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में भी सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है। पुनौरा धाम में मां जानकी की भव्य मंदिर का निर्माण राज्य सरकार अपने पैसे से कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने संकल्प लिया है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिह्नित करेंगे एवं उनको वापस बांग्लादेश खदेड़ने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जहां नीचे से ऊपर तक कार्यकर्ता पहुंच सकते हैं। काम के बल पर कार्यकर्ता अपनी पहुंच बना सकते हैं। यह सभी ने देखा है। उन्होंने कहा कि आगामी 16 से 18 अप्रैल को लोकसभा के विशेष सत्र में नारी वंदन शक्ति बिल पास होने वाला है। महिलाओं को लोकसभा, विधानसभा में 33 प्रतिशत भागीदारी मिलने वाली है। इस राह में भी विपक्षी विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जिस वर्ग, जिस क्षेत्र में नहीं पहुंची है वहां भी हम पहुंचने का कार्य कर रहे हैं। पार्टी ने निर्णय लिया है कि गांव गांव जाकर लोगों को जोड़ने का काम करेंगे। कार्यक्रम को प्रदेश महामंत्री राधा मोहन शर्मा, पूर्व विधायक सुरेंद्र यादव,नगर निगम महापौर बेन प्रिया, पूर्व जिलाध्यक्ष माधव प्रसाद चैधरी ने संबोधित किया। मौके पर क्षेत्रिय प्रभारी मनोज कुमार सिंह, प्रदेश मंत्री सुनील कुमार, सह क्षेत्रीय मंत्र प्रभारी सत्येंद्र राय, डॉ रामनरेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव रंजन, नीरज गुप्ता, हितेंद्र ठाकुर, रितेश रंजन, सिद्धार्थ सिद्धू, शशि शेखर सम्राट, राजीव रंजन साह, भैरवानंद झा, बजरंग गुप्ता, प्रो गौतम कुमार, सुमित सिन्हा, विजय बसंत, अमर ज्योति, पूर्व प्रमुख शंभूनाथ झा, संजय साह, मिहिर कुमार, पंकज पाठक, लक्ष्मीकांत झा, संजीव कुमार, अरविंद सिंह, सुगामनी देवी, रिंकी कुमारी, सीमा झा, रीना कुमारी, कंचन कुमारी, बबली भगत सहित नप अध्यक्ष सोनवर्षा मनीष कुमार सहित अन्य मौजूद थे।





## जदयू नेता प्रभात रंजन झा ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार से की मुलाकात, बिहार को छोड़कर नहीं जा रहे नीतीशः प्रभात झा

**सहरसा शहर ( चौथी वाणी)।** जदयू नेता प्रभात रंजन झा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार भेंट कर, उनके बीस वर्षों के ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व शासन के लिए एवं उन्हें जदयू के पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर बधाई दिया। साथ ही निशांत कुमार को सक्रिय राजनीति में लाने के लिए आभार व्यक्त किया। श्री झा ने समस्त सहरसा वासियों के तरफ से भी मुख्यमंत्री को उनके द्वारा समृद्धि यात्रा के तहत 512 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात सहरसा जिला को देने के लिए आभार एवं धन्यवाद प्रेषित किया। श्री झा ने बताया कि सहरसा में कुल 512 करोड रुपए की लागत से 125 विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास उद्घाटन और कार्यरम्भ श्री नीतीश अपने समृद्धि यात्रा के दौरान किया था इस योजनाओं के जरिए क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और विकास कार्यो को गति देने मे बल मिलेगी। प्रभात रंजन झा ने कहा की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 20 वर्षों से बिहार के मुख्यमंत्री पदपर रहकर न्याय के साथ विकास का एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किए है। उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़कर सही मायनों में सामाजिक न्याय को धरातल पर उतारा है। महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत साइकिल योजना से लेकर पंचायती राज में 50 प्रतिषत आरक्षण तक, उन्होंने आधी आबादी को स्वावलंबी बनाया। शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर गाँव-गाँव तक स्कूल और अस्पतालों का जाल बिछाकर बिहार के भविष्य को संवारा। समाजिक सुधार के लिए शराबबंदी और दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के विरुद्ध समाज सुधार अभियान की मशाल जलाई एवं बिहार में विधि व्यवस्था स्थापित करते हुए कानून का राज्य स्थापित किया साथ ही पर्यावरण के लिए हरित बिहार जैसे कार्यक्रम चला कर बिहार का हरित अवरण 8 प्रतिषत से बढ़ा कर 19 प्रतिषत तक पहुंचा दिए जिसकी प्रशंसा देश ही नहीं विदेशों मे भी खूब हो रहा हैं। प्रभात झा ने मुख्यमंत्री से अनुरोध करते हुए कहा की आपका मार्गदर्शन समय-समय पर हम सभी कार्यकत्राओं को मिलता रहे यही मंगल कामना करते हैं। नीतीश के राज्यसभा जाने के कारण कार्यकत्राओं में उत्पन्न संशय को भी मुख्यमंत्री के समक्ष प्रभात रंजन ने रखा जिस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि वह बिहार को छोड़कर नहीं जा रहे हैं वह समय-समय पर कार्यकत्राओं एवं बिहार के लोगों के उज्जवल भविष्य के लिए मार्गदर्शन देते रहेंगे साथ ही बिहार के विकास के लिए राज्यसभा के माध्यम से कार्य करते रहेंगे।



## बाल संसद के प्रधानमंत्री अमर कुमार और उपप्रधानमंत्री सृष्टि कमारी को पूरे साल उत्कृष्ट कार्य करने हेतु किया सम्मानित

**बड़हरा कोठी ( चौथी वाणी)।** मध्य विद्यालय ओरलाहा में चेतना सत्र के दौरान सत्र- 2025- 26 के बाल संसद के प्रधानमंत्री अमर कुमार और उपप्रधानमंत्री सृष्टि कमारी को विद्यालय में पूरे साल उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया।विद्यालय के प्रधानाध्यापक राहुल कुमार रंजन ने बताया कि बाल सांसद विद्यालय में बच्चों को नेतृत्व, जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ देने के लिए बनाए जाते हैं। इनके सदस्य मुख्य रूप से विद्यालय व्यवस्था में सहयोग, कक्षा की साफ-सफाई, अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने समय पर प्रार्थना, उपस्थिति और कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित करने, विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखनेहाथ धोने, शौचालय का उपयोग और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने,मध्याह्न भोजन की निगरानी,भोजन की गुणवत्ता और समय पर वितरण पर नजर रखने,सभी बच्चों को समान रूप से भोजन मिले, यह सुनिश्चित करने,अनुशासन बनाए रखने,विद्यालय में नियमों का पालन करवाने,झगड़ा या विवाद होने पर समाधान में सहयोग करने में मदद करते हैं। शैक्षणिक गतिविधियों में सहयोग करने, बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करने,कमजोर छात्रों की मदद करने, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का आयोजन करवाने, खेल-कूद, गीत, नाटक, भाषण आदि कार्यक्रम आयोजित करते है। साथ ही राष्ट्रीय पर्व और विशेष दिनों (महापुरुषों की जयंती) का आयोजन करने में सक्रिय भूमिका निभाई है।बच्चों की अन्य समस्याओं और सुझावों को शिक्षकों तथा प्रधानाध्यापक तक पहुँचाते हैं। पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण करने, जल संरक्षण और स्वच्छ वातावरण के लिए जागरूकता फैलाना भी इनका प्रमुख कार्य है। इससे बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है और बच्चों में आत्मविश्वास, जिम्मेदारी और टीमवर्क की भावना विकसित होती है।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिका और सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



### जिलाधिकारी ने सत्तरकैटया में निमार्णाधीन विभिन्न योजनओं का निरीक्षण किया, मत्स्यगंधा में पर्यटन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किए

**सहरसा ( चौथी वाणी)।** बुधवार को सत्तर कटैया प्रखंड भ्रमण क्रम में जिलाधिकारी दीपेश कुमार द्वारा संदर्भित क्षेत्र में निमार्णाधीन प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया गया, उक्त अवसर पर वे किए जा रहे कार्य के वर्तमान प्रगति से अवगत हुए, आवंटित कार्य को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। उक्त अवसर पर कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे। वही दुसरी ओर सत्तरकटैया प्रखंड डीएम श्री कुमार द्वारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पंचगछिया में निमार्णाधीन पंचायत सरकार भवन एवं विद्युत शक्ति उपकेंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी किए जा रहे कार्यों के वर्तमान प्रगति से अवगत हुए, आवंटित कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर अपर समाहर्ता निशांत, वरीय उप समाहर्ता राजू कुमार, कार्यपालक अभियंता सहित अन्य सम्बंधित उपस्थित थे। जबकि डीएम श्री कुमार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 107 के पड़री पंचायत भ्रमण का भी संदर्भित क्षेत्र में परिलक्षित जल-जमाव समस्या के निवारण हेतु अविलंब उपयुक्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा डीएम श्री कुमार ने मत्स्यगंधा में पर्यटन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में आवंटित कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का 101 किलो लड्डू से तौल कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन

**सहरसा शहर ( चौथी वाणी)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. शशिशेखर झा के नेतृत्व में आज सहरसा के स्थानीय शंकर चैक पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी जी का 101 किलो के लड्डू से तौल कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकत्रा एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यकत्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन करते हुए संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकत्राओं ने कहा कि संजय सरावगी के नेतृत्व में बिहार में संगठन लगातार मजबूत हो रहा है तथा विकास एवं जनसेवा के कार्यों को गति मिल रही है।डॉ. शशिशेखर झा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनभावनाओं का सम्मान करने वाली पार्टी है और संगठन के मार्गदर्शन में समाज के सभी वर्गों के हित में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के सहरसा आगमन से कार्यकताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकत्राओं ने प्रदेश अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा संगठन की मजबूती और बिहार के विकास के संकल्प को दोहराया।इस मौके पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकत्रा उपस्थित रहे।



**जिले मे पहली बार आगमन पर भाजपा कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी को लड्डू से तौला**

## घोरदौड़ पंचायत में विकास के नाम पर खेल, डीएम ने जांच का दिया आष्वासन, अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार पर होगी सख्त कार्रवाई

**बनमा ईटहरी (सहरसा) ( चौथी वाणी)।** प्रखंड के घोरदौड़ पंचायत में जिला परिषद मद से चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर उठ रहे है सवाल। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि लाखों रुपये की लागत से कराए जा रहे निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे योजनाओं की पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, पहलाम चैक के समीप नाला निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसमें मानकों की अनदेखी कर निम्न स्तर की सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिससे इसके जल्द ही क्षतिग्रस्त होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, भगवानपुर गांव स्थित विद्यालय के समीप श्मशान घाट की बाउंड्री निर्माण में भी इसी तरह की लापरवाही सामने आई है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण में ईंट, सीमेंट और बालू की गुणवत्ता बेहद खराब है। सबसे बड़ी बात यह है कि दोनों ही निर्माण स्थलों पर सूचना पट्ट नहीं लगाया गया है, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि योजना की कुल लागत कितनी है, कार्य एजेंसी कौन है और निर्माण की समय सीमा क्या है। इससे लोगों में संदेह और भी गहरा हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं की गई, तो सरकारी राशि का दुरुपयोग जारी रहेगा और आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इस संबंध में जब जिलाधिकारी दीपेश कुमार से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी मिली है और इसकी जांच कराई जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।





## संपादकीय

# आधी आबादी को पूरा अधिकार, महिला आरक्षण से बदलेगा भारतीय लोकतंत्र का चेहरा



रुपेश कुमार सिंह
संपादक
चौथी वाणी

नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं की राजनीति में कम हिस्सेदारी को सुधारने का प्रयास है। आबादी में लगभग आधी हिस्सेदारी के बावजूद संसद और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बेहद कम है। लंबे इंतजार के बाद यह कानून लोकतंत्र को संतुलित बनाएगा, नीतियों में महिलाओं की आवाज बढ़ाएगा और राजनीति में समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

साल 2011 की जनगणना के मुताबिक भारत की जनसंख्या में महिलाओं की आबादी 48.5% थी। अनुमान है कि पिछले करीब डेढ़ दशक में इसमें कुछ सुधार ही हुआ होगा, लेकिन जो नहीं बदला, वह है देश की संसद और राज्य की विधानसभाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) इसी स्थिति को बदलने वाला कानून है और इसके पास व लागू होने में देरी नहीं होनी चाहिए।

**कमजोर प्रतिनिधित्व:** आंकड़े बताते हैं कि राजनीति में महिलाएं महत्वपूर्ण तो रहीं, पर ज्यादातर वोट बैंक के नजरिये से। उनको उचित प्रतिधिनित्व आज भी नहीं मिल पाया है, जबकि हर क्षेत्र में समान अधिकार की बात की जाती है। मौजूदा लोकसभा में महज 14% महिला सांसद हैं, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में तो स्थिति और खराब है - महज 10% महिला विधायक। और जब महिलाओं को मौका ही नहीं मिलेगा, तो यह सुधरेगा कैसे।

**लंबा इंतजार:** भारत ने अपनी आजादी के साथ ही महिलाओं को पुरुषों के बराबर वोटिंग का अधिकार देकर दुनिया के सामने नजीर पेश की थी, पर इसके अगले चरण - राजनीति में उनकी बराबर भागीदारी में देश पीछे रह गया। साल 1996 में एचडी देवेगौड़ा की सरकार में पहली बार महिला आरक्षण बिल लाया गया था और तब से तीन दशकों में चार असफल प्रयास हो चुके हैं। अब सरकार ने बिल पास करने के लिए 16 से 18 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाया है।

**लोकतंत्र में संतुलन:** पीएम नरेंद्र मोदी ने केरल में एक चुनावी रैली में महिलाओं से विपक्षी दलों पर दबाव बनाने की अपील की, ताकि संसद में महिला आरक्षण बिल बिना किसी विरोध के पास हो सके। आदर्श स्थिति तो यह होगी कि बिल को हर दल का साथ मिले, दबाव बनाने और विरोध की नौबत ही न आए। देर से ही सही, कम से कम अब इस काम को अंजाम तक पहुंच जाना चाहिए।

**नीतियों पर असर:** जब सदन में ज्यादा महिलाएं होंगी, तो आधी आबादी से जुड़े मुद्दों को ज्यादा आवाज मिलेगी। उनकी समस्याओं पर ज्यादा सटीक और संवेदनशील चर्चा हो सकेगी, जिससे नीतियां बनाने में मदद मिलेगी। महिलाओं की अनगिनत उपलब्धियों के बावजूद राजनीति उन कुछ क्षेत्रों में है, जहां उन्हें बराबर मौके नहीं मिल पाते। महिला आरक्षण बिल इस कमी को दूर करेगा। इस बदलाव का असर पूरे समाज पर पड़ेगा। महिला आरक्षण का सवाल सिर्फ सीटों का बंटवारा नहीं, भारत के लोकतंत्र को और संतुलित व न्यायपूर्ण बनाने का मुद्दा है।

# युद्धविराम या केवल रणनीतिक विराम अस्थायी राहत,गहरी अनिश्चितता और वैश्विक शक्ति

## वैश्विक समुदाय के लिए यह एक चेतावनी है कि केवल सैन्य शक्ति से नहीं, बल्कि संवाद, सहयोग और समझ से ही स्थायी शांति संभव है



लेखक
किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया (महाराष्ट्र)

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर 8 अप्रैल 2026 को पश्चिम एशिया एक बार फिर वैश्विक चिंता का केंद्र बन गया,जब डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान के साथ दो सप्ताह के अस्थायी युद्धविराम की घोषणा की गई। यह घोषणा चेतावनी की समय सीमा समाप्त होने के 90 मिनटपूर्व उस समय आई जब सैन्य टकराव अपने चरम पर था और सभ्यता के अंत जैसी कठोर चेतावनियाँ दी जा चुकी थीं। यद्यपि इस कदम से वैश्विक स्तरपर राहत की सांस ली गई,परंतु युद्धविराम के कुछ ही घंटों बाद ईरान की ऑयल रिफाइनरी में धमाका और खाड़ी देशों यूएई व कुवैत पर मिसाइल एवं ड्रोन हमले इस तथ्य को रेखांकित करते हैं कि यह शांति स्थायी नहीं बल्कि अत्यंत नाजुक है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि इस पूरे घटनाक्रम को समझना आवश्यक है, क्योंकि यह केवल दो देशों के बीच संघर्ष नहीं,बल्कि वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा, कूटनीतिक संतुलन,और क्षेत्रीय शक्ति समीकरणों का व्यापक प्रतिबिंब है।अमेरिका और ईरान के बीच हुआ यह युद्धविराम मूलतः एक टैक्टिकल पॉज है, न कि स्थायी समाधान। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने स्पष्ट किया है कि यह युद्ध का अंत नहीं बल्कि वार्ता की संभावनाओं को खोलने के लिए लिया गया कदम है। ईरान ने यह भी स्पष्ट किया कि उसकी सैन्य गतिविधियां पूरी तरह बंद नहीं होंगी,बल्कि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उस पर हमले रुकते हैं या नहीं।इस प्रकार, यह युद्धविराम शर्तों पर आधारित है,एक ऐसा संतुलन जहां दोनों पक्ष अपनी सैन्य तैयारियों को बनाए रखते हुए कूटनीतिक संवाद का रास्ता तलाश रहे हैं। यही कारण है कि ईरान ने साफ कहा कि हमारे हाथ ट्रिगर पर हैं, जो इस समझौते की अस्थिरता को उजागर करता है। साथियों बात अगर हम स्ट्रेट ऑफ होर्मुज: वैश्विक ऊर्जा राजनीति का केंद्र इसको समझने की करें तो इस पूरे संघर्ष का सबसे महत्वपूर्ण पहलू स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ है, जिससे होकर विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल की आपूर्ति होती है। अमेरिका की प्रमुख मांग रही है कि इस जलमार्ग को तुरंत और सुरक्षित रूप से खोला जाए।ईरान ने इस पर सैद्धांतिक सहमति तो दी है,लेकिन अपनी शर्तों के साथ,जिसमें उसकी सैन्य निगरानी औरतकनीकी नियंत्रण शामिल है। यह दर्शाता है कि ईरान इस जलमार्ग को केवल व्यापारिक मार्ग नहीं बल्कि एक रणनीतिक हथियार के रूप में देखता है।यदि होर्मुज बंद होता है, तो वैश्विक तेल कीमतों में भारी उछाल, सप्लाई चेन बाधित होना, और आर्थिक अस्थिरता निश्चित है। इसीलिए इस जलमार्ग का खुलना पूरी दुनिया के लिए राहत का संकेत माना जा रहा है। साथियों बात अगर हम ईरान की 10 शर्तें: शांति या रणनीतिक दबाव? इसको समझने की करें तो ईरान ने युद्धविराम को स्थायी शांति में बदलने के लिए 10 सूत्रीय प्रस्ताव रखा है,जो केवल सैन्य संघर्ष समाप्त करने तक सीमित नहीं बल्कि व्यापक भू-राजनीतिक पुनर्संतुलन की मांग करता है।इन शर्तों में अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाना, जब्त संपत्तियों की वापसी, पुनर्निर्माण के लिए वित्तीय सहायता, और क्षेत्रीय संघर्षों जैसे यमन, लेबनान, इराक—का स्थायी समाधान शामिल है। साथ ही, ईरान ने परमाणु हथियार न बनाने की प्रतिबद्धता भी जताई है, लेकिन इसके साथ यूरेनियम संवर्धन के अधिकार की बात भी रखी है।यहीं सबसे बड़ा विवाद उत्पन्न होता है। अमेरिका लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करना चाहता है, जबकि ईरान इसे अपनी संप्रभुता का हिस्सा मानता है। फारसी और अंग्रेजी दस्तावेजों में यूरेनियम संवर्धन को लेकर अंतर इस वार्ता को और जटिल बनाता है। साथियों बात अगर हम जमीनी हकीकत: युद्धविराम के बावजूद जारी हमले इसको समझने की करें तोयुद्धविराम की घोषणा के बावजूद, खाड़ी क्षेत्र में मिसाइल और ड्रोन हमलों की खबरें लगातार आ रही हैं। इजराइल द्वारा ईरान पर हमले जारी रखना और ईरान की ओर सेजवाबी कार्रवाई इस बात का संकेत है कि जमीनी स्तरपर स्थिति अभी भी नियंत्रण में नहीं है।यह विरोधाभास राजनीतिक घोषणाएं बनाम वास्तविक घटनाएं इस संघर्ष की जटिलता को उजागर करता है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि युद्ध केवल दो देशों तक सीमित नहीं बल्कि एक व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष बन चुका है, जिसमें कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष खिलाड़ी सक्रिय रूप से शामिल हैं। साथियों बात अगर हम इस संपूर्ण मामले पर भारत की प्रतिक्रियाः संतुलित कूटनीति और मानवीय चिंता को समझने की करें तो,भारत ने इस युद्धविराम का स्वागत करते हुए इसे शांति की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारत हमेशा से संवाद और कूटनीति का समर्थक रहा है।हालांकि, भारत की प्राथमिक चिंता अपने नागरिकों की सुरक्षा है। 8 अप्रैल 2026 को एम्बेस्सी ऑफ इंडिया इन तेहरान ने एक आपातकालीन एडवाइजरी जारी कर ईरान में रह रहे लगभग 9,000 भारतीयों से देश छोड़ने की अपील की।यह कदम दशार्ता है कि भारत स्थिति की गंभीरता को समझ रहा है और किसी भी संभावित खतरे से पहले अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालना चाहता है। यह प्रोएक्टिव डिप्लोमेसी का उदाहरण है। साथियों बात अगर हम सीजफायर के मुद्दे पर भारत में राजनीतिक प्रतिक्रियाः कूटनीति बनाम राजनीति को समझने की करें तो इस अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम का प्रभाव भारत की आंतरिक राजनीति पर भी पड़ा है। महाराष्ट्र क्षेत्रीय पार्टी के एक नेता ने केंद्र सरकार और पीएम पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भारत इस वैश्विक संकट में प्रभावी भूमिका निभाने में असफल रहा।उन्होंने पाकिस्तान की कथित मध्यस्थता का हवाला देते हुए सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाए। इसके जवाब में सत्ताधारी दल ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि स्थिति की गंभीरता को समझना आवश्यक है और भारत अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं के अनुसार कार्य कर रहा है।यह बहस दशार्ती है कि विदेश नीति भी अब घरेलू राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बन चुकी है। साथियों बात कर हम सीजफायर के इस मुद्दे पर पाकिस्तान की भूमिकाः कूटनीतिक अवसर या अतिशयोक्ति? इसको समझने की करें तो इस युद्धविराम में पाकिस्तानी पीएम और सेवा प्रमुख की भूमिका को लेकर चर्चा हो रही है। ट्रंप ने स्वयं दावा किया कि पाकिस्तान के अनुरोध पर उन्होंने सैन्य कार्रवाई रोकी फिर भी हालांकि इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि सीमित है, लेकिन यह स्पष्ट है कि पाकिस्तान इस स्थिति को एक कूटनीतिक अवसर के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहा है। इससे दक्षिण एशिया की भू-राजनीति में भी नए समीकरण बन सकते हैं।इसी बीच, भारत द्वारा पाकिस्तान सीमा के पास नोटम जारी करना और बंगाल की खाड़ी में जीएनएसएस (जीपीएस ) जैमिंग ट्रायल की योजना इस बात का संकेत है कि आधुनिक युद्ध केवल पारंपरिक हथियारों तक सीमित नहीं रहा।सैटेलाइट सिग्नल को बाधित करने की क्षमता भविष्य के युद्धों में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। यह कदम भारत की तकनीकी और सामरिक तैयारी को दशार्ता है, जो बदलते वैश्विक सुरक्षा वातावरण के अनुरूप है। साथियों बात अगर हम इस पूरे मामले और सीज फायर को अंतरराष्ट्रीय परिपेक्ष में समझने की करें तो वैश्विक प्रभावः ऊर्जा, अर्थव्यवस्था और कूटनीति पर असर होगा इस संघर्ष का प्रभाव केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि वैश्विक है। ऊर्जा आपूर्ति, व्यापार मार्ग, और वित्तीय बाजार—आल इंटरकनेक्टेड हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य के खुलने या बंद होने का सीधा असर तेल की कीमतों और वैश्विकअर्थव्यवस्था पर पड़ता है।इसके अलावा, यह संघर्ष अमेरिका, ईरान, इजरायल, खाड़ी देशों और अन्य शक्तियों के बीच शक्ति संतुलन को भी प्रभावित करता है। यदि यह युद्ध लंबा खिंचता है, तो इसका असर वैश्विक मंदी तक पहुंच सकता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अनिश्चित शांति और लंबी कूटनीतिक यात्रा 8 अप्रैल 2026 का यह युद्धविराम एक राहत अवश्य प्रदान करता है, लेकिन यह स्थायी शांति का संकेत नहीं है। ईरान और अमेरिका के बीच अविश्वास, परमाणु कार्यक्रम पर मतभेद, और क्षेत्रीय संघर्षों की जटिलता इस समझौते को बेहद नाजुक बनाती है।भारत जैसे देशों के लिए यह समय संतुलित कूटनीति, नागरिक सुरक्षा, और रणनीतिक तैयारी का है। वहीं, वैश्विक समुदाय के लिए यह एक चेतावनी है कि केवल सैन्य शक्ति से नहीं, बल्कि संवाद, सहयोग और समझ से ही स्थायी शांति संभव है।इस प्रकार, यह युद्धविराम एक अंत नहीं बल्कि एक अंतराल है एक ऐसा अंतराल, जिसमें दुनिया को यह तय करना है कि वह संघर्ष की ओर बढ़ेगी या सहयोग की ओर बढ़ेगी




# 'अहंकार सर्वत्र वर्जयेत' — वैश्विक शक्ति-राजनीति के बीच भारत का संतुलित संदेश.- *प्रो0 गीता सिंह

आज का विश्व एक गहरे संक्रमण काल से गुजर रहा है। महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा, क्षेत्रीय संघर्ष और वैचारिक टकराव वैश्विक वातावरण को अस्थिर बना रहे हैं।



.. ऐसे समय में कूटनीति का उद्देश्य तनाव कम करना और स्थिरता स्थापित करना होना चाहिए, किंतु कई बार अंतरराष्ट्रीय राजनीति में ऐसी परिस्थितियाँ बनती हैं जहाँ शब्द और दावे वास्तविकता से अधिक नाटकीय प्रतीत होते हैं।

...हाल के घटनाक्रम इसी प्रकार के विरोधाभास को सामने लाते हैं। कुछ समय पहले तक ऊङ्गल्ल'ि ळ१४स्र के वक्तव्यों में ऐसी कठोर भाषा सुनाई देती थी जिसमें यह संकेत दिया गया कि यदि आवश्यकता पड़ी तो किसी सभ्यता को ह्लएक रात में समाप्तह्व किया जा सकता है।

... यह भाषा शक्ति के अहंकार का प्रतीक थी। किंतु वही राजनीतिक विमर्श अब यह कहता दिखाई देता है कि क्र्ल्ल के साथ बातचीत की संभावनाएँ सकारात्मक हैं और उसके प्रस्तावों को गंभीरता से देखा जा रहा है।

. ..यह परिवर्तन स्वयं में कूटनीति का सामान्य हिस्सा हो सकता है, क्योंकि संवाद ही संघर्ष का वास्तविक विकल्प है। परंतु यहाँ जो प्रश्न उभरता है वह इस प्रक्रिया की विश्वसनीयता से जुड़ा है। जब अचानक यह कहा जाता है कि संभावित वार्ता के लिए बैठकें कर्ि में आयोजित हो सकती हैं और ढ२३ल्ल मध्यस्थता की भूमिका निभा सकता है, तब यह स्थिति अनेक जिज्ञासाएँ पैदा करती है।

..मध्यस्थता अंतरराष्ट्रीय संबंधों में अत्यंत गंभीर और संवेदनशील प्रक्रिया होती है। इसके लिए जिस देश को मध्यस्थ बनाया जाता है, उससे अपेक्षा होती है कि वह विश्वसनीय, संतुलित और व्यापक रूप से स्वीकार्य हो।

.....ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि एक महाशक्ति और एक ऐसे राष्ट्र के बीच यह समीकरण किस आधार पर निर्मित हो रहा है, जिसकी वैश्विक छवि लंबे समय तक आतंकवाद और क्षेत्रीय अस्थिरता की बहसों से जुड़ी रही है।

...यही वह विरोधाभास है जो आज की वैश्विक राजनीति को समझने के लिए महत्वपूर्ण है। एक ओर शक्ति का दंभ है—जहाँ सभ्यताओं को समाप्त करने की भाषा सुनाई देती है—और दूसरी ओर वही शक्ति अचानक संवाद और मध्यस्थता की बात करती है। यह परिवर्तन सकारात्मक भी हो सकता है, परंतु यदि इसके पीछे केवल रणनीतिक लाभ या राजनीतिक छवि निर्माण हो, तो यह स्थायी समाधान का आधार नहीं बन सकता।

....यहीं पर भारत की सभ्यतागत दृष्टि एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रस्तुत करती है। भारतीय चिंतन सदियों से यह कहता आया है कि शक्ति का उपयोग संतुलन के लिए होना चाहिए, प्रभुत्व के लिए नहीं। इसी भावना को संस्कृत का एक सूत्र अत्यंत स्पष्ट रूप से व्यक्त करता है— ह्लअहंकार सर्वत्र वर्जयेतह्व, अर्थात हर परिस्थिति में अहंकार का त्याग किया जाना चाहिए।....

भारत की यह दृष्टि केवल नैतिक उपदेश नहीं है; यह एक व्यावहारिक कूटनीतिक सिद्धांत भी है। जब राष्ट्र अहंकार से संचालित होते हैं तो संघर्ष बढ़ता है, और जब वे संवाद और सहयोग को प्राथमिकता देते हैं तो स्थिरता का मार्ग खुलता है।

.... इसलिए भारत बार-बार वैश्विक मंचों पर ह्लवसुधैव कुटुम्बकम्ह्व की भावना को सामने रखता है—एक ऐसी दृष्टि जिसमें विश्व को प्रतिस्पर्धी शक्तियों के समूह के रूप में नहीं, बल्कि एक साझा मानव परिवार के रूप में देखा जाता है। आज के परिदृश्य में यदि वास्तव में ईरान के साथ संवाद की प्रक्रिया आगे बढ़ती है, तो यह विश्व के लिए सकारात्मक संकेत हो सकता है। किंतु इस प्रक्रिया की सफलता केवल घोषणाओं या मंचों से नहीं तय होगी; यह इस बात से तय होगी कि क्या इसमें वास्तविक विश्वास, संतुलन और ईमानदारी है।

....विश्व राजनीति को आज यह समझने की आवश्यकता है कि युद्ध की भाषा और शांति की भाषा साथ-साथ नहीं चल सकतीं। यदि सभ्यताओं को मिटाने की चेतावनी दी जाएगी और उसी समय शांति का दावा भी किया जाएगा, तो वह कूटनीति नहीं बल्कि विरोधाभास बन जाएगा।

इसलिए आज का समय विश्व नेतृत्व से एक नए आत्मसंयम की अपेक्षा करता है।

... महाशक्तियों को यह समझना होगा कि उनका प्रभाव तभी सार्थक है जब वह मानवता की रक्षा के लिए उपयोग हो। और जिन राष्ट्रों को मध्यस्थता की भूमिका दी जाती है, उनके लिए भी यह आवश्यक है कि वे विश्वसनीयता और संतुलन की कसौटी पर खरे उतरें।

..भारत का संदेश इसी संदर्भ में अत्यंत स्पष्ट है—
शक्ति का सर्वोच्च रूप विजय नहीं, बल्कि संयम है; और कूटनीति का सर्वोच्च उद्देश्य प्रभुत्व नहीं, बल्कि मानवता की रक्षा है।

यदि विश्व इस सत्य को स्वीकार कर सके, तो शायद आज की अस्थिरता के बीच भी शांति का एक स्थायी मार्ग खोजा जा सकता है।

और तब भारतीय ज्ञान का यह सूत्र केवल शास्त्रों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक राजनीति का मार्गदर्शक सिद्धांत बन सकेगा— 'अहंकार सर्वत्र वर्जयेत।'

प्रो0 गीता सिंह
दिल्ली यूनिवर्सिटी दिल्ली

# चलो दिलदार चलो चाँद के पार चलो



लेखक
अशोक भाटिया
वसई पूर्व, मुंबई

ओरियन अंतरिक्ष यान को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेस लॉन्च सिस्टम (एसएलएस) नामक एक विशाल रॉकेट और कमांडर रीड वाइसमैन के नेतृत्व में एक टीम में पायलट विक्टर ग्लोवर, मिशन विशेषज्ञ क्रिस्टीना कोच और कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी के जेरेमी हैनसन शामिल थे। क्रिस्टीना कोच के पास पहले से ही सबसे लंबी एकल अंतरिक्ष यात्रा का रिकॉर्ड है, जो चंद्रमा की कक्षा में पहुंचने वाली पहली महिला हैं निश्चित। ये चारों विशेषज्ञ चंद्रमा के 'दूर के भाग' का निरीक्षण करेंगे, यानी पृथ्वी का वह हिस्सा जो पृथ्वी से कभी दिखाई नहीं देता है। यह मिशन न केवल चंद्रमा की कक्षा के लिए बल्कि भविष्य के मंगल मिशनों और चंद्रमा पर एक स्थायी मानव बस्ती की स्थापना के लिए भी एक महत्वपूर्ण आधार होगा। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य मानव अंतरिक्ष यात्रा की सीमाओं का परीक्षण करना और वास्तविक वातावरण में नई तकनीकों का परीक्षण करना है। आर्टेमिस-2 एक 'क्रूड फ्लाईबाय' मिशन है। इसका मतलब है कि अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की सतह पर नहीं उतरेंगे , बल्कि चंद्रमा के पीछे की ओर एक चौड़े मोड़ के साथ पृथ्वी पर लौटेंगे। 10 दिन की यात्रा के दौरान, ओरियन अंतरिक्ष यान पृथ्वी से लगभग 393,000 किलोमीटर की दूरी तक पहुंचेगा, जो अपोलो 13 मिशन द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ देगा, जो पृथ्वी से 2.3 मिलियन मील की यात्रा करेगा। इस मिशन के पीछे मुख्य कारण यह है कि 2008 में नासा ने एक चंद्रयान मिशन लॉन्च किया था जिसमें चांद पर पानी के सबूत मिले थे। इसकी पुष्टि के लिए इस अभियान की योजना बनाई गई है। इस बार मिशन का उद्देश्य चंद्रमा पर जाना और झंडा लगाना नहीं है, यह संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के बीच वैज्ञानिक वर्चस्व की लड़ाई थी, और यह इस बात पर लड़ी गई थी कि इस पर कौन हावी है, लेकिन अब समय चला गया है, रूस ढह गया है और अमेरिका अब दुनिया का सबसे मजबूत राष्ट्र नहीं है। आर्टेमिस विज्ञान और भू-राजनीतिक संघर्ष में एक अलग युग का प्रतिनिधित्व करता है, और चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका अंतरिक्ष की दौड़ में एकमात्र अग्रणी स्थान के रूप में चंद्रमा के लिए लड़ रहे हैं। आर्टेमिस एक विश्वव्यापी अंतरिक्ष अन्वेषण है। इस अभियान का उद्देश्य बहुत व्यापक है। चंद्रमा पर बर्फ पाई गई थी, और वैज्ञानिकों का अनुमान है कि चंद्रमा पर गड्ढे हैं और क्या इस बर्फ का उपयोग अंतरिक्ष स्टेशन बनाने के लिए किया जा सकता है? इसके अलावा, क्या रॉकेट लॉन्चर के लिए चंद्रमा पर जीवन रक्षक प्रणालियों के साथ ऑक्सीजन और हाइड्रोजन का उपयोग किया जा सकता है? लेकिन यह स्वीकार करना होगा कि इस मिशन ने एक बार फिर इस अंतरिक्ष प्रभुत्व में अमेरिका के आधिपत्य को साबित कर दिया है। इसने साबित कर दिया कि संयुक्त राज्य अमेरिका अब रूस के साथ नहीं, बल्कि चीन के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है, क्योंकि आर्टेमिस मिशन ने चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच अंतरिक्ष प्रतिस्पर्धा, संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बीच तकनीकी वर्चस्व के लिए एक भयंकर लड़ाई और सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक वर्चस्व के लिए एक नया आयाम दिया है। संभावित जल प्रतिस्पर्धा और संसाधनों के लिए राष्ट्र इसमें उतरे हैं। अमेरिका ने इस दिशा में शुरूआत कर दी है, जबकि चीन 2028-29 में चांद पर उतरेगा। आर्टेमिस का महत्व यह है कि यह साबित करेगा कि किसके पास बेहतर मानव उड़ान क्षमता है, इसलिए संयुक्त राज्य अमेरिका का लक्ष्य अंतरिक्ष में अपना पहला स्थान बनाना और उस पर बने रहना है।अमेरिका के मिशन में यूरोप, कनाडा और जापान के अंतरिक्ष वैज्ञानिक शामिल हैं, जबकि चीन स्वतंत्र है। बेशक चीन का साथी रूस है, आर्टेमिस की सफल वापसी अमेरिका के प्रभुत्व को साबित करती है। यह अंतरिक्ष प्रतियोगिता केवल द्विपक्षीय नहीं है, बल्कि भारत जैसे देशों ने भी अंतरिक्ष वर्चस्व में अपनी ताकत का प्रदर्शन किया है। आर्टेमिस संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह अंतरिक्ष अन्वेषण में अपनी प्रमुखता फिर से हासिल कर सकता है और चीन की उन्नत क्षमताओं में अमेरिका की ताकत का प्रदर्शन कर सकता है। आर्टेमिस दस दिवसीय मिशन है जो एक बार फिर चंद्र अंतरिक्ष में अमेरिका के प्रभुत्व को साबित करेगा। यह चीन को अपने मिशन को तेज करने के लिए भी प्रेरित करेगा। अब चंद्रमा के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बीच एक नई प्रतिस्पर्धा है, और अंतरिक्ष दौड़ का भाग्य इस बात से तय होगा कि उस पर कौन हावी है। 1961 में, यूरी गगारिन पहले अंतरिक्ष यात्री बने, उसके बाद अमेरिकी चंद्र मिशन और फिर आर्टेमिस मिशन। बहरहाल नासा का प्रदर्शन मानव जाति के लिए एक खुशी की बात है जो एक ओर एक तर्कहीन प्रतीत होने वाले समाज की वास्तविकता में फंस गया है जो एक ओर अपनी बुद्धि को किसी क्षुद्र बाबापु के चरणों में गिरवी रखता है, और दूसरी ओर, धर्म/जाति की कृत्रिम सीमाओं में विभाजित एक हास्यास्पद रूप से नासमझ समाज। आर्टेमिस का रिकॉर्ड पृथ्वी से इतनी लंबी दूरी की यात्रा कभी कोई नहीं कर पाया है। उस सीमा को भी आर्टेमिस ने पार कर लिया था। मानव क्षमता की सीमाओं को पार करना कुछ ऐसा है जो केवल एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही कर सकता है। इस देश की महानता इस तथ्य में निहित है कि संयुक्त राज्य अमेरिका डोनाल्ड ट्रम्प जैसे विचित्र राष्ट्रपति के साथ भी इस दृष्टिकोण और इसके महत्व को बनाए रख सकता है। उस वैज्ञानिक भावना को सलाम करना और 'आर्टेमिस-2' मिशन का जश्न मनाना वांछनीय है। आर्टेमिस, ग्रीक पौराणिक कथाओं में प्रकाश के देवता अपोलो की बहन है। ग्रीक पौराणिक कथाओं में, माउंट ओलंपस पर रहने वाले 12 मुख्य ओलंपियन पूजनीय हैं। आर्टेमिस उनमें से एक है। महिलाओं की स्वतंत्रता पर जोर देने के बावजूद, आर्टेमिस को चंद्रमा के करीब माना जाता है। आइंस्टीन से लेकर पंडित नेहरू तक, बुद्धिजीवियों, शोधकताओं और लेखकों के बीच कविता का प्रेम हमेशा से ही आकर्षक रहा है। स्पिनोजा को काव्यात्मक श्रद्धांजलि देने वाले आइंस्टीन और हिंदी कवि निराला से लेकर रॉबर्ट फ्रॉस्ट तक की कई कविताओं को याद करने वाले पंडित नेहरू ने वैज्ञानिकों की काव्यात्मक प्रतिभा और पहले चंद्र मिशन को आगे बढ़ाने वाले अंतरिक्ष यान के नाम 'आर्टेमिस' का प्रतीक था।'पृथ्वी का लव सॉन्ग' गाते हुए वह माहेरा के रास्ते पर जाएंगे। पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश करने और प्रशांत महासागर में सुरक्षित रूप से उतरने के बाद, चार आर्टेमिस अंतरिक्ष यात्रियों - रीड वाइसमैन, विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और जेरेमी हैनसेन के चेहरों को वह हासिल करने की संतुष्टि होगी जो किसी भी नश्वर इंसान ने कभी हासिल नहीं किया है। मिशन के सबसे कठिन और जीवन-धमकाने वाले चरणों में से एक नासा के पृथ्वी नियंत्रण केंद्रों और किसी भी अन्य संचार प्रणालियों का पूर्ण वियोग था। लगभग एक चौथाई घंटे में, किसी के पास कोई जवाब नहीं था कि उनके और उनके चार अंतरिक्ष यात्रियों के साथ क्या हुआ था, क्या होने वाला था, और कुछ अप्रिय होने की स्थिति में उन्हें कैसे और कहां खोजा जाए। यह विज्ञान से आता है। उन्नीसवीं सदी के लुई पाश्चर, जिन्होंने एक पागल कुत्ते के मुंह में एक ट्यूब चुभाकर उसकी लार चूसने थे, और एडवर्ड जेनर, जिन्होंने सौ साल तक अपने चरवाहे की देवी से एक परिचित बच्चे के शरीर में मवाद का इंजेक्शन लगाया और लाइलाज बीमारी के साथ प्रयोग किया, और ऐसे कई वैज्ञानिकों के अंधे प्रयोगों के पीछे अंध विज्ञान-विश्वास था। जो इस विज्ञान को सहेजते हैं, वे देश/समाज को आगे बढ़ाते हैं। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प, जिनका इस प्रगति से कोई समानता नहीं है, ने अपने नासा मिशन के चार अंतरिक्ष यात्रियों से बात की। इसका कई चैनलों द्वारा सीधा प्रसारण किया गया। जिन लोगों ने इसे देखा होगा, उन्होंने इसमें दिलचस्प विसंगतियों को आसानी से देखा होगा। इस बातचीत में ट्रंप ने चारों अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी पर लौटने पर व्हाइट हाउस आने का न्योता दिया। यह अवसर विशेष है। राज्य के प्रमुख का यह महसूस करना गलत नहीं है कि वह विश्व विजय प्राप्त करने वाले अपने देशवासियों के सम्मान के अवसर पर अपने ऊपर कुछ विश्व विजेता चिह्न छिड़कने चाहिए। जब मैं व्हाइट हाउस आऊंगा तो मैं आपके हस्ताक्षर चाहता हूं। तथ्य यह है कि इस समय एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री हमारे साथ है, महत्वपूर्ण था।ट्रंप ने अमेरिका के इस पड़ोसी देश के खिलाफ सख्त आयात शुल्क लगा दिया था। नतीजतन, एक पारंपरिक भागीदार और पड़ोसी देश के साथ अमेरिका के ऐतिहासिक संबंध कड़वे हो गए हैं। लेकिन इस वास्तविकता की परवाह किए बिना, अंतरिक्ष यात्रियों ने कनाडाई अंतरिक्ष यात्री होने के बारे में खुशी व्यक्त की। इतना ही नहीं, बल्कि इसने यह भी बताया कि अंतरिक्ष यान में संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा के राष्ट्रीय झंडे कैसे एक-दूसरे के करीब हैं। केवल एक सच्चे लोकतांत्रिक देश के नागरिक ही ऐसा कर सकते हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि आर्टेमिस अंतरिक्ष यान ऐसे देशों के नागरिकों का इलाज कर रहा है। अंतरिक्ष यात्रा क्या सिखाती है, इस सवाल पर इन अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा दिया गया उत्तर किसी भी बुद्धिमान सज्जन को अभिभूत कर देगा। इस प्रश्न का उनका उत्तर 'विनम्रता' भी उनकी बौद्धिक परिपक्वता को दशार्ता है। एक बार गुरुत्वाकर्षण की सीमाएं पार हो जाती हैं, तो देशों के बीच की सीमाएं धुंधली हो जाती हैं और उन्हें इस ब्रह्मांडीय ब्रह्मांड में अपने खालीपन और हीनता का एहसास होता है।

प्रकाशक, संपादक, मुद्रक रूपेश कुमार सिंह, रैप एक्सप्रर्टस प्राइवेट लिमिटेड पटना द्वारा, कॉमी तंजीम पब्लिसर्स प्रा. लिमिटेड, अमीन मंजिल, सब्जीबाग, पटना-800004 से मुद्रित। ज्योति प्रकाश भवन, जकरियापुर एसएफसी कॉलोनी, जीरो माइल गंगा पेट्रोल पंप के नजदीक, पटना से प्रकाशित। संपर्क सूत्र : 9835055017 / 7004145686, RNI NO—BIHHIN/2021/85413

संक्षिप्त खबरें

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, बी. डी. कॉलेज में विविध प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**चौथी वाणी/पटना।** विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर - सभी के स्वास्थ्य के लिए साथ आएं, विज्ञान का साथ दें, थीम के तहत बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं बी. डी. कॉलेज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में






एड्स जागरूकता को लेकर विभिन्न रचनात्मक एवं प्रभावशाली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना था। कार्यक्रम के अंतर्गत मंच नाटक, तात्कालिक भाषण तथा प्रदर्शनी जैसे आयोजन किए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंच नाटक के माध्यम से सामाजिक संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया, वहीं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने विचारों को सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया। इस दौरान प्रदर्शनी में कला के जरिए एड्स से बचाव और जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना निदेशक सुमित कुमार एवं बी.डी. कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के युवा निर्देशक आलोक कुमार व बबन कुंवर सेवा समिति के सचिव अमित कुमार सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में युवाओं की ऊर्जा, रचनात्मकता और सक्रिय सहभागिता देखने को मिली, जिसने यह संदेश दिया कि जागरूकता ही बचाव है। इस अवसर पर बबन कुंवर सेवा समिति द्वारा प्रतिभागियों एवं उपस्थित लोगों के बीच नारियल पानी का वितरण भी किया गया। इस आयोजन ने यह स्पष्ट किया कि सामूहिक प्रयास और वैज्ञानिक सोच के माध्यम से ही एचआईवी/एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति समाज को जागरूक कर एक स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है।

## छपरा-सिवान रेलखंड पर सघन टिकट जांच अभियान, 103 यात्री बिना टिकट पकड़े गए

**चौथी वाणी/छपरा।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल द्वारा टिकट रहित यात्रा पर रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार 08 अप्रैल 2026 को छपरा-सिवान-थावे-जलालपुर-मशरख-छपरा कचहरी रेलखंड पर व्यापक स्तर पर टिकट जांच अभियान



चलाया गया, जिसमें बिना टिकट एवं अनियमित टिकट पर यात्रा कर रहे 103 यात्रियों को पकड़ा गया। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान छपरा, सिवान, जलालपुर, थावे, मशरख एवं छपरा कचहरी स्टेशनों को आधार बनाकर संबंधित रेलखंड पर किलाबंदी कर जांच की गई। इस दौरान गाड़ी संख्या 75103 छपरा-थावे डेमू, 75105 थावे-नकहा जंगल डेमू, 55036 गोरखपुर-सिवान सवारी गाड़ी तथा 55109 थावे-मशरख-छपरा कचहरी सवारी गाड़ी सहित कई ट्रेनों में सघन जांच की गई। टिकट जांच दल में मुख्य वाणिज्य निरीक्षक विशाल कुमार सिंह, मुख्य टिकट निरीक्षक सईद अख्तर, राजेश सिंह, राजीव कुमार, अमित कुमार, सुधाकर मिश्रा, प्रकाश कुमार, प्रतिमा कुमारी एवं ममता कुमारी सहित कुल आठ टिकट जांच कर्मचारी तथा एक रेलवे सुरक्षा बल के जवान शामिल रहे। जांच के दौरान पकड़े गए यात्रियों से कुल 27,850 रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया।
इस सघन जांच अभियान के दौरान संबंधित स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की लंबी कतारें भी देखी गईं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान रेलवे नियमों का पालन करें, वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें तथा ट्रेनों एवं स्टेशनों पर स्वच्छता बनाए रखें।

## बिक्रमगंज अनजबित सिंह महाविद्यालय में सेमिनार का आयोजन

**बिक्रमगंज संवाददाता (चौथी वाणी):** बिक्रमगंज अनुमंडल का एकमात्र अंगीभूत कॉलेज अनजबित सिंह महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग ने आज नीतीश युग उपलब्धियां, विफलताएं और सबक इस ज्वलंत मुद्दे पर सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ ओम प्रकाश



राम ने किया। मुख अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य डॉ एस एस भास्करम ने मंच का शोभा बढ़ाया। मुख्य वक्ता डॉ अखलाख अहमद, विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान ने 42 स्लाइड के माध्यम से बिहार की 20 वर्षों की राजनीतिक गतिविधियों को प्रस्तुत किया। सेमिनार में 60 शोध पत्र छात्रों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। शोध पत्र में सबसे अच्छा प्रस्तुतीकरण का अवॉर्ड गणित विभाग की छात्रा आराध्या राज को, द्वितीय स्थान राजनीति विज्ञान की छात्रा रौशनी कुमारी को तो तृतीय स्थान हनी दुबे, अंग्रेजी विभाग को मिला। इस अवसर पर विभाग ने प्रतिवर्ष की भांति 10 छात्रों को स्टार स्टूडेंट ऑफ डिपार्टमेंट के अवॉर्ड से सम्मानित किया। विभाग ने अपने शैक्षणिक गतिविधियों, क्रियाकलाप, उपलब्धियों और भावी योजना के दृष्टिगत स्मारिका का विमोचन कराया। इस अवसर पर डॉ नीलम कुमारी ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ रौशनी कुमारी ने सेमीनार का विषय प्रवेश कराया तथा डॉ आरके पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संचालन का कार्य डॉ देवेश पाण्डेय ने किया।

# नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने आमी के मां अंबिका भवानी के मंदिर में की पूजा-अर्चना

**चौथी वाणी/छपरा/दिघवारा (सारण)।** दिघवारा प्रखंड के मां अंबिका भवानी मंदिर आमी में बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने अपनी हाजिरी लगाई और मां के दरबार में माथा टेकते हुए विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया।इस दौरान मंदिर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम दिखे।शाम के लगभग साढ़े तीन बजे निशांत कुमार आमी मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में पहुंचकर विधिवत रूप से पूजा अर्चना करते हुए प्रसाद और चुनरी चढ़ाया और प्रदेश में अमन चैन



व तरक्की की कामना की।फिर वे मंदिर के परिसर में स्थित भगवान भोलेनाथ की विशालकाय मूर्ति के सामने पहुंचकर माथा टेका। पहली बार मां अंबिका के दरबार में पहुंचकर निशांत कुमार ने प्रसन्नता जाहिर की।पूजा अर्चना करने के बाद उन्होंने पूरे मंदिर परिसर का भ्रमण किया जहां पुजारी व स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें मंदिर के धार्मिक व पौराणिक इतिहास से रूबरू कराया गया।बाद में उन्होंने मंदिर परिसर के रेस्टहाउस का भी जायजा लिया। स्थानीय लोगों ने मंदिर के विकास से जुड़ी अपनी कई मांगों से निशांत कुमार को अवगत कराया।इस दौरान निशांत कुमार का मंदिर न्यास समिति के सचिव प्रतिनिधि रितेश तिवारी, पूर्व प्रखंड प्रमुख जनार्दन सिंह चौहान, राकेश सिंह उर्फ बबलू सिंह, चंदन सिंह,राजकुमार तिवारी,मनन तिवारी,रंजीत तिवारी,मुनमुन तिवारी, जीपू तिवारी, कल्याण तिवारी व मनोज तिवारी सरीखे कई पुजारियों ने मां अंबिका की मूर्ति व पिंड पर अर्पित चुनरी भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद श्री कुमार वापस पटना लौट गए।

## जेपीयू के शिक्षकेत्तर कर्मी 10 अप्रैल से देंगे अनिश्चितकालीन धरना, मांगों पर सहमति

**चौथी वाणी/छपरा (सारण)।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय (जेपीयू) के शिक्षकेत्तर कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों की पूर्ति नहीं होने पर 10 अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरना देने का निर्णय लिया है। यह धरना विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के मुख्य गेट के सामने आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में जयप्रकाश विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ, छपरा के अध्यक्ष मुकेश कुमार तिवारी एवं सचिन विपिन कुमार द्वारा कुलसचिव डॉ. नारायण दास को आवेदन पत्र सौंपा गया है। पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि विश्वविद्यालय के कर्मचारी पूर्व निर्धारित 12 सूत्री मांगों को लेकर लगातार प्रयासरत हैं, लेकिन अब तक इन मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। जानकारी के अनुसार, बीते मंगलवार को सभी कर्मचारी कुलपति कार्यालय प्रकोष्ठ में कुलपति से वार्ता करने पहुंचे थे। हालांकि, यह वार्ता सकारात्मक नहीं रही, जिसके कारण कर्मचारियों ने आंदोलन का रास्ता अपनाने का निर्णय लिया। इसके तहत 10 अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। कर्मचारी संघ ने अपने आवेदन के माध्यम से कुलसचिव को इस निर्णय से अवगत कराते हुए इसकी प्रतिलिपि कुलपति के निजी सहायक एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी को भी भेजी है। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार तिवारी ने बताया कि जब तक मांगों पर संतोषजनक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## तरैया में भीषण सड़क हादसा, बस-बोलेरो टक्कर में दो की मौत, पांच गंभीर घायल



**चौथी वाणी/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के तरैया-मढ़ौरा एसएच-73 मुख्य सड़क पर नन्दनपुर बाजार स्थित नेपाल सिंह हाई स्कूल गवन्द्री के समीप बुधवार की दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार और ओवरटेक के कारण अनियंत्रित बस और बोलेरो के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।



घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को अनुमंडल अस्पताल मढ़ौरा में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को छपरा सदर अस्पताल रेफर किया गया। बाद में उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोलेरो में सवार लोग छपरा से मीना देवी का ऑपरेशन के बाद टांका कटवाकर अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे नन्दनपुर बाजार के समीप भागवतपुर जाने के लिए मुड़े, तभी सीवान से पटना जा रही तेज रफ्तार बस ने बोलेरो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में तरैया थाना क्षेत्र के पट्टी पचरौड़ निवासी मनोज सिंह (55 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अमनौर थाना क्षेत्र के मनोरपुर निवासी मीना देवी (42 वर्ष) की अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गई। घायलों में हरिमाधव सिंह, अमन कुमार, इंदू देवी तथा बोलेरो चालक कृष्णा रजक सहित अन्य लोग शामिल हैं। बताया जाता है कि मीना देवी का बच्चेदानी का ऑपरेशन हुआ था और वह अपने मायके लौट रही थीं, तभी यह हादसा हो गया। घटना के बाद बस चालक बस छोड़कर फरार हो गया, जबकि बस में सवार यात्री इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गैस कटर से बोलेरो का दरवाजा काटकर शव को बाहर निकाला। घटना के कारण कुछ समय तक सड़क पर यातायात बाधित रहा, जिसे बाद में पुलिस ने बहाल कराया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया है तथा मामले की जांच में जुट गई है।

## रामपुर में पैक्स चुनाव नामांकन के पहले दिन 14 प्रत्याशियों ने दाखिल किया पर्चा

**रामपुर /कैमूर (चौथी वाणी)।** रामपुर प्रखंड क्षेत्र के भीतरीबांध और सबार पंचायत में 20 अप्रैल को होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर बुधवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन नामांकन को लेकर पंचायत सरकार भवन बेलाव में काफी गहमागहमी रही। नामांकन केंद्र पर प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की भीड़ जुटी रही, वहीं बेलाव बाजार और आसपास के चौक-चौराहों पर भी समर्थकों का जमावड़ा लगा रहा। बीडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी दृष्टि पाठक की मौजूदगी में भीतरीबांध पंचायत में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए राजू सिंह और मनोज कुमार जायसवाल ने नामांकन किया। सदस्य पद के लिए कोटिवार 7 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा। वहीं सबार पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए धर्मेन्द्र सिंह ने नामांकन दाखिल किया, जबकि सदस्य पद के लिए 4 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा। इस प्रकार दोनों पंचायतों को मिलाकर पहले दिन कुल 14 नामांकन दाखिल किए गए। सुरक्षा के लिए मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी जवानों की तैनाती रही। नामांकन के बाद समर्थकों ने माला पहना का प्रत्याशी का स्वागत किया।

## राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में एस्ट्रोनॉमी लैब का निरीक्षण, जिलाधिकारी ने दिए कई निर्देश

**चौथी वाणी/छपरा (सारण)।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, छपरा में हाल ही में विकसित एस्ट्रोनॉमी लैब का निरीक्षण जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लैब की कार्यप्रणाली, उपकरणों एवं शैक्षणिक उपयोग की विस्तृत जानकारी ली और इसे और प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस लैब को इसरो से मान्यता प्राप्त एजेंसी द्वारा स्थापित किया गया है। उन्होंने संबंधित एजेंसी को एक सुव्यवस्थित पाठ्यक्रम विकसित करने का निर्देश दिया, ताकि छात्र-छात्राओं को खगोल विज्ञान की बेहतर और व्यवस्थित शिक्षा मिल सके। साथ ही शिक्षकों को आवश्यक प्रशिक्षण देने तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए रोस्टर तैयार कर नियमित रूप से लैब का अवलोकन सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने स्थानीय स्तर पर - स्टार गेजिंग क्लब एवं मून गेजिंग क्लब के गठन की पहल करने को कहा तथा टेलिस्कोप के



माध्यम से तारों और चंद्रमा के अवलोकन के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि 07 अप्रैल को सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी एवं महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल द्वारा अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में इस एस्ट्रोनॉमी लैब का उद्घाटन किया गया था। यह लैब जिलाधिकारी की पहल पर, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, योजना एवं विद्यालय कोष की निधि से विकसित किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि इसी तर्ज पर मढ़ौरा एवं सोनपुर अनुमंडल में भी रोबोटिक्स लैब एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) लैब विकसित करने की योजना है, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा का लाभ मिल सके।

## नारायणपुर में पशु बांझपन निवारण शिविर आयोजित पशुपालकों को दी गई वैज्ञानिक सलाह

**चौथी वाणी/तरैया (सारण)।** डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के तत्वावधान में सात निश्चय-2 योजना के अंतर्गत तरैया प्रखंड के नारायणपुर पंचायत में पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पंचायत के मुखिया अमित कुमार सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर पूर्व बीडीसी नागेंद्र प्रसाद, पशु चिकित्सक डॉ. बृजभूषण सिंह, नवीन कुमार सहित विभाग के अन्य कर्मी मौजूद रहे। आत्मनिर्भर बिहार अभियान के तहत आयोजित इस शिविर में पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया। शिविर में पशुओं की




स्वास्थ्य जांच, उपचार तथा बांझपन से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विशेषज्ञों द्वारा आवश्यक परामर्श दिया गया। बड़ी संख्या में किसान, वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण इसमें शामिल हुए और पशुपालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। विशेषज्ञों ने पशुपालकों को वैज्ञानिक पद्धति से पशुपालन करने, समय-समय पर पशुओं की जांच कराने तथा संतुलित आहार देने की सलाह दी। शिविर के माध्यम से पशुधन की उत्पादकता बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने पर भी जोर दिया गया।

## मैट्रिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**चौथी वाणी/तरैया (सारण)।** प्रखंड के नारायणपुर पोखरा बाजार स्थित द राइजिंग विक्ट्री क्लासेज में मैट्रिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

इस दौरान 477 अंक (95.4 प्रतिशत) प्राप्त कर सारण जिले में पांचवां स्थान हासिल करने वाले संदीप कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान के निदेशक उदय भारद्वाज एवं विजय भारद्वाज द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। कार्यक्रम में मौजूद मुखिया अमित कुमार सिंह,



सरपंच संघ के प्रदेश महासचिव सुनील कुमार तिवारी, आचार्य सुकेश त्रिवेदी, समाजसेवी रंजीत पाण्डेय, शिक्षक गुड्डू चौबे एवं पूर्व बीडीसी नागेंद्र प्रसाद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अतिथियों ने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने अन्य छात्रों को भी सफल विद्यार्थियों से प्रेरणा लेने की सलाह दी। अंत में सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनके प्रयासों की सराहना की गई।

## बारिश से मिली राहत, फसलों पर बढ़ी चिंता

**बिक्रमगंज संवाददाता (चौथी वाणी):** अनुमंडल क्षेत्र में अचानक बदले मौसम और रिमझिम बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। बुधवार सुबह से चल रही ठंडी हवाओं और हल्की फुहारों ने मौसम को सुहावना बना दिया, जिससे आमजन ने राहत की सांस ली। हालांकि यह बदलाव किसानों के लिए चिंता का कारण बन गया है। इस समय रबी फसलों की कटाई और मड़ाई चल रही है। ऐसे में बारिश से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल और खुले में रखी उपज के खराब होने का खतरा बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम का यही रुख रहा, तो फसलों को नुकसान हो सकता है। एक ओर जहां बारिश ने लोगों को राहत दी है, वहीं किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है।



## संक्षिप्त खबरें

### बिक्रम में पुस्तक लोकार्पण सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**चौथी वाणी/बिक्रम :-** पटना जिला के बिक्रम बाजार में स्थित पाटलिपुत्र रिसॉर्ट में एम्बिशस संस्थान द्वारा पूर्व कुलपति डॉ शिवशंकर सिंह द्वारा रचित 'प्रतियोगिता मंथन' पुस्तक लोकार्पण सह प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।लेखक डॉ शिवशंकर सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में सिविल



सेवा से लेकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के सूत्र को सुलझाने का इस पुस्तक में भरपूर प्रयास किया गया है।वहीं संस्थान के इंटर टॉपर प्रत्युषा राज एवं मैट्रिक टॉपर शिवानी कुमारी को उनके माता पिता के साथ विशेष रूप से सम्मानित किया गया।साथ ही अन्य 40 टॉपर्स भी सम्मानित हुए।इस मौके पर पालीगंज 2 डीएसपी पंकज कुमार ने युवा छात्र छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि किताबी ज्ञान ही सही शिक्षा नहीं उसके साथ चरित्र निर्माण भी जरूरी है।इस अवसर पर मदनधारी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राकेश रंजन,भुवनेश्वरी दयाल उच्च विद्यालय के प्राचार्य जुबैर आलम,पार्वती उच्च विद्यालय के विकास रंजन,हरेंद्र तिवारी,रवीन्द्र कुमार,दीपक कुमार,दत्ता सर,सुधीर कुमार, डायट के अजय कुमार,शिक्षक संघ के अजय शर्मा,जीएनआईओटी के मनीष कुमार,श्रीराम शर्मा,वयोवृद्ध शिक्षक देवकांत शर्मा,सतीश कुमार,तनवीर अहमद,मो इब्राहिम ,सुनीता मिश्र आदि उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन नन्हें मिश्रा, स्वागत जनेश्वर सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन शशांक शेखर ने किया।वहीं गणेश कुमार,उमेश सिंह,सुधीर सिंह,मनोज कुमार,अरविंद वर्मा,अतुल कुमार,ओमप्रकाश आदि शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

### वर्ष का द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**आरा/** वर्ष का द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत 09 मई को होना है जिसमें सभी प्रकार के सुलहनीय वादों का निष्पादन सुलह के आधार पर होना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, श्री दिवाकर कुमार ने बताया कि व्यवहार न्यायालय आरा के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है




जिसमें सभी तरह के सुलहनीय वादों जैसे सुलहनीय आपराधिक मामले, दुर्घटना बीमा दावा, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भू अधिग्रहण, राजस्व (अधीनस्थ न्यायालय में लंबित वाद), बिजली एवं पानी बिल (चोरी के मामलों को छोड़ कर), वन अधिनियम के वाद, बैंक ऋण वाद, 138 एन.आई.एक्ट (चेक बाउंस), सेवा (वेतन भत्ता एवं सेवानिवृत्ति लाभ संबंधित) वाद, अन्य दीवानी वाद (किराया, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा आदि से संबंधित मामलों का समझौता के आधार पर निशुल्क निष्पादन किया जाएगा। इस संबंध में आज एक बैठक का आयोजन बैंक पदाधिकारीगण के साथ किया गया जिसमें उन्हें अधिक से अधिक है वादों के निष्पादन हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में जिला अग्रणी प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, केनरा बैंक, बैंक आफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ोदा एवं अन्य बैंक के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। आगे सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु तैयारियां जोरों पर है ।

### जिलाधिकारी ने गांगी स्थित मोक्ष धाम का किया निरीक्षण, शीघ्र संचालन के दिए निर्देश


**आरा/** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा आरा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत गांगी स्थित मोक्ष धाम का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। लगभग 3.77 करोड़



रुपये की लागत से मोक्ष धाम का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यहां दो लकड़ी आधारित तथा एक विद्युत शवदाह गृह तैयार हैं। इसके अतिरिक्त परिसर में शौचालय एवं दुकान सहित अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाएं भी उपलब्ध हैं। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त, भोजपुर को निर्देश दिया कि मोक्ष धाम का संचालन अविलंब प्रारंभ कराया जाए, ताकि आमजन को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि समय पर संचालन शुरू होने से न केवल आम लोगों को सुविधा मिलेगी, बल्कि संसाधनों का बेहतर उपयोग होने से राशि की भी बचत होगी। जिलाधिकारी ने मोक्ष धाम परिसर में नियमित साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुरक्षा गार्ड की तैनाती करने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, भोजपुर, नगर आयुक्त, भोजपुर, अनुमंडल पदाधिकारी (आरा सदर) सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### खाना बनाते समय घर में लगी आग, धनौती गांव में एक लाख की संपत्ति जलकर राख

**चौथी वाणी/एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के परसा पूर्वी पंचायत के धनौती गांव में बुधवार को लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाने के दौरान अचानक आग लगने से एक घर में भारी नुकसान हो गया। इस घटना में



लगभग एक लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, नूर शबा अपने घर में खाना बना रही थीं, तभी अचानक आग लग गई। आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं, जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही एकमा थाना और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। हालांकि तब तक घर में रखा गेहूं, चावल, कीमती कपड़े, करीब 20 हजार रुपये नकद, अलमारी, इंडक्शन चूल्हा समेत अन्य सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो चुका था। बताया जाता है कि घर के पिछले हिस्से में खाना बनाने के लिए एस्बेस्टस शीट से बना घर भी आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गया। वहीं गेहूं की दंवनी का रखा अनाज भी आग में स्वाहा हो गया। बहरहाल, घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने रोजमर्रा की जरूरतों का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित सहायता दिलाने की मांग की है।

# बेटियों को अब नए अवसर मिल रहे हैं : मुखिया अनुराधा सिंह

**दरभंगा:(चौथी वाणी)** जिला के अलीनगर प्रखंड अंतर्गत नरमा स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय, नरमा में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। गांव की पावन मिट्टी में रहकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस सम्मान समारोह में नरमाझनावानगर पंचायत की यशस्विनी मुखिया श्रीमती अनुराधा सिंह,भाजपा जिला महामंत्री सह समाजसेवी श्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मो. मसलेउद्दीन,सरपंच श्याम कुमार राम,दिनेश प्रसाद सिंह..मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का मिथिला परंपरानुसार पाग चादर से सम्मानित कर स्वागत किया गया, जिससे पूरे परिसर में उत्साह का



माहौल बना रहा।इस अवसर पर 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। 12वीं कक्षा में प्रीति कुमारी (438 अंक), पूजा कुमारी (432 अंक) एवं महिमा कुमारी (400 अंक) ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। वहीं 10वीं कक्षा में मो. मुजम्मिल (428 अंक), कृष्ण पंडित (419 अंक), मो. समीर (405 अंक) एवं मो. अदनान (400 अंक) ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, गांव एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। इस दौरान नरमाझनावानगर पंचायत की मुखिया श्रीमती अनुराधा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज छात्राओं की भूमिका समाज में तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की विभिन्न योजनाओं के कारण बेटियों को अब नए अवसर मिल रहे हैं, जिससे उनके सपनों को पंख लग रहे हैं। बेटियां अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए लड़कों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं, जो अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली साक्षी कुमारी, द्वितीय स्थान पर सुप्रिया कुमारी एवं तृतीय स्थान पर लक्ष्मी कुमारी को बधाई देते हुए कहा कि गांवों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है सही मंच और मार्गदर्शन की।

विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महामंत्री सह समाजसेवी श्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार का सम्मान समारोह विद्यार्थियों के उत्साह को बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज के छात्र-छात्राएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और यह पूरे समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने 10वीं एवं 12वीं के सफल विद्यार्थियों का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि इनकी उपलब्धि अन्य बच्चों के लिए प्रेरणादायक है और ऐसे आयोजन से शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री अवधेश कुमार कौशल ने अपने मार्गदर्शन में कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने छात्रों को निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. लक्ष्मण झा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे भविष्य में भी इसी तरह अपने क्षेत्र और देश का नाम रोशन करते रहें। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों की प्रतिभा ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपार संभावनाएं मौजूद हैं। समारोह का सफल संचालन विद्यालय परिवार द्वारा किया गया और अंत में सभी अतिथियों एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## नाबालिग की शादी रुकवाई, बिचौलिये समेत सात गिरफ्तार, नकद व जेवर बरामद



**बिक्रमगंज संवाददाता (चौथी वाणी):** गुप्त सूचना के आधार पर बिक्रमगंज पुलिस ने मंगलवार को आरा रोड स्थित शिव मैरेज हॉल में छापेमारी कर नाबालिग लड़की की हो रही शादी को समय रहते रुकवा दिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने बिचौलिये के माध्यम से पैसे के प्रलोभन देकर कराई जा रही इस अवैध शादी के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि मैरेज हॉल में नाबालिग की शादी कराई जा रही है। इसके बाद तत्काल पुलिस टीम गठित कर छापेमारी की गई। मौके पर लड़का व लड़की पक्ष मौजूद थे। पूछताछ में सामने आया कि बिचौलिये के जरिए रुपये लेकर शादी कराने की तैयारी थी।

पुलिस ने लड़की पक्ष को थाने लाकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की, वहीं बिचौलिये व लड़का पक्ष से नकद 1.20 लाख रुपये, कंगन, विछिया, टॉप्स, नथिया, मंगलसूत्र समेत अन्य श्रृंगार सामग्री व एक एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किया गया। इस संबंध में चकिया टोला, धनसोई (बक्सर) निवासी समुद्रा देवी के आवेदन पर बिक्रमगंज थाना कांड संख्या 251/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार आरोपितों में काराकाट थाना क्षेत्र के गच्छई निवासी अनुज कुमार, राकेश कुमार सिंह, चितरंजन पासवान सहित अन्य शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने कहा कि नाबालिगों की शादी रोकने और इस तरह के अवैध कृत्यों पर सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी।

## तिथि भोज के संग शिक्षा का उत्सव, मोथा विद्यालय में मेधावियों का सम्मान



**बिक्रमगंज संवाददाता (चौथी वाणी):** काराकाट प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मोथा में बुधवार को तिथि भोज का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक संजय सिंह ने की। इस अवसर पर कक्षा 1 से 5 तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिससे छात्रों में खुशी और उत्साह का माहौल दिखा। कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने कहा कि तिथि भोज जैसे आयोजन विद्यालय और समाज के बीच संबंधों को मजबूत करते हैं तथा बच्चों को बेहतर करने के लिए प्रेरित करते हैं। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि प्रारंभिक स्तर पर सम्मान और प्रोत्साहन से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है। तिथि भोज के दौरान बच्चों, शिक्षकों और अधिकारियों ने एक साथ बैठकर भोजन किया, जिससे आपसी भाईचारा और सामाजिक समरसता का संदेश प्रसारित हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, अभिभावकों व स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी रही। मौके पर प्रभारी अंचलाधिकारी ध्रुव कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी देवाशीष कुमार, मध्याह्न भोजन पदाधिकारी मो. जाकिर सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## वैश्विक स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण में वैज्ञानिक सहयोग पर जोर

**सासाराम संवाददाता (चौथी वाणी):** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के अंतर्गत संचालित नारायण नर्सिंग कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन एमएससी नर्सिंग छात्रों व मेडिकल-सर्जिकल नर्सिंग विभाग द्वारा किया गया। लोगों, जानवरों, पौधों और धरती की सुरक्षा में वैज्ञानिक सहयोग की ताकत विषय पर आधारित इस आयोजन में डीन-सह-प्राचार्या प्रो. डॉ. के. लता के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियां हुईं।



विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. पी. पोन्नारसी ने थीम पर प्रकाश डालते हुए वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने में समन्वित प्रयासों की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने लोगों, पशुओं, पौधों व पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं डॉ. के. लता ने एकीकृत स्वास्थ्य प्रणाली और सामुदायिक कल्याण में स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका पर बल दिया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन ने वैज्ञानिक सहयोग के माध्यम से स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया।

# बुनियाद केन्द्रों पर निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर प्रारंभ

**आरा/** जिला भोजपुर के अंतर्गत संचालित तीनों बुनियाद केन्द्र—आरा सदर, जगदीशपुर एवं तरारी में निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का शुभारंभ दिनांक 06 अप्रैल, 2026 को हुआ है। यह विशेष शिविर अभियान 06 मई, 2026 तक संचालित रहेगा। शिविर के प्रथम दिन ही उत्साहवर्धक भागीदारी देखने को मिली, जिसमें अनेक जरूरतमंद नागरिकों की आंखों की जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार उन्हें उचित परामर्श भी प्रदान किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य राज्य के लोगों की आंखों की समस्याओं का समाधान करना तथा दृष्टिदोष से ग्रसित व्यक्तियों को निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा उपलब्ध कराकर उनकी दृष्टि को सुरक्षित करना है। लक्ष्य है कि प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक समय पर दृष्टि जांच एवं उपचार की सुविधा पहुंचे, जिससे वे स्वस्थ एवं सुरक्षित रहते हुए बेहतर जीवन व्यतीत कर सकें। बुनियाद केन्द्रों द्वारा आयोजित इस विशेष शिविर में स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के योग्य नेत्र विशेषज्ञों द्वारा



आधुनिक उपकरणों से आंखों की समुचित जांच की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार निःशुल्क चश्मा भी वितरित किया जा रहा है। इस शिविर की विशेषता यह है कि इसमें किसी भी आयु वर्ग के लिए कोई प्रतिबंध नहीं है। बच्चे, युवा, वयस्क एवं बुजुर्ग—सभी वर्ग के नागरिक इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। जिला प्रबंधक डॉ. रीमा सिन्हा ने बताया कि इस विशेष शिविर में न केवल नेत्र जांच की जा रही है, बल्कि लोगों को आंखों की देखभाल, स्वच्छता एवं नियमित जांच के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है, ताकि गंभीर नेत्र रोगों से बचाव किया जा सके।जिला प्रबंधक ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने नजदीकी बुनियाद केन्द्रों पर पहुंचकर अपनी आंखों की जांच अवश्य कराएं तथा आवश्यकतानुसार निःशुल्क चश्मा प्राप्त कर इस सरकारी जनकल्याणकारी योजना का अधिकतम लाभ उठाएं।

# संयुक्त छापेमारी में अवैध बालू लदे तीन हाईवा जब्त, चालक फरार

**अकोढ़ी गोला संवाददाता (चौथी वाणी)।** डेहरी अनुमंडलाधिकारी नीलेश कुमार, खनन विभाग एवं अकोढ़ी गोला थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मंगलवार की देर रात थाना क्षेत्र से बिना नंबर प्लेट के अवैध बालू लदे तीन हाईवा को जब्त कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान सभी चालक वाहन छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाते हुए मौके से फरार होने में सफल रहे। इस कार्रवाई से अवैध बालू खनन एवं परिवहन में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मच गया। प्रभारी थानाध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि खनन इंस्पेक्टर द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आलोक में संबंधित मामले में प्राथमिकी



दर्ज कर ली गई है तथा अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस एवं खनन विभाग की इस संयुक्त कार्रवाई को अवैध खनन पर प्रशासन की सख्ती के रूप में देखा जा रहा है। इधर ग्रामीणों ने बिना नंबर प्लेट के भारी वाहनों के संचालन पर गंभीर चिंता जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के वाहनों के परिचालन से दुर्घटना की स्थिति में जिम्मेदार वाहन की पहचान करना बेहद कठिन हो जाता है, जिससे कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं। साथ ही आम लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बिना नंबर प्लेट और अवैध बालू ढोने वाले वाहनों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जाए, ताकि अवैध परिवहन पर रोक लग सके और क्षेत्र में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# खड़ी ट्रक से टकराई बाइक, युवक की मौत, बहन घायल

**अकोढ़ी गोला संवाददाता (चौथी वाणी)।** डालमियानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रभा आईटीआई के समीप खड़ी ट्रक में तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसी बाइक पर सवार उसकी बहन को मामूली चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल डेहरी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद परिजनों की उपस्थिति में घायल का इलाज नारायण अस्पताल, जमुहार में कराया जा रहा था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष रवि रंजन गुप्ता ने बताया कि



मृतक की पहचान सुमन कुमार, पिता प्रदीप चौधरी, निवासी वार्ड संख्या 12, मकराईन, थाना डालमियानगर के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया है। वहीं दुर्घटना में शामिल दोनों वाहनों को भी जब्त कर लिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त होते ही अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## हीट वेव एवं अगलगी की घटनाओं से बचाव के लिए समीक्षा बैठक

**आरा/** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के निदेशानुसार अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) द्वारा संभावित हीट वेव एवं अगलगी की घटनाओं से बचाव तथा पूर्व तैयारी के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्तमान मौसमीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिले में की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए सभी बिंदुओं पर शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सभी विभागों एवं पदाधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने की सलाह दी गई। विशेष रूप से कृषि विभाग, अग्निशमन सेवा एवं विद्युत विभाग को संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने तथा किसी भी घटना पर तत्काल कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। जिले में 247 जिला आपातकालीन संचालन केंद्र (DEOC) सक्रिय है, जहाँ से निरंतर निगरानी की जा रही है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि अत्यधिक गर्मी के दौरान सावधानी बरतें, अनावश्यक रूप से दोपहर में बाहर निकलने से बचें तथा किसी भी अगलगी अथवा आपात स्थिति की सूचना तत्काल जिला नियंत्रण कक्ष को दें। बैठक में सभी संबंधित जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### मझौलिया सीएचसी में प्रभारी ने किया 11 महिलाओं का बंध्याकरण

**मझौलिया(चौथी वाणी)** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौलिया में परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत 11 महिलाओं का सफल बंध्याकरण प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनुपम प्रसाद की टीम ने किया। डॉ. अनुपम प्रसाद ने बताया कि परिवार नियोजन को बढ़ावा देने और मातृ-स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से समय- समय पर परिवार नियोजन शिविर लगाया जाता हैं। उन्होंने कहा कि बंध्याकरण एक सुरक्षित और प्रभावी उपाय है, जिससे परिवार को संतुलित रखने में मदद मिलती है।



### पीयूसीएल बेतिया की बैठक में विश्वनाथ झुनझुनवाला बने कार्यवाहक जिलाध्यक्ष

**बेतिया(चौथी वाणी)** बेतिया में लोक स्वातंत्र्य संगठन (पीयूसीएल) की जिला कार्यकारिणी बैठक पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. शमसुल हक की अध्यक्षता में रामकृष्ण विवेकानंद विद्या मंदिर, बेलबाग में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पेट्रन सदस्य विश्वनाथ झुनझुनवाला को कार्यवाहक जिलाध्यक्ष चुना गया। ज्ञात हो कि पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) आर.के. चौधरी का मुजफ्फरपुर में विश्वविद्यालय पद पर स्थानांतरण हो चुका है। राज्य सचिव डॉ. जगमोहन कुमार ने बताया कि इसी वर्ष जिला सम्मेलन आयोजित कर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। नव नियुक्त कार्यवाहक जिलाध्यक्ष ने मानवाधिकारों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने पर बल दिया। बैठक में गैस सिलेंडर डिलीवरी से जुड़ी जनसमस्याओं पर चर्चा के साथ आगामी कार्ययोजना तय की गई। इस दौरान कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### सुगौली पुलिस ने 60 लीटर देशी शराब के साथ तस्कर को पकड़ा भेजा गया जेल



**सुगौली(चौथी वाणी)** शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्थानीय पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तेलहिया गांव में छापेमारी की।छापेमारी के दौरान पुलिस ने विद्या लाल कुमार को 60 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद शराब के साथ आरोपी को तुरंत थाना लाया गया और उसे हवालात में रखा गया।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में शराब कारोबार के खिलाफ छापेमारी और गिरफ्तारी जारी रहेगी।

### अग्निकांड पीड़ितों के लिए उमड़ा जनसैलाब, समाजसेवियों ने बढ़ाया मदद का हाथ

**बगहा/भीतहा(चौथी वाणी)** भीतहा थाना क्षेत्र के डीही पकड़ी पंचायत अंतर्गत बलूअड़वा गांव में हुए भीषण अग्निकांड ने दर्जनों परिवारों को बेघर कर दिया। आग की इस भयावह घटना में लोगों की गृहस्थी पूरी तरह जलकर राख हो गई, जिससे पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे जीवन गुजारने को मजबूर हैं।



मंगलवार देर शाम यूपी-बिहार के जनप्रतिनिधि व समाजसेवी मौके पर पहुंचे और पीड़ितों के बीच खाद्य सामग्री सहित आवश्यक वस्तुओं का वितरण कर राहत पहुंचाई। इस मानवीय पहल में जिला पंचायत सदस्य मुकेश गुप्ता, कुमरेश, प्रधान जैनुद्दीन, सभासद सलामत, भाजपा नेता राजेंद्र सिंह, दीपलाल खरवार, बृजकिशोर यादव सहित कई लोग शामिल रहे।तमकुहीराज विधायक असीम राय ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ितों का हाल जाना। उन्होंने कहा कि अग्निकांड ऐसा संकट है, जिसमें सब कुछ नष्ट हो जाता है, इसलिए समाज के हर वर्ग को आगे आकर मदद करनी चाहिए। साथ ही सरकार द्वारा हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया गया।

### महिला फुटबॉल टीम राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए लखीसराय रवाना

**नरकटियागंज(चौथी वाणी)** कप्तान अंशु के नेतृत्व में पश्चिमी चम्पारण की महिला फुटबॉल टीम राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए लखीसराय रवाना।पश्चिमी चम्पारण के नरकटियागंज उच्च विद्यालय प्रांगण में महिला फुटबॉल संघ के जिला सचिव इतेशारिल हक ने लखीसराय मे होने वाले राज्य स्तरीय महिला प्रतियोगिता में पश्चिमी चम्पारण महिला फुटबॉल टीम की घोषणा करते हुए कप्तान अंशु कुमारी के नेतृत्व मे उन्नीस सदस्यों का चयन किया। वहीं भाजपा नेता प्रदीप दुबे ने महिला फुटबॉल टीम को मिठाई खिलाकर जित की शुभकामना दिया। विदित हो की पश्चिमी चम्पारण महिला फुटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर टाउन क्लब नरकटियागंज के तत्वावधान मे 28 मार्च से चल रहा था। प्रशिक्षण के बाद खिलाड़ियों को खेल प्रशिक्षक सुनिल कुमार वर्मा ने विजयी भव का आशिर्वाद देकर रवाना किया। मौके पर उपस्थित सामाजसेवी वर्मा प्रसाद, राजेश जैसवाल, उपसभापति प्रतिनिधि संतोष राज,आसमहमद, इत्यादि लोगों ने खिलाड़ियों को जित का आशीर्वाद दिया।



### डीएम ने डीसीयू यूनिट का किया निरीक्षण

**बेतिया में पाइपलाइन गैस आपूर्ति को मिलेगा नया बल**

**बेतिया(चौथी वाणी)** जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने बुधवार को उज्जैन टोला, बेतिया एवं मझौलिया स्थित डीसीयू (डीकम्प्रेशन यूनिट) का निरीक्षण किया। यह यूनिट भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा स्थापित किया जा रहा है, जिसके लिए जिला प्रशासन ने भूमि उपलब्ध कराई है।निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजना का कार्य शीघ्र पूर्ण करते हुए आम उपभोक्ताओं को इसका अधिकतम लाभ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि डीसीयू यूनिट के संचालन से स्थानीय स्तर पर गैस का भंडारण संभव होगा, जिससे पाइपलाइन गैस आपूर्ति व्यवस्था और सुदृढ़ एवं सुचारु बनेगी।डीएम ने आपूर्ति प्रणाली में किसी भी प्रकार की बाधा न आने देने तथा गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। इस मौके पर अपर समाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, विशेष कार्य पदाधिकारी सुजीत कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



### मानव तस्करी पर बड़ा एक्शन, 8 नाबालिग रेस्क्यू; 24 घंटे में 15 अपराधी गिरफ्तार

**बेतिया(चौथी वाणी)** पश्चिम चम्पारण पुलिस ने एक साथ दो मोर्चों पर सख्त कार्रवाई करते हुए मानव तस्करी और अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। ह्लनया सवेरा 2.0ह्व अभियान के तहत राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग व एडीजी कमजोर वर्ग के निर्देश पर गौनाहा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर आर्केस्ट्रा समूहों से जुड़ी 8 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया गया। इस दौरान 4 आर्केस्ट्रा संचालकों को गिरफ्तार किया गया। अभियान में पुलिस के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों की टीम सक्रिय रही।वहीं दूसरी ओर, बीते 24 घंटे में चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस ने 15 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा। उत्पाद अधिनियम के तहत 8 लोगों की गिरफ्तारी के साथ 257 लीटर 500 एमएल शराब बरामद की गई। एक वारंटी की गिरफ्तारी एवं तीन गैर-जमानती वारंटों का निष्पादन भी किया गया। वाहन जांच में 1.45 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया और 4 मोटरसाइकिल जब्त की गईं। पुलिस ने आगे भी अभियान जारी रखने की बात कही है।

# न्यायमित्रों ने मंत्री से की मानदेय वृद्धि की मांग, सौंपा ज्ञापन



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण):** जिले के न्यायमित्र संघ के सदस्यों का एक शिष्टमंडल सर्किट हाउस में ठहरे पंचायती राज मंत्री दीपक कुमार से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में बताया गया है कि कचहरी न्यायमित्रों का नियोजन वर्ष 2007-09 के दौरान आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए राज्य के विभिन्न प्रखंडों की ग्राम कचहरियों में नियोजित किया गया था। वर्तमान में न्यायमित्रों को मात्र 7 हजार रुपये प्रति माह मानदेय दिया जा रहा है, जो वर्तमान महंगाई के दौर में परिवार के भरण-पोषण के लिए बेहद अपर्याप्त है।न्यायमित्रों ने बताया कि पहली जुलाई 2025 से राज्य के अन्य संविदा कर्मियों के मानदेय में वृद्धि की जा चुकी है लेकिन न्यायमित्रों के मानदेय में अब तक कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। जिसको लेकर न्यायमित्रों में असंतोष व्याप्त है।संघ के सदस्यों ने मंत्री से आग्रह किया कि उनके मानदेय में भी समुचित वृद्धि करते हुए सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए। उन्होंने भरोसा जताया कि पंचायती राज विभाग इस दिशा में सकारात्मक पहल करेगा।मंत्री से मिलने गए शिष्टमंडल में न्यायमित्र अरविंद कुमार,राजेश प्रसाद, सजन कुमार,रंजु कुमारी, शिला सिन्हा,शम्भू शरण प्रसाद,अकबर अली,उदय कुमार,रेशमा कुमारी,ओम प्रकाश,सुनीता कुमारी,सुबोध कुमार,देवधारी यादव,राम कृष्ण कुमार,नीरज सिंह सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

## गैस आपूर्ति में गड़बड़ी पर डीएम सख्त, दो दिन में बैकलॉग खत्म करने का अल्टीमेटम

**बेतिया/मझौलिया(चौथी वाणी)** मझौलिया प्रखंड के लालसरैया स्थित मां शारदे एचपी गैस एजेंसी में कुकिंग गैस वितरण में लापरवाही के मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने औचक निरीक्षण कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। जांच में 18 से 31 मार्च के बीच 200 से अधिक एलपीजी सिलेंडरों का बैकलॉग मिला, जिसे समय पर उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचाया गया था। एजेंसी प्रबंधक संतोषजनक जवाब नहीं दे सके, जबकि उपभोक्ताओं से दूरभाष पर संपर्क में भी अनियमितता की पुष्टि हुई।निरीक्षण के दौरान स्टॉक वेरिफिकेशन में गड़बड़ी, गोदाम पंजी के अद्यतन नहीं रहने तथा वितरण सूची में असंगति मिलने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई और एसडीएम बेतिया सदर को प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।साथ ही समाहरणालय में आयोजित समीक्षा बैठक में डीएम ने सभी गैस एजेंसियों को दो दिनों के भीतर लंबित बैकलॉग खत्म करने का सख्त अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा कि पहले नंबर वाले उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देते हुए समय पर डिलीवरी सुनिश्चित की जाए।उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी परिस्थिति में एक उपभोक्ता के नाम का सिलेंडर दूसरे को नहीं दिया जाए। नूतन एवं प्रज्ञा गैस एजेंसी के खराब प्रदर्शन पर नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। गैस डायवर्जन की शिकायत मिलने पर एजेंसी संचालक व वेंडरों पर कड़ी कार्रवाई होगी। गौरतलब है कि ह्यचौथी वाणीह्ल ने 28 मार्च को लालसरैया तथा 31 मार्च को प्रज्ञा गैस एजेंसी में अनियमितताओं की खबर प्रकाशित की थी, जिसके बाद प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए जांच व कार्रवाई तेज कर दी है।




**'चौथी वाणी' की खबरों का असर, लालसरैया के साथ प्रज्ञा एजेंसी भी जांच के दायरे में।**

## ट्रेन से टकराने की आशंका में प्रवासी मजदूर की मौत, विजयवाड़ा में मिला शव; विधायक ने परिजनों तक जल्द पहुंचाने की उठाई मांग

**बेतिया/लौरिया/आशीष पाण्डेय(चौथी वाणी)** पश्चिम चंपारण के लौरिया नगर पंचायत अंतर्गत पकड़ी नुनिया टोला निवासी भीम चौधरी (35) की आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा रेलवे स्टेशन के समीप संदिग्ध हालात में मौत हो जाने से इलाके में मातमी सन्नाटा पसर गया है। मजदूरी के लिए तमिलनाडु जा रहे भीम की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, भीम चौधरी अपने चार साथियों के साथ 7 अप्रैल की रात ट्रेन से यात्रा कर रहा था। विजयवाड़ा स्टेशन पहुंचने पर सभी साथी नीचे उतरे, लेकिन इसी दौरान वह अचानक लापता हो गया। साथियों द्वारा पूरी रात उसकी तलाश की गई, परंतु उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। अगली सुबह स्टेशन के समीप लोगों की भीड़ जुटी देख जब साथी वहां पहुंचे, तो एक क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। शिनाख्त करने पर शव भीम चौधरी का निकला। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि वह किसी तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई।सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।मृतक अपने पीछे वृद्ध माता-पिता, तीन बहनें, दो भाई तथा दो मासूम बच्चों को छोड़ गया है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है। स्थानीय विधायक विनय बिहारी ने प्रशासन से अविलंब शव को परिजनों तक पहुंचाने की मांग की है, ताकि अंतिम संस्कार की प्रक्रिया संपन्न हो सके।



## बीडीसी बैठक में आपूर्ति पदाधिकारी पर निंदा प्रस्ताव, कई विभागों पर उठे सवाल

**मझौलिया(चौथी वाणी)** बुधवार को प्रखंड सभागार में आयोजित बीडीसी बैठक में सदन से बार-बार अनुपस्थित रहने तथा धोकरहा पंचायत में राशन आवंटन में अनियमितता को लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जयप्रकाश मौर्या के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं पीएचडी के कनीय अभियंता श्याम बाबू कुमार राय को पंचायतवार नल-जल व चापाकल की गड़बड़ियों को दुरुस्त करने के लिए दो माह का समय दिया गया। निर्धारित अवधि में सुधार नहीं होने पर उनके खिलाफ भी निंदा प्रस्ताव लाने का निर्णय लिया गया।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख शुक्ता मुखी ने की। बीडीओ डॉ. राजीव कुमार ने बीडीसी सदस्यों व मुखियाओं द्वारा उठाए गए सवालों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए सुधार की अंतिम चेतावनी दी। बैठक में आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, इंदिरा आवास, जनगणना व जीविका जैसे मुद्दे छाए रहे।धोकरहा पंचायत की बीडीसी सदस्य रिंकी सिंह ने डीलरों के बीच राशन आवंटन में भेदभाव का आरोप लगाया। मझौलिया पंचायत के मुखिया सत्यप्रकाश ने नलकूप विभाग के कनीय अभियंता पर सीएचसी व प्रखंड परिसर में नल-जल योजना के कार्य में अनावश्यक विलंब का आरोप लगाया। विधायक प्रतिनिधि जयप्रकाश कुमार ने भी इस पर नाराजगी जताई। चनपटिया विधायक प्रतिनिधि ब्रम्हानंद पांडेय ने मच्छरों के प्रकोप से बचाव हेतु ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव की मांग उठाई। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अमित कुमार चौबे, सीडीपीओ पूनम कुमारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अबुलैश अनवर सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।



## उत्पाद पुलिस ने करमवा में 38 सौ लीटर अर्द्ध निर्मित चुलाई शराब किया नष्ट, एक कारोबारी गिरफ्तार

**मझौलिया(चौथी वाणी)** करमवा में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब निर्माण के एक बड़े नेटवर्क का पदार्फाश किया। गुप्त सूचना के आधार पर गठित टीम ने करमवा नदी किनारे झाड़ियों में चल रही चुलाई शराब की मिनी फैक्ट्री पर छापेमारी की, जहां भारी मात्रा में अर्धनिर्मित शराब तैयार की जा रही थी।छापेमारी के दौरान टीम ने मौके से करीब 3800 लीटर अर्धनिर्मित चुलाई शराब को विनष्ट कर दिया। साथ ही शराब बनाने में प्रयुक्त मशीनरी भी जब्त की गई। इस दौरान मौके पर मौजूद कारोबारी श्यामबाबू पटेल को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।



## दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में पहल: लौरिया शिविर में 71 ने यूडीआईडी हेतु किया पंजीकरण

**लौरिया(चौथी वाणी)** प्रखंड मुख्यालय स्थित परिसर में बुधवार को दिव्यांगजनों के लिए विशेष एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अपेक्षा से अधिक संख्या में लाभार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के तत्वावधान में संपन्न इस शिविर के दौरान कुल 71 दिव्यांगजनों ने यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड के लिए आवेदन समर्पित किए। शिविर में नव पंजीकरण के साथ-साथ आवेदकों की चिकित्सकीय परीक्षण प्रक्रिया भी संपन्न कराई गई। लौरिया अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सभी अभ्यर्थियों का विधिवत स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दस्तावेजी औपचारिकताओं को पूर्ण किया। जांचोपरांत पात्र अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्र निर्गमन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार ने कहा कि शासन की प्राथमिकता प्रत्येक दिव्यांगजन को समेकित पहचान प्रदान करना है, जिससे उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुलभ हो सके। शिविर के सफल संचालन में सामाजिक सुरक्षा कोषांग के कर्मियों के साथ स्थानीय सहायकों की सक्रिय सहभागिता।




### भंगहा में नशीली कफ सिरप कोडीन को लेकर दवा दुकानों में चला सर्च अभियान

**मेडिकल दुकानों में मची रही अफरा तफरी**

**मैनाटांड(चौथी वाणी)** नशीली कफ सिरप कोडीन के अवैध कारोबार के खिलाफ भंगहा थानाध्यक्ष रौशन कुमार एंव ड्रग इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने संयुक्त रूप से भंगहा थाना क्षेत्र के मेडिकल दुकानों में सर्च अभियान चलाया। इसके अंतर्गत भंगहा स्थित कुशवाहा मेडिकल एवं नंदू मेडिकल सहित चार दवा दुकानों सहित अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की गई। इस दौरान दवा दुकानदारों में हड़कंप मच गया। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि मेडिकल स्टोर सहित अन्य जगहों पर छापेमारी की गई है। थानाध्यक्ष ने दवा के दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए स्पष्ट किया है कि नशीली कोडीन कफ सिरप केवल वैध डॉक्टर की पर्ची पर ही बेची जा सकती है। इस दवा का अवैध बिक्री या भंडारण गैर कानूनी है।इसमें शामिल पाए जाने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि यह छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा।




### वन विभाग की कार्रवाई से भूमिहीनों में आक्रोश, एसडीएम को सौंपा आवेदन

**बगहा(चौथी वाणी)** वन विभाग की जमीन संबंधी कार्रवाई को लेकर बगहा दो प्रखंड के नौरंगिया-दरदरी पंचायत सहित कई गांवों में ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नयागांव रामपुर, सिरिसिया, मदनपुर, नौरंगिया, बेलहवा, महुअवा कटहरवा, चंपापुर गोनौली व कोटरहा-मिश्रौलिया के ग्रामीण बड़ी संख्या में अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर एसडीएम चांदनी कुमारी को आवेदन सौंपा।



ग्रामीणों का आरोप है कि मदनपुर वनक्षेत्र के तहत गैरमजरूआ मालिक भूमि व पट्टा प्राप्त जमीन पर जबरन पइन व मेड़ की खुदाई कराई जा रही है, जिससे करीब एक हजार लोग प्रभावित हैं। उनका कहना है कि दलित व आदिवासी परिवार 40-50 वर्षों से इन जमीनों पर खेती कर जीवनयापन कर रहे हैं। राजद नेता दिलीप कुमार राणा ने इसे गरीबों की आजीविका पर संकट बताया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 29 मार्च से जेसीबी से फसलें नष्ट की जा रही हैं और विरोध पर धमकाया जा रहा है। ग्रामीणों ने कार्य रोकने व फसलों की सुरक्षा की मांग की है। एसडीएम ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### बगहा पुलिस की नई पहल: हर थानेदार बनेगा 'स्कूल संरक्षक', एसपी ने कस्तूरबा विद्यालय लिया गोद

**बगहा(चौथी वाणी)** बगहा पुलिस ने शिक्षा और सुरक्षा को जोड़ते हुए एक सराहनीय पहल शुरू की है। एसपी निर्मला कुमारी के नेतृत्व में अब सभी थानाध्यक्ष अपने-अपने थाना क्षेत्र के एक-एक विद्यालय को गोद लेकर वहां अनुशासन, सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देंगे। इसकी शुरूआत करते हुए एसपी ने बगहा-1 प्रखंड के परसा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय को गोद लिया।एसपी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में सुरक्षा की भावना मजबूत करना और विद्यालयों के आसपास असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाना है। सभी 22 थानों के प्रभारी को निर्देश दिया गया है कि वे चयनित विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करें और आवश्यक व्यवस्थाओं में सुधार सुनिश्चित करें।पुलिस अधिकारी समय-समय पर विद्यालय पहुंचकर बच्चों से संवाद स्थापित करेंगे, वहीं स्कूल परिसर व आसपास मनचलों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। इससे छात्राओं की सुरक्षा और अनुशासन दोनों मजबूत होंगे तथा पुलिस और आमजन के बीच विश्वास भी बढ़ेगा।बगहा पुलिस जिला के नगर थाना, पटखौली, चौतरवा, धनहा, पिपरासी, भीतहा, ठकरहां, भैरोगंज, रामनगर, गोवर्धना, वाल्मीकिनगर समेत सभी थानों में यह अभियान चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है।



चौथी वाणी

पटना। बृहस्पतिवार, 9 अप्रैल, 2026

संक्षिप्त खबरें

## भगवान कृष्ण के बाल लीलाओं का वर्णन अविस्मरणीय : दयानंद सरस्वती

**आरा/** चरपोखरी प्रखंड के श्री लक्ष्मी नारायण तोताद्री मठ, सोनबरसा में इन दिनों धार्मिक आस्था का भव्य संगम देखने को मिल रहा है, जहां लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन पूरे श्रद्धा



और भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा कथा प्रवचन किया जा रहा है। अपने ओजस्वी वाणी से वे श्रद्धालुओं को भगवान की भक्ति में सराबोर कर रहे हैं। कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है, जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए स्वामी दयानंद सरस्वती ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म बढ़ता है तब तक भगवान अवतार लेते हैं द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण ने गोकुल में बाल अवतार लिया और उन्होंने अपने भक्तों की सदैव रक्षा की नन्हे से कान्हा जिनकी हर अदा अद्भुत और निराली थी उनके हर मुस्कान में पूरा ब्रह्मांड समय हुआ था कान्हा गोकुल की गलियों में जाते थे और गोपियों के घर में माखन चुरा कर अपने बाल शाखों के साथ मिलकर खाते थे वही गोपिया जब शिकायत लेकर माता यशोदा के पास जाती तो अपनी मासूम मुस्कान दिखाकर सबके गुस्सा को प्रेम में बदल देते थे वही उनके बाल लीलाएं अपरंपार है जब एक दिन माता यशोदा ने देखा कि कान्हा मिट्टी खा रहे हैं उन्होंने दांत करके उनका मुंह खुलवाने के लिए बोली और जैसे ही गिरधर गोपाल ने अपना मुंह खोला यशोदा माता ने उसमें पूरा ब्रह्मांड देख लिया वही इस बाल भगवान को परेशान करने के लिए आता ताई कंस हमेशा अपने दूत को भेजो करता था लेकिन दुष्ट कंस का एक भी प्रयास सफल नहीं हो पता था और हंसते खेलते नन्हे भगवान श्री कृष्णा उसको क्षण भर में समाप्त कर देते थे श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के 38 में पूर्ण स्मृति में चल रहा यह संपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम श्री रंगनाथाचार्य जी महाराज के मंगलानुशासन में संपन्न हो रहा है, जिनके सान्निध्य से आयोजन की गरिमा और भी बढ़ गई है। आसपास के गांवों और क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त कथा श्रवण और यज्ञ में भाग लेने पहुंच रहे हैं। पूरा इलाका भक्ति और श्रद्धा के माहौल में डूबा हुआ है, जहां हर ओर जय-जयकार और भजन-कीर्तन की ध्वनि गूंज रही है एवं हर रोज हजारों की संख्या में आसपास के श्रद्धालु भक्त भगवत कथा को सुनने के लिए पहुंच रहे हैं और रोज भक्तों के बीच प्रसाद वितरण से लेकर भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें लोग विधिवत रूप से प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं उक्त आशय की जानकारी आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी चंदन कुमार ने दी।

## भलुनीधाम के विकास को मिली रफ्तार, न्यास बोर्ड के अधीन लाने की मांग ने पकड़ा जोर

**दिनारा संवाददाता(चौथी वाणी):** प्रखंड क्षेत्र के प्रमुख आस्था केंद्र और पौराणिक स्थल मां यक्षिणी भलुनीधाम के कायाकल्प को लेकर एक बार फिर सक्रिय पहल तेज हो गई है। लंबे समय से उपेक्षा और अव्यवस्था से जूझ रहे इस ऐतिहासिक धाम के विकास को लेकर अब प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर गंभीरता दिखाई देने लगी है। मंगलवार, 07 अप्रैल 2026 को स्थानीय विधायक आलोक कुमार सिंह ने बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष को पत्र भेजकर



भलुनीधाम को बोर्ड के अधीन लाने की औपचारिक मांग की है। इसे धाम के समग्र विकास की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। विधायक ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि यह मामला काफी समय से लंबित है, जिसके कारण धाम की स्थिति निरंतर खराब होती गई। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि भलुनीधाम को न्यास बोर्ड के अधीन लाया जाता है, तो यहां विकास कार्यों में तेजी आएगी और व्यवस्थाएं अधिक पारदर्शी व व्यवस्थित हो सकेंगी। साथ ही, उन्होंने जिलाधिकारी को भी पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। भलुनीधाम की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि यहां अभी भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। स्वच्छता, सुरक्षा, पेयजल और आवागमन जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं पर्याप्त नहीं होने से श्रद्धालुओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उधर, बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. रणवीर नंदन ने भी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी, रोहतास को पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने एक टीम गठित कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने को कहा है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि भलुनीधाम पहले से पंजीकृत सार्वजनिक धार्मिक न्यास (संख्या-4129) है, लेकिन अब तक इसकी न्यास समिति का गठन नहीं हो पाया है। प्रो. नंदन ने पटना उच्च न्यायालय के आदेश (सीडब्ल्यूजेसी नं०.- 17322/2022) का हवाला देते हुए जिलाधिकारी से समिति गठन के लिए नामों की सूची शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, ताकि प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। यदि यह पहल सफल होती है, तो भलुनीधाम में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों में इस कदम को लेकर उत्साह है और वे धाम के शीघ्र विकास की उम्मीद लगाए हुए हैं।

## वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक

**आरा/** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार, आरा में आगामी वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि यह ऐतिहासिक उत्सव दिनांक 23 एवं 24 अप्रैल, 2026 को राजकीय समारोह के रूप में भव्य एवं



आकर्षक ढंग से मनाया जाएगा। समारोह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन आरा स्थित रमना मैदान के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम तथा जगदीशपुर अनुमंडल अंतर्गत वीर कुंवर सिंह किला मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रमों में प्रभात फेरी, वीर कुंवर सिंह पार्क में झंडोत्तोलन, दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण, राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, आरा की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान, मैराथन दौड़ तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख रूप से शामिल रहेंगे। इसके अतिरिक्त एंबुलेंस एवं यातायात व्यवस्था, सड़क एवं समारोह स्थल की साफ-सफाई, पानी का छिड़काव, पार्क का सौंदर्यीकरण, तालाब की सफाई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण कर ली जाएं, ताकि यह उत्सव जिलेवासियों के लिए एक गौरवपूर्ण एवं प्रेरणादायक अवसर सिद्ध हो। बैठक में उप विकास आयुक्त, भोजपुर, अनुमंडल पदाधिकारी (आरा सदर), अनुमंडल पदाधिकारी जगदीशपुर, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नल-जल योजना और चापाकल मरम्मत की डीएम ने की समीक्षा, सुचारु पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

**सासाराम संवाददाता (चौथी वाणी)।** रोहतास की जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित कर जिले में नल-जल योजना की कार्यक्षमता, चापाकल मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अभियंता, जिले के सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा सभी प्रखंडों के बीपीआरओ उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में पेयजल आपूर्ति की मौजूदा स्थिति का आकलन कर उसे और अधिक प्रभावी, सुचारु एवं जनहितकारी बनाना था। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि नल-जल योजना का संचालन हर हाल में निर्बाध और सुचारु रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार



की तकनीकी खराबी, पाइपलाइन समस्या या जलापूर्ति में बाधा उत्पन्न होने की स्थिति में उसका त्वरित निष्पादन किया जाए, ताकि आम जनता को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने जिले के सभी चापाकलों को हर हाल में चालू स्थिति में रखने का सख्त निर्देश दिया। चापाकल मरम्मत कार्यों की पारदर्शिता, गुणवत्ता और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को मरम्मत कार्य के बाद जियो-टैग फोटो उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पीएचईडी के कनीय अभियंताओं एवं बीपीआरओ को निर्देशित किया गया कि जहां-जहां चापाकल एवं नल-जल योजना में खराबी पाई गई है, वहां प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र मरम्मत कार्य पूरा कर उसे पुनः चालू कराया जाए। जिला पदाधिकारी ने विशेष रूप से चेनारी, नौहट्टा एवं तिलौथू के पहाड़ी क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था पर अतिरिक्त निगरानी रखने का निर्देश दिया और कहा कि इन इलाकों में पेयजल उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर चापाकलों की कार्यशीलता एवं नल-जल योजना की भौतिक स्थिति की जांच करने तथा उसकी विस्तृत रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया। साथ ही पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर चापाकल एवं नल-जल योजना की वास्तविक स्थिति की जानकारी लेने को भी कहा गया। आवश्यकता पड़ने पर मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त मानव बल की व्यवस्था करने की बात भी कही गई। जिला पदाधिकारी ने यह भी घोषणा की कि नल-जल योजना एवं चापाकल मरम्मत से संबंधित मामलों की समीक्षा हेतु प्रत्येक बुधवार को नियमित रूप से बैठक आयोजित की जाएगी, ताकि कार्यों की सतत मॉनिटरिंग बनी रहे और समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि नल-जल एवं चापाकलों से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए टॉल फ्री नंबर 18001231121 पर संपर्क कर सूचना दें। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## सखी वार्ता में जागरूकता की गूंज, बाल विवाह व दहेज प्रथा के खिलाफ बुलंद हुई आवाज



**बिक्रमगंज संवाददाता (चौथी वाणी):** महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक अहम पहल करते हुए बुधवार को महिला एवं बाल विकास निगम, रोहतास द्वारा बिक्रमगंज प्रखंड सभागार में सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और किशोरियों की भागीदारी ने इसे सार्थक बना दिया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ एकजुट करना रहा। इस दौरान बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने बाल विवाह और दहेज प्रथा पर कड़ा प्रहार करते हुए इसे समाज के लिए अभिशाप बताया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बेटियों के स्वास्थ्य और भविष्य के साथ गंभीर अन्याय भी है। जिला परियोजना प्रबंधक ने सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, विशेषकर मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना सहित अन्य आर्थिक सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। वहीं महिलाओं की सुरक्षा के लिए 181 महिला हेल्पलाइन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया, ताकि संकट की स्थिति में महिलाएं तुरंत सहायता ले सकें।कार्यक्रम में किशोरियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर भी विशेष जोर दिया गया। अभिभावकों से अपील की गई कि वे बेटियों की पढ़ाई और स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें। वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ द्वारा संचालित इंटरैक्टिव सत्र में महिलाओं की समस्याओं को सुना गया और उनके समाधान के लिए व्यवहारिक सुझाव भी दिए गए। जिला प्रशासन रोहतास एवं महिला एवं बाल विकास निगम ने स्पष्ट संदेश दिया कि हर महिला को सशक्त, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना ही उनका लक्ष्य है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम सामाजिक बदलाव की मजबूत नींव साबित हो रहे हैं।

## पुलिस अधीक्षक ने डेहरी पुलिस कार्यालय में की जन-सुनवाई, फरियादियों की समस्याएं सुनीं

**सासाराम संवाददाता (चौथी वाणी)।** रोहतास जिले में बुधवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय डेहरी में आमजनों एवं फरियादियों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर जन-सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी-अपनी समस्याओं और शिकायतों को लेकर पहुंचे तथा अपनी फरियाद पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखी। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सभी फरियादियों की बातों को गंभीरता, संवेदनशीलता और धैर्यपूर्वक सुना तथा प्रत्येक मामले को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्राप्त सभी शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके और किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश न रहे। पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि पुलिस



प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा जनता और पुलिस के बीच विश्वास एवं संवाद की मजबूत कड़ी कायम रखना उनकी प्राथमिकता है। इस जन-सुनवाई कार्यक्रम से आम लोगों में प्रशासन के प्रति भरोसा और अधिक मजबूत होता दिखाई दिया। फरियादियों ने उम्मीद जताई कि अब उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और उन्हें शीघ्र न्याय मिलेगा। वहीं संबंधित अधिकारियों ने भी आश्वासन दिया कि सभी मामलों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। यह जन-सुनवाई कार्यक्रम पुलिस-जन संवाद की दिशा में एक सकारात्मक और सराहनीय पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिससे प्रशासनिक जवाबदेही और आम लोगों के बीच विश्वास को नई मजबूती मिली है।

## एलपीजी गैस को लेकर प्रशासन सख्त

**आरा/** भोजपुर जिला में घरेलू गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। भोजपुर जिला में गैस की आपूर्ति हेतु इण्डेन के कुल 30 वितरक है, जिनके पास कुल 6112 गैस सिलेण्डर, भारत गैस के कुल 06 वितरक है, जिनके पास कुल 2948 एल०पी०जी० सिलेण्डर एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के कुल 09 वितरक है, जिनके पास कुल 2335 गैस सिलेण्डर है, इस प्रकार कुल 11395 एल०पी०जी० सिलेण्डर आज वितरण हेतु उपलब्ध है। वर्त्तमान में एल०पी०जी० सिलेण्डर डिलीवरी के उपरान्त अगला बुकिंग शहरी क्षेत्रों में 25 दिन एवं देहाती क्षेत्रों में 45 दिन पर ही होगा। अपने मोबाईल नंबर पर ओ०टी०पी० प्राप्त कर भेण्डर के माध्यम से ही गैस सिलेण्डर प्राप्त करें। गैस एजेंसी द्वारा होम डिलेवरी करना प्रारंभ कर दिया गया है, इसलिए गैस एजेंसी पर अनावश्यक भीड़ न लगायें एवं पैनिक बुकिंग न करें। समस्या समाधान हेतु गैस कम्पनी के -1800-23333-555, -1800-22-4344 एवं 1800-2333-555 पर सम्पर्क करें। जिला में एल०पी०जी० गैस वितरण से संबंधित शिकायत के निराकरण हेतु जिला नियंत्रण कक्ष गठित की गई है, जिसका दूरभाष संख्या 06182-248702 एवं अनुमंडल स्तर पर सदर आरा अनुमंडल का 06182-233325, पीरो अनुमंडल का 06181-223301, जगदीशपुर अनुमंडल का 06181-223048 पर सम्पर्क किया जा सकता है। सभी अनुमंडलों में अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा होटल/रेस्टोरेन्ट एवं मिठाई दुकानों में छापामारी की जा रही है। अबतक कुल 07 प्रतिष्ठानों पर 03 प्राथमिकी दर्ज कराई गई है एवं 35 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किया गया है। आज दिनांक 08.04.2026 को कुल 05 गैस एजेंसी एवं 01 व्यापारिक प्रतिष्ठान पर छापामारी किया गया है।

## बनारस जाते समय पूर्व मुखिया उमेश का निधन, चंदौली के समीप हार्ट अटैक से मौत

**कोचस संवाददाता(चौथी वाणी)।** कोचस प्रखंड क्षेत्र के चितवा पंचायत के पूर्व मुखिया उमेश कुमार सिंह का बुधवार को अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे किसी आवश्यक कार्य से बनारस जा रहे थे। इसी दौरान चंदौली के समीप उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई और वे अचेत हो गए। साथ में मौजूद लोगों द्वारा तत्काल उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उमेश कुमार सिंह अपने कार्यकाल के दौरान सरल स्वभाव और जनहित के कार्यों के लिए जाने जाते थे। उनके निधन की खबर मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

## वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और मेधावी छात्रों के सम्मान के साथ डीएवी पब्लिक स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ

**बिक्रमगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** नगर के आरा रोड तेंदूनी चौक स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल, बिक्रमगंज के प्रांगण में बुधवार का दिन शिक्षा, संस्कार और उपलब्धियों के अद्भुत संगम के रूप में यादगार बन गया। विद्यालय में सत्र 2026-27 का शुभारंभ वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार मंत्रोच्चार, पूजन-अर्चन एवं हवन के साथ अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या कुमारी प्रिया ने की। हवन की पवित्र अग्नि और वैदिक मंत्रों की गूंज से पूरे विद्यालय परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक वातावरण का संचार हुआ, जिससे नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत अत्यंत शुभ और प्रेरणादायक बन गई। इसके उपरांत आयोजित आशीर्वाद एवं सम्मान समारोह में प्रतिभा, परिश्रम और उत्कृष्ट प्रदर्शन का भव्य सम्मान देखने को मिला। सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में कक्षा केजी से नौवीं तक 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सैकड़ों मेधावी विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यालय प्रबंधन के साथ स्थानीय मीडिया प्रतिनिधि कौशलेश पांडेय एवं राजू रंजन दुबे द्वारा प्रदान किया गया। समारोह का सबसे प्रेरणादायक और गौरवपूर्ण क्षण तब आया, जब कक्षा नौवीं की प्रतिभाशाली छात्रा आराध्या कुमारी को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए प्राचार्या कुमारी प्रिया द्वारा विशेष रूप से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर







विद्यालय के विभिन्न हाउसों के कैप्टन एवं उनके सदस्यों को भी ट्रॉफी प्रदान कर उनकी टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और अनुशासित सहभागिता की सराहना की गई। अपने प्रेरक संबोधन में प्राचार्या कुमारी प्रिया ने विद्यार्थियों को अनुशासन, कठोर परिश्रम, आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि यही गुण उन्हें सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होंगे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नए सत्र के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के समर्पण, मेहनत और सतत योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। पूरे आयोजन में विद्यालय परिवार की सक्रिय, अनुशासित और उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिससे कार्यक्रम अत्यंत भव्य, प्रेरणादायक और ऊर्जा से भरपूर बन गया। यह शुभारंभ केवल एक नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत भर नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों को नई दिशा, नई प्रेरणा और नई उड़ान देने वाला संदेश भी बनकर उभरा।

## सांस्कृतिक रंग में निखरी प्रतिभाएं, सकला बाजार विद्यालय का वार्षिकोत्सव यादगार

**बिक्रमगंज (चौथी वाणी):** काराकाट प्रखंड के सकला बाजार स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को वार्षिकोत्सव सह प्रतिभा सम्मान समारोह धूमधाम से आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अरुण सिंह व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाध्यापक शेर आलम की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं। बीईओ मनोज कुमार ने



विद्यालय को बच्चों के सर्वांगीण विकास का केंद्र बताते हुए इस पहल की सराहना की। समारोह में अतिथियों व शिक्षकों को सम्मानित किया गया। वहीं छात्रों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे, जिन पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। कार्यक्रम में अभिभावकों, स्थानीय लोगों व विद्यालय परिवार की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे आयोजन सफल व यादगार बन गया।

## खबरें एक नजर में

# मानवता और ज्ञान के प्रकाश को प्रभावित करती महायुद्ध की काली छाया

**बच्चे,बूढ़े और महिलाएं सर्वाधिक प्रभावित।**

महात्मा गांधी ने अहिंसा को मानवता का सबसे बड़ा अस्त्र बताया था,उनका प्रसिद्ध कथन है किह्लआँख के बदले आँख पूरी दुनिया को अंधा बना देगी।ह्व उन्होंने यह भी कहा कि ह्लअहिंसा मानवता का परम धर्म है,ह्व और यह स्पष्ट किया कि स्थायी शांति केवल सत्य और अहिंसा के मार्ग से ही संभव है, न कि युद्ध से। ज्ञान, संवेदना और मानवता से परे जब महायुद्ध की आहट सुनाई देती है, तब केवल सीमाओं का विस्तार या सत्ता का संघर्ष नहीं होता, बल्कि पूरी मानव सभ्यता अपनी आत्मा के संकट से गुजरती है। यह वही समय होता है जब विज्ञान, जो मानव कल्याण का साधन होना चाहिए था, विनाश का औजार बन जाता है और ज्ञान, जो प्रकाश फैलाने के लिए था, अंधकार को और गहरा कर देता है। आज का महायुद्ध केवल बंदूकों और बमों तक सीमित नहीं रहा, यह तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर हमलों और परमाणु शक्ति के रूप में इतना भयावह हो चुका है कि इसका परिणाम केवल हार-जीत नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। गौतम बुद्ध ने करुणा और शांति को जीवन का मूल आधार माना था, उनका संदेश था घृणा से घृणा कभी समाप्त नहीं होती, प्रेम से ही समाप्त होती है। यह विचार बताता है कि युद्ध की आग को केवल प्रेम और समझदारी से ही बुझाया जा सकता है। जब एक देश अपनी शक्ति का प्रदर्शन करता है, तो वह केवल अपनी सीमाओं की रक्षा नहीं करता, बल्कि अनजाने में दूसरे देशों के लिए भय, असुरक्षा और विनाश का कारण भी बन जाता है। यही शक्ति संतुलन की असमानता महायुद्ध की नींव रखती है, जहाँ एक का सामर्थ्य दूसरे के लिए संकट बन जाता है और यह संकट धीरे-धीरे पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लेता है। आज मानवता चीख रही है, रो रही है, क्योंकि जिन हाथों ने मशीनें बनाई थीं, उन्हीं हाथों ने विनाश के हथियार भी गढ़ लिए हैं। वैज्ञानिक प्रगति का यह विडंबनापूर्ण रूप हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम सच में विकसित हुए हैं या केवल विनाश के नए-नए तरीके खोज लिए हैं। युद्ध के मैदान में गिरता हर सैनिक केवल एक शरीर नहीं होता, वह किसी का बेटा, किसी का पिता, किसी का सपना होता है, और जब वह गिरता है, तो उसके साथ कई जीवन बिखर जाते हैं। बच्चों की मासूमियत, माताओं की ममता और बुजुर्गों की आशाएँ इस महायुद्ध की भेंट चढ़ जाती हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या युद्ध का अंत शांति में नहीं हो सकता, क्या संवाद और वार्ता के माध्यम से समाधान नहीं निकाला जा सकता। इतिहास इस बात का साक्षी रहा है कि जहाँ युद्ध ने केवल विनाश दिया, वहीं शांति वाताओं ने नए युग की शुरूआत की है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने भी यही कहा कि अंधकार अंधकार को नहीं मिटा सकता, केवल प्रकाश ही ऐसा कर सकता है,और यह प्रकाश केवल शांति और संवाद के माध्यम से ही संभव है।" जब राष्ट्र अपने अहंकार और शक्ति प्रदर्शन को त्यागकर एक-दूसरे के साथ बैठते हैं, तो समस्याओं का समाधान निकलता है, क्योंकि संवाद वह सेतु है जो दुश्मनी को भी दोस्ती में बदल सकता है। आज की दुनिया को यह समझने की आवश्यकता है कि युद्ध कोई समाधान नहीं, बल्कि समस्याओं को और जटिल बनाने का माध्यम है। विज्ञान का उपयोग यदि मानव कल्याण के लिए किया जाए, तो यह जीवन को सरल और सुंदर बना सकता है, लेकिन यदि इसका दुरुपयोग किया गया, तो यह पूरी सृष्टि को विनाश के कगार पर पहुँचा सकता है। अल्बर्ट आइंस्टीन जैसे महान वैज्ञानिक, जिन्होंने परमाणु युग की शुरूआत देखी, उन्होंने चेतावनी दी मुझे नहीं पता तीसरा विश्व युद्ध किन हथियारों से लड़ा जाएगा, लेकिन चौथा विश्व युद्ध पत्थरों और लाठियों से लड़ा जाएगा। उनका यह कहना।विज्ञान के दुरुपयोग की भयावह परिणति को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ह्लशांति बलपूर्वक नहीं रखी जा सकती, यह केवल समझ से प्राप्त होती है।ह्व हमें यह तय करना होगा कि हम अपने ज्ञान का उपयोग किस दिशा में करना चाहते हैं,सृजन की ओर या विनाश की ओर। महायुद्ध की यह भयावह छाया हमें चेतावनी देती है कि यदि हमने समय रहते अपने मार्ग को नहीं बदला, तो वह दिन दूर नहीं जब मानवता केवल इतिहास की पुस्तकों में ही रह जाएगी। इसलिए आवश्यक है कि विश्व के सभी राष्ट्र अपने मतभेदों को भुलाकर शांति, सहयोग और सह-अस्तित्व के मार्ग को अपनाएँ। युद्ध के स्थान पर यदि हम संवाद को प्राथमिकता दें, तो न केवल संघर्ष टल सकते हैं, बल्कि एक बेहतर और सुरक्षित दुनिया का निर्माण भी संभव है। अंततः यह मानवता की परीक्षा का समय है, जहाँ हमें यह साबित करना होगा कि हम केवल तकनीकी रूप से ही नहीं, बल्कि नैतिक और मानवीय दृष्टि से भी विकसित हैं, और यही विकास हमें महायुद्ध की विभीषिका से बचाकर शांति के मार्ग पर आगे बढ़ा सकता है।

# हलका इंचार्ज हरजी मान की अध्यक्षता में आम आदमी पार्टी ने किया 'संगठन मिलनी' का आयोजन

**फगवाड़ा चौथी वाणी।)** आम आदमी पार्टी के विधानसभा हलका फगवाड़ा इंचार्ज हरजी मान ने आगामी विधानसभा चुनावों से पहले कार्यकताओं में नया उत्साह भरने के लिए स्थानीय अशीष कॉन्टिनेंटल में हलके के सभी कार्यकताओं, नेताओं और कोआर्डिनेटर्स के साथ विशेष बैठक की। इस दौरान पार्टी के सभी विंगों के प्रतिनिधि, ब्लॉक प्रधान, कोआर्डिनेटर्स और विभिन्न विभागों के इंचार्ज उपस्थित रहे। बैठक में लोकसभा हलका होशियारपुर के सांसद डा. राजकुमार चब्बेवाल ने विशेष रूप से उपस्थित होकर पार्टी पदाधिकारियों और सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में आम आदमी पार्टी सरकार की पिछली चार



साल की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता अब से ही आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी शुरू करें ताकि एक बार फिर प्रदेश में शानदार जीत हासिल कर सरकार का गठन किया जा सके और मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए विकास और लोककल्याण के कार्यों को और तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। हलका इंचार्ज हरनूर सिंह मान ने कहा कि भगवंत मान सरकार द्वारा शुरू की गई जन-कल्याण योजनाओं और पंजाब के विकास की लहर को इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि मौजूदा सरकार ने अपने पहले शासनकाल में मुफ्त बिजली, महिलाओं को मासिक भत्ता, मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं और अस्पतालों में सुधार, जैसे मुहल्ला क्लीनिक, नए स्पेशलिस्ट डॉक्टर और उपचार सुविधाएं, शिक्षा क्षेत्र में नवाचार, डिजिटल लर्निंग सुविधाएं, किसानों के लिए फसलों के भुगतान में सुविधा और सब्सिडी योजनाएं, युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार योजनाएं एवं प्रशिक्षण केंद्र, गांवों में सफाई और बिजली सेवाओं में सुधार, पंचायती जमीनों के कब्जे छुड़ाने जैसे कार्य किए। इसके अलावा, नशा मुक्ति अभियान लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि समय आ गया है कि मतदाताओं तक सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाया जाये ताकि आगामी चुनाव में लोग विपक्षी दलों के झूठे प्रचार से सचेत रहें। पार्टी कार्यकताओं ने अपने क्षेत्रों में जनता को पार्टी की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मेयर रामपाल उपल, डिप्टी मेयर विक्की सूद, गुरदीप सिंह दीपा संगठन मंत्री, ओम प्रकाश बिट्टू जिला वाइस कोऑर्डिनेटर शिक्षा क्रांति, ललित सकलनी, बॉबी चम चेयरमैन व्यापार सेल, सीमा राणा कोआर्डिनेटर नशा मुक्ति मोर्चा, रवींद्र गुप्ता कोआर्डिनेटर लीगल सेल, कुलदीप कुमार जिला परिषद सदस्य, नरिंदर सिंह सरपंच यूनियन प्रधान, आज्ञापाल सिंह पूर्व सरपंच खलवाड़ा, हरमेश पाठक, अमरिंदर सिंह यूथ कोऑर्डिनेटर, रवि सिद्धू एमसी, इंदरजीत एमसी, अजय कुमार हैप्पी ब्लॉक समिति सदस्य, राजिंदर कौर ब्लॉक समिति सदस्य, कमल कलसी ब्लाक समिति सदस्य, लाडी संगतपुर ब्लॉक समिति सदस्य, देसराज झमट्ट ब्लॉक समिति सदस्य, अंकुश ओहरी एमसी, जगदेव सिंह एमसी, हरप्रीत भोगल एमसी, कमलेश कौर ब्लॉक समिति सदस्य, दविन्द्र सिंह ब्लॉक समिति सदस्य, राजेश कौलसर ब्लॉक प्रधान, केवलप्रीत सिंह ब्लॉक प्रधान, हुकम सिंह मेहट ब्लॉक प्रधान, नरेश शर्मा ब्लॉक प्रधान, उमेश कुमार ब्लॉक प्रधान, प्रितपाल कौर तुल्ली एमसी, समर गुप्ता, रेशमो सरपंच आदि उपस्थित थे।

# एलपीजी आपूर्ति को लेकर लखीसराय प्रशासन एक्शन मोड में,कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन ने विशेष निगरानी व्यवस्था की लागू

**चौथीवाणी/लखीसराय/**मध्य पूर्व में जारी युद्ध के चलते एलपीजी गैस आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। गैस एजेंसियों पर संभावित भीड़ और कालाबाजारी को रोकने के लिए प्रशासन ने विशेष निगरानी व्यवस्था लागू की है।प्रशासन द्वारा सभी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और संबंधित थानाध्यक्ष की त्रिसदस्यीय टीम गठित की गई है, जो लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर कालाबाजारी पर नजर रखेगी।8अप्रैल 2026 को इस अभियान के तहत एक निरीक्षण भी किया



गया।सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमित रूप से छापेमारी करें, रिपोर्ट जिला पदाधिकारी को भेजें और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। साथ ही, एलपीजी वितरकों को चेतावनी दी गई है कि जमाखोरी या कालाबाजारी पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।जनता की शिकायतों के निस्तारण के लिए समाहरणालय लखीसराय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका हेल्पलाइन नंबर 06346-232952 जारी किया गया है।जिले में वर्तमान में 16 गैस एजेंसियां संचालित हैं और 4137 गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। इसके अलावा बड़हिया नगर परिषद और लखीसराय नगर परिषद क्षेत्र में Indian Oil Corporation Limited द्वारा पाइप नेचुरल गैस की आपूर्ति भी की जा रही है। जिन परिवारों ने अभी तक PNG कनेक्शन नहीं लिया है, वे निर्धारित मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि गैस की कोई कमी नहीं है, इसलिए घबराने या अनावश्यक भीड़ लगाने से बचें। आवश्यकतानुसार ही गैस सिलेंडर प्राप्त करें। साथ ही बताया गया कि घरेलू उपभोक्ता अंतिम डिलीवरी के 25 दिन बाद ही नया सिलेंडर बुक कर सकते हैं और बुकिंग के 2-3 दिनों के भीतर आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

# जैव विविधता व सन्तुलन में पक्षियों की भूमिका महत्वपूर्ण :- बोहरा






**पंछियों की जल सेवा में लगाएं परिण्डे, गौरेया संरक्षण दिया संन्देश ,जन कल्याण संस्थान कर रही पशु और पक्षी सेवा व कल्याण के कार्य**

**बाड़मेर राजस्थान चौथी वाणी।** थार में इस गर्मी के दिनों को देखते हुए जन कल्याण संस्थान बाड़मेर की ओर से पंछियों की जल सेवा के क्रम में लगातार अलग-अलग स्थानों पर परिझडे लगाएं जा रहे है। जिस कड़ी में बुधवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सांसियों का तला में बच्चों को परिवेश के प्रति लगाव का भाव बताते हुए स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व में पिंछयों के लिए परिण्डे व चबूतरे लगाएं गए। स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा अमन ने परिण्डे लगाते हुए कहा कि सबके मन को हरने वाले और प्यारे लगने पक्षियों की कुदरत में जैव विविधता व उसके सन्तुलन में महत्वपूर्ण भूमिका है। ये पक्षी परिवेश को जहां आनन्द से भर देते है, वहीं परिवेश की विविधता व सन्तुलन में भी बड़ी भूमिका निभाते है। ऐसे में हमारा दायित्व है कि हम गौरेया सहित सभी पक्षियों के कल्याण, सेवा व संरक्षण का कार्य करें। अमन ने बच्चों को परिवेश में पक्षियों की भूमिका के बारे में बताया।इस दौरान मुकेश अमन, पीटीआई राजेश जोशी, एयरटेल भारती फाउण्डेशन के प्रतिनिधि ओमप्रकाश सरगरा, डालूराम सेजू सहित विद्यालय स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी और लू को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट



**डीएम ने दिए सभी विभागों को सख्त निर्देश**

**जमुई/चौथी वाणी।** बढ़ती गर्मी और लू की संभावना को देखते हुए जमुई जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहते हुए प्रभावी और समन्वित आपदा प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में पदस्थों के साथ बैठक करते हुए कहा कि बच्चों , महिलाओं और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है। ग्रीष्मकाल की शुरूआत के साथ ही लू का खतरा बढ़ जाता है , जिससे जनजीवन प्रभावित हो सकता है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी गाइडलाइंस के अनुसार सभी विभाग सजग और सचेत रहें। शिक्षा विभाग को स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों को लू से बचाव के उपायों की जानकारी देने तथा सभी विद्यालयों में पेयजल , ओआरएस और प्राथमिक उपचार किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। स्वास्थ्य विभाग को सभी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में लू प्रभावित मरीजों के लिए विशेष व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही एम्बुलेंस सेवा , ओआरएस , आईवी फ्लूड और जीवनरक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। जरूरत पड़ने पर आइसोलेशन वार्ड और मोबाइल मेडिकल यूनिट भी सक्रिय किए जाएंगे। नगर निकाय सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल (पियाऊ) की व्यवस्था करेंगे वहीं पीएचईडी को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने और आवश्यकता पड़ने पर टैंकर से जल आपूर्ति करने को कहा गया है। समाज कल्याण विभाग को आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल , ओआरएस और जागरूकता सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। श्रम संसाधन विभाग को खुले में काम करने वाले मजदूरों के लिए शेड , पानी और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। परिवहन विभाग को सार्वजनिक वाहनों में पेयजल एवं प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने तथा ऊर्जा विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। डीएम ने कहा कि गेहूं फसल की कटाई और मलनी का काम जारी है। जमुई , सिकंदरा , खैरा , अलीगंज जैसे क्षेत्रों में चौकसी बरतें। जर्जर तार को बदलें और शॉट सर्किट की संभावना को नियंत्रित करें। अग्निशमन विभाग को सभी उपकरण और वाहनों को हमेशा तैयार रखने का निर्देश दिया। वन एवं पर्यावरण विभाग को वन्य जीवों के लिए पानी की पर्याप्त व्यवस्था करने को कहा गया है। डीएम ने बताया कि लू से संबंधित पूर्व चेतावनी भारतीय मौसम विभाग से प्राप्त कर टीवी , रेडियो , प्रिंट और एसएमएस के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए बीडीओ से संवाद किया और उन्हें भी वांछित निर्देश दिए। अलीगंज , चकाई और झाझा के बीडीओ को भू जलस्तर गिरने के मद्देनजर पेयजल के लिए सजग और सचेत रहने का निर्देश दिया। आपात स्थिति में डायल-112 , 101 और अग्निशमन नियंत्रण कक्ष के मोबाइल नंबर 7485805974 तथा 7485805975 से संपर्क किया जा सकता है। श्री नवीन ने लोगों से अपील की है कि तेज धूप में बाहर निकलने से बचें , पर्याप्त पानी पीते रहें और बच्चों , बुजुर्गों एवं गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखें।डीडीसी सुभाष चंद्र मंडल , एडीएम रविकांत सिन्हा , एसडीएम सौरव कुमार , ईओ डॉ.प्रियंका गुप्ता , सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ.मेनका कुमारी , कार्यपालक अभियंता ई.प्रिंस कुमार , सहायक अभियंता ई.विकास कुमार आदि ओहदेदार बैठक में उपस्थित थे।

# महिला फुटबॉल कैंप में 18 खिलाड़ियों का हुआ चयन

**जमुई/चौथी वाणी।** जिला फुटबाल संघ जमुई के तत्वाधान में चल रहे महिला फुटबॉल कैंप में आज 18 खिलाड़ियों का चयन किया गया। लखीसराय जिले में आयोजित हो रहे इंटर स्टेट महिला फुटबॉल टूनार्मेंट में भाग लेने लखीसराय कल रवाना होगी। इस अवसर पर जिला फुटबाल संघ के सचिव, कुंदन सिंह, जेएम फाइनेंस के रवि रंजन, संयोजक वासुदेव प्रसाद केसरी, जॉइंट सेक्रेटरी सुदर्शन कुमार उर्फ मुन्ना, ओमप्रकाश शर्मा, अध्यक्ष रवि रविंदर सिंह कौन सा अध्यक्ष ललन कुमार ललन, जिला फुटबॉल संघ के हेड ऑफ यूथ डिपार्टमेंट अमित कुमार शर्मा, कोच दीपा कुमारी एवं टीम मैनेजर फूल कुमारी मौजूद रहे। सभी चयनित खिलाड़ियों का अभिवादन करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी गई।



# अंतजार्तीय प्रेम विवाहिता की फांसी लगाकर की गई हत्या



(कन्हैया सिंह)

**मृतका की माता ने अपने ही समधन और जमाई पर लगाया हत्या का आरोप**

**बीहट नगर/बेगूसराय (चौथी वाणी)** बीहट नगर परिषद वार्ड संख्या- 17 रजक टोला में बुधवार को एक नव विवाहिता ने अपने ही ससुराल में फांसी लगाकर हत्या कर ली मामला सामने आया है, बीहट नगर परिषद वार्ड संख्या -18 वार्ड पार्षद बबीता देवी, पूर्व में गढ़हारा थाना में कार्यरत मुंशी अरुण रजक की पतोहु शबनम कुमारी (22) को फांसी लगाकर हत्या की साजिश सामने आया है। बताया जाता है कि दो वर्ष पूर्व अंतजार्तीय विवाह पास के ही गांव चकबल वार्ड नंबर 20 में हुआ था । मृतका के घर वाले हत्या करने का आरोप लगा रहे है। लड़की के परिजनों ने बताया कि पिछले कई महीनों से मेरी बेटी को दहेज उत्पीड़न को लेकर लगातार परेशान किया जा रहा था। आज मेरी बेटी को जान से मार कर घर में लटका दिया है।स्थानीय थाना प्रभारी जितेंद्र राम ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस जांच में जुटी है प्रशासन की टीम, शव को पोस्टमार्टम कराने के लिये सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया। एफ.एस.एल एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला साफ हो जायेगा, गढ़हारा सहित चकबल से जुटे सामाजिक और राजनीतिक लोगों ने बताया कि अरुण रजक का पुत्र करीब 2 साल पूर्व अपने घर से करीब तीन किलोमीटर दूर चकबल गांव में मिथलेश पासवान के पुत्री शबनम के साथ प्रेम विवाह रचाया था। विवाह के कुछ दिन बाद दोनों परिवारों के बीच रजामंदी के बाद शबनम अपनी सुसराल में ही रह रही थी। घटना कैसे और किस कारण से हुआ यह पुलिस के अनुसंधान, एफ.एस.एल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही खुलासा होगा।

# लखीसराय के किऊल थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में भीषण मारपीट

**आधा दर्जन लोग घायल,मारपीट के दौरान चली गोली**



**चौथीवाणी/लखीसराय/**यखीसराय जिले के किउल थाना क्षेत्र के सिंहचक गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में भीषण मारपीट हुई जिसमें आधा दर्जन लोग बुरी जगह जख्मी हो गए हैं।इस मारपीट की घटना में गोलीबारी लाठी एवं लोहे का रॉड का इस्तेमाल हुआ है। बताया जाता है कि दोनों आपस में गोतिया हैं जो जमीन की विवाद को लेकर पूर्व से विवाद चली आ रही है प्राप्त जानकारी के अनुसार इस घटना में सिंहचक ग्राम निवासी स्वर्गीय भुतही यादव के पुत्र मुल्की यादव तथा स्वर्गीय राम जी यादव के पुत्र सुधीर यादव तथा प्रकाश यादव द्वितीय पक्ष की स्वर्गीय राधे यादव के पुत्र कुनौदी यादव एवं कुनौदी यादव के पुत्र जितेंद्र कुमार तथा मिथुन कुमार हैं जो इस घटना में सभी जख्मी हुए हैं ।पुलिस घटना के बाद जांच में जुट गई है तथा सभी का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।एस डीपीओ शिवम कुमार ने बताया कि घटना में प्रयुक्त एक देसी पिस्टल भी बरामद किया गयाहै।मामले की गंभीरता को देखते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।बताते चलें की किऊल थाना क्षेत्र के इलाकों में अपराध की घटना लगातार घटित हो रही है। जो स्थानीय पुलिस के इकबाल पर प्रश्न चिह्न खड़ा करता है।

## बाल संरक्षण पेशेवरों के प्रशिक्षण के लिए सी-लैब व एमिटी यूनिवर्सिटी हरियाणा में करार

**चौथी वाणी/**बाल अधिकार, व्यवहार विज्ञान और मानसिक स्वास्थ्य को अकादमिक ढांचे में एकीकृत कर संस्थागत स्वरूप देने के लिए एमिटी यूनिवर्सिटी हरियाणा (एयूएच) और इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन (आईसीपी) के शोध प्रभाग सेंटर फॉर लीगल एंड बिहेवियर चेंज फॉर चिल्ड्रेन (सी-लैब) ने एक समझौते पर दस्तखत किए हैं। इस समझौते के तहत दोनों पक्ष बाल संरक्षण क्षेत्र में कार्यरत पेशेवरों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए विभिन्न सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करेंगे और इसके लिए पाठ्यक्रम व अध्ययन सामग्री भी तैयार करेंगे। साथ ही, दोनों मिलकर बाल संरक्षण से जुड़े विषयों पर शोध और विशेषज्ञता विकसित करने की दिशा में काम करेंगे।इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन ने सी-लैब की स्थापना बच्चों की सुरक्षा व न्याय सुनिश्चित करने के लिए जरूरी विशेषज्ञता विकसित करने व इस क्षेत्र में काम कर रहे पेशेवरों के क्षमता निर्माण में सहयोग देने के उद्देश्य से की है, जबकि गुरुग्राम के पास 110 एकड़ में फैले निजी क्षेत्र के अग्रणी विश्वविद्यालय एमिटी यूनिवर्सिटी हरियाणा को हाल ही में हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार (गोल्ड कैटेगरी) से सम्मानित किया है।



इस समझौता पत्र पर इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की कार्यकारी निदेशक डॉ. संपूर्णा बेहुरा और एमिटी यूनिवर्सिटी हरियाणा के प्रो वाइस चांसलर डॉ. विकास मधुकर ने दस्तखत किए।जमीनी विशेषज्ञता और अकादमिक क्षमताओं को एक साथ जोड़ने की दिशा में इस सहयोग की अहमियत के बाबत इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की कार्यकारी निदेशक डॉ. संपूर्णा बेहुरा ने कहा, ह्लयह साझेदारी अकादमिक ज्ञान और जमीनी हकीकत के फासले को भरने में एक अहम कदम साबित होगी। बाल संरक्षण क्षेत्र से जुड़े सभी पक्षों को अपनी क्षमताओं के सतत विकास, व्यावहारिक अनुभवों और बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए जटिल जमीनी वास्तविकताओं से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए अलग-अलग किस्म की विशेषज्ञता की जरूरत होती है। इस समझौते के जरिए अकादमिक अनुशासन और जमीनी वास्तविकताओं को साथ लाते हुए एमिटी यूनिवर्सिटी हरियाणा में एक अधिक संवेदनशील और सशक्त बाल संरक्षण तंत्र के निर्माण में सहायक होगी।ह्वएमिटी यूनिवर्सिटी के प्रो वाइस चांसलर डॉ. विकास मधुकर ने कहा, ह्ल यह समझौता राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान देने की एमिटी यूनिवर्सिटी की सोच के अनुरूप है। इन पाठ्यक्रमों के जरिए हम सुनिश्चित करेंगे कि बाल संरक्षण व व्यवहार परिवर्तन केवल दस्तावेजों तक सीमित रहने के बजाय इस क्षेत्र में कार्यरत सभी पेशेवरों के लिए उनका ज्ञान व समझ विकसित करने में अहम भूमिका निभाएं।ह्व समझौते के तहत सी-लैब पाठ्यक्रम तैयार करने, व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने, शोध क्षेत्र को मजबूती देने के अलावा बाल अधिकारों और बाल संरक्षण से जुड़े जागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर उन्हें संचालित करेगा। वहीं एमिटी यूनिवर्सिटी हरियाणा अकादमिक सहयोग, पाठ्यक्रम और अध्ययन सामग्रियों के अनुवाद में मदद के अलावा जागरूकता कार्यक्रमों में भी सहयोग करेगी। इसके अलावा, विश्वविद्यालय बाल यौन शोषण के मामलों में सहायता प्रदान करने वाले ह्लसपोर्ट पर्सन्सह्व के लिए सी-लैब के सर्टिफिकेट कोर्स को मान्यता व संबद्धता प्रदान करेगा। सी-लैब ने इस पाठ्यक्रम की शुरूआत पिछले वर्ष की थी, जो 2023 में सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश के बाद और आवश्यक हो गया है जिसमें बाल यौन शोषण के प्रत्येक मामले में सपोर्ट पर्सन की नियुक्ति अनिवार्य की गई है।

## पूर्व मंत्री संजीव प्रसाद टोनी के दामाद वरुण सिंह ने लगाई सुरक्षा की गुहार

### बहन खुश्बू सिंह हत्याकांड में रक्ळ जांच, आरोपियों की गिरफ्तारी और स्थायी अंगरक्षक की मांग

**पटना (चौथी वाणी)पटना।** बिहार के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री संजीव प्रसाद टोनी के दामाद व उद्यमी वरुण कुमार सिंह ने अपनी बहन खुश्बू सिंह की संदिग्ध मौत को लेकर मंगलवार को पटना में प्रेस कांफ्रेंस कर न्याय और सुरक्षा की मांग उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि मुजफ्फरपुर में शादी के महज छह महीने बाद उनकी बहन की साजिशन हत्या कर दी गई, और अब इस मामले में आवाज उठाने पर उनके तथा उनके परिवार के सदस्यों की जान को भी गंभीर खतरा है।




वरुण ने सरकार से विशेष जांच दल (रक्ळ) के गठन, सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और परिवार को स्थायी सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। वरुण कुमार सिंह ने बताया कि उनकी छोटी बहन खुश्बू सिंह की शादी 1 जून 2025 को पूरे रीति-रिवाज और धूमधाम के साथ मुजफ्फरपुर के ब्रह्मपुरा इलाके के श्याम कुटीर, ज्ञानलोक मार्ग निवासी एनआरआई ई. सुधांशु सिंह से हुई थी। उनका आरोप है कि शादी के दौरान ही लड़के पक्ष की ओर से फार्च्यूनर गाड़ी, लगभग एक करोड़ रुपये के गहने और 51 लाख रुपये नकद की मांग की गई। उन्होंने कहा कि गाड़ी को छोड़कर परिवार ने बाकी अधिकांश मांगें पूरी कीं, लेकिन शादी के बाद से ही बहन को गाड़ी और बाद में दिल्ली में फ्लैट की मांग को लेकर लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा।

## प्रखंड कार्यालय पर गैस उपभोक्ताओं ने किया हंगामा, कोई एजेंसी द्वारा नहीं किया जाता है होम डेलेभरी, गैस उपभोक्ताओं में आक्रोष



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (चौथी वाणी)** प्रखंड कार्यालय में उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब दर्जनों गैस उपभोक्ताओं ने अपनी समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। उपभोक्ताओं का कहना था कि उन्होंने गैस सिलेंडर की बुकिंग कराई है और उनके मोबाइल पर ओटीपी भी प्राप्त हो चुका है, इसके बावजूद उन्हें गैस उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। इस समस्या से परेशान होकर लोग प्रखंड कार्यालय पहुंचकर हंगामा करने लगे। प्रदर्शन कर रहे उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि एजेंसी द्वारा समय पर गैस की आपूर्ति नहीं की जा रही है, जिससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर घरेलू कामकाज में बाधा उत्पन्न हो रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की कि इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान कराया जाए और गैस वितरण व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। इस दौरान मौके पर कुसमी के मो. मेराज आलम, पहलाम के संतोष कुमार भगत, महारस के संतोष शर्मा, पहलाम के दिलीप कुमार, तरियमा के गजेंद्र कुमार, मोहनपुर की निशा देवी, पहाड़पुर की रेहाना खातून, रायपुरा की रेखा देवी, मोहनपुर की कंगूल देवी, फराना खातून, कन्हैया कुमार, धीरज कुमार समेत कई उपभोक्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में अपनी समस्या का समाधान जल्द कराने की मांग की। इस दौरान गैस संचालन जितेंद्र कुमार से संपर्क करने की कोशिश की गई,सर्म्पक नही हो पाया।

## ज्यूडिशियल काउंसिल ने युद्ध संकट पर स्थायी समाधान और शांति की मांग की

**नई दिल्ली (चौथी वाणी):** ज्यूडिशियल काउंसिल ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव से दृढ़तापूर्वक आग्रह किया है कि वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और महासभा की तत्काल आपात बैठक बुलाए, जिसका मुख्य उद्देश्य तत्काल प्रभावी युद्धविराम, नागरिकों की सुरक्षा, तथा सभी संबंधित देशों के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम की अवधि में स्थायी समाधान और कानूनी रूप से बाध्यकारी शांति तंत्र स्थापित करना हो। ज्यूडिशियल काउंसिल के चेयरमैन श्री राजीव अग्निहोत्री ने अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच तेजी से बढ़ते युद्ध को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह संघर्ष अब केवल मध्य-पूर्व तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय की शांति, सुरक्षा और वैश्विक स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। ज्यूडिशियल काउंसिल ने कहा कि वर्तमान संघर्ष क्षेत्रीय टकराव की सीमाओं को पार कर अब एक व्यापक वैश्विक आपदा की दहलीज पर पहुंच चुका है। लगातार सैन्य तनाव, जवाबी हमले, नागरिक हताहत, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का विनाश, तथा अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्गों और ऊर्जा आपूर्ति में व्यवधान की आशंका अब संयुक्त राष्ट्र के तत्काल और निर्णायक हस्तक्षेप की मांग करती है। ज्यूडिशियल काउंसिल ने निम्नलिखित तात्कालिक सुझाव प्रस्तुत किए हैं:




तत्काल वैश्विक युद्धविराम प्रस्ताव, जिससे सभी पक्षों की सैन्य कार्रवाई तुरंत रुके।

उच्च स्तरीय संयुक्त राष्ट्र शांति दूत पैनल की नियुक्ति, जिसमें निष्पक्ष राजनेता, विधिवेत्ता और अंतरराष्ट्रीय विवाद समाधान विशेषज्ञ शामिल हों। संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में स्थायी मध्य-पूर्व सुरक्षा संवाद ढांचे का निर्माण।

परमाणु तनाव बढ़ने या रणनीतिक नागरिक ठिकानों पर हमले के विरुद्ध बाध्यकारी आश्वासन।

नागरिकों, अस्पतालों, महिलाओं, बच्चों और मानवीय एजेंसियों के लिए सुरक्षा गलियारे।

संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के अंतर्गत सभी पक्षों द्वारा बल प्रयोग की स्वतंत्र कानूनी समीक्षा।

प्रत्यक्ष या प्रॉक्सी युद्ध की पुनरावृत्ति रोकने हेतु बहुपक्षीय संधि तंत्र।

दो सप्ताह के युद्धविराम के भीतर अंतिम दीर्घकालिक शांति संधि पर वार्ता, ताकि भविष्य में युद्ध की पुनरावृत्ति न हो और स्थायी समाधान सुनिश्चित हो। ज्यूडिशियल काउंसिल ने चेतावनी दी कि विश्व आज एक और लंबे युद्ध का जोखिम नहीं उठा सकता। ऐसा संघर्ष एशिया, यूरोप, अफ्रीका और वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर सकता है। रणनीतिक गठबंधनों और परमाणु शक्तियों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र के निर्णायक नेतृत्व की आवश्यकता अत्यंत अनिवार्य है। ज्यूडिशियल काउंसिल ने जोर देकर कहा कि संयुक्त राष्ट्र की स्थापना मानवता को विनाश और प्रतिशोध के चक्र में लौटने से रोकने के लिए की गई थी, इसलिए इस समय केवल प्रतीकात्मक कूटनीति नहीं बल्कि त्वरित, समयबद्ध, लागू करने योग्य और स्थायी समाधान आधारित शांति कार्रवाई आवश्यक है।श्री राजीव अग्निहोत्री ने संयुक्त राष्ट्र से माँग की कि इस मुद्दे को सुरक्षा परिषद के सभी स्थायी और अस्थायी सदस्यों के समक्ष बिना देरी के रखा जाए, ताकि आपात बैठक केवल प्रतीकात्मक प्रस्तावों तक सीमित न रहकर ठोस, प्रभावी और स्थायी कूटनीतिक परिणाम दे।

वक्तव्य में कहा गया,

'अंतरराष्ट्रीय कानून, संप्रभुता और सामूहिक सुरक्षा की विश्वसनीयता त्वरित कार्रवाई और स्थायी समाधान पर निर्भर करती है।ह्व

ज्यूडिशियल काउंसिल ने पुनः दोहराया कि वह मानवता की रक्षा, न्याय की स्थापना और अंतरराष्ट्रीय कानून के शासन को मजबूत करने वाली हर शांतिपूर्ण और वैधानिक पहल के समर्थन के लिए

## 'जवान' फेम एटली की भव्य फैंटेसी-एक्शन फिल्म 'एए22 ७ ए6'(AA22 x A6) अब 'राका'

### अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर टाइटल का ग्लोबल ऐलान




भारतीय सिनेमा के दिग्गज निर्देशकों में शामिल एटली की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक एए22 ७ ए6 (अअ22 ७ अ6) का आधिकारिक टाइटल अब 'राका' हो चुका है और इसका ऐलान आइकॉन स्टार अल्लू अर्जुन के जन्मदिन के मौके पर किया गया है, जिसने एटली और अल्लू अर्जुन के फैंस का उत्साह और बढ़ा दिया है। टाइटल रिवील के साथ जारी पोस्टर फिल्म की दुनिया की एक झलक रही है, जो डार्क, इंटेंस और रहस्यमयी विजुअल टोन से भरपूर है। पोस्टर में दिखाए गए क्रिएचर जैसे एलिमेंट्स एक बड़े और अलग सिनेमाई यूनिवर्स की ओर इशारा करते हैं, जो दर्शकों को नया अनुभव देने वाला है।'राका' एक भव्य फैंटेसी-एक्शन एंटरटेनर है, जिसे खासतौर पर ग्लोबल ऑडियंस को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। सन पिक्चर्स के बैनर तले बन रही यह फिल्म बड़े पैमाने पर तैयार की जा रही है, जिसमें निर्देशक एटली शानदार स्केल, दमदार कहानी और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। गौरतलब है कि इस फिल्म में अल्लू अर्जुन न सिर्फ एक बिल्कुल नए और पहले कभी न देखे गए अवतार में नजर आएँगे, बल्कि यह किरदार उनके अब तक के करियर से अलग और काफी दमदार होगा। फिल्म के निर्देशक एटली कुमार, जो अपने बड़े और अलग अंदाज के लिए जाने जाते हैं, 'राका के जरिए एक ऐसा यूनिवर्स तैयार कर रहे हैं जिसमें फैंटेसी, एक्शन और इमोशन का मेल होगा। इस संदर्भ में एटली कुमार ने कहा, "राका, सिर्फ एक फिल्म नहीं हैङ्क यह मेरे जीवन का एक हिस्सा है, जिसे मैंने सालों तक संभालकर रखा। 18 साल तक मैंने इस एक आइडिया को जिंदा रखा। इसने मुझे बहुत कुछ सिखाया और हर समय मेरे साथ रहा। और सच कहूंङ्क यह तो बस शुरूआत है।ह्व

एटली कुमार के साथ सन पिक्चर्स ने भी इस प्रोजेक्ट को भारतीय सिनेमा की सबसे महत्वाकांक्षी कोशिशों में से एक बताया। उनका कहना है कि एटली की कहानी और अल्लू अर्जुन की स्टार पावर मिलकर 'राका' को दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंचाएगी।

यह फिल्म सन पिक्चर्स, अल्लू अर्जुन और एटली कुमार के बीच एक बड़ा सहयोग है, जो भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर और मजबूत करेगा। फिलहाल फिल्म के टाइटल रिलीज के साथ ही 'राका' ने यह भी साफ कर दिया है कि यह फिल्म एक भव्य और नया सिनेमाई अनुभव देने वाली है, जो ग्लोबल स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाएगी।

## जमीन विवाद में मारपीट, एक व्यक्ति जख्मी



**बनमा ईटहरी (सहरसा)( चौथी वाणी)।** थाना क्षेत्र के घोरदौड़ गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना सामने आई है। इस घटना में एक पक्ष से वीरू शर्मा गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिनका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। अस्पताल में इलाजरत जख्मी वीरू शर्मा ने बताया कि वह अपने ही जमीन पर आंगन बनाने के लिए बांस का खुंटा गारने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान विपक्षी मीना देवी, रेखा देवी, समतोलिया देवी, संगीता देवी, सीमा देवी, शंकर कुमार और कृषक कुमार समेत अन्य लोगों ने उन्हें घेर लिया और बेरहमी से मारपीट कर जख्मी कर दिया। घटना के बाद स्वजनों ने आनन-फानन में सिमरी बख्तियारपुर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनाव का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## सभ्यता खत्म' के बयान पर घिरते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प

-सुनील कुमार महला

मध्य-पूर्व में जारी युद्ध को 40 दिन से अधिक समय हो चुका है तथा लगातार हमलों के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर दुनिया स्पष्ट रूप से दो धड़ों में बंटी हुई नजर आ रही है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पेश एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव रूस और चीन के वीटो के कारण पारित नहीं हो सका। बहरीन द्वारा लाए गए इस प्रस्ताव में होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की अपील की गई थी। पाठकों को बताता चलूं कि 15 सदस्यीय परिषद में इस प्रस्ताव के पक्ष में 11 वोट पड़े, जबकि रूस और चीन ने विरोध में मतदान किया। वहीं पर पाकिस्तान और कोलंबिया इस मतदान से दूर रहे।आवश्यक 09 मत मिलने के बावजूद, वीटो के चलते प्रस्ताव असफल हो गया। इसी बीच, डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को समझौते के लिए दी गई समय-सीमा समाप्त होने से एक दिन पहले, 7 अप्रैल 2026 (मंगलवार) को अमेरिकी सेना ने खर्ग द्वीप पर हमला किया। इसके समानांतर, इजरायल की सेना ने ईरान के भीतर रेल पटरियों और पुलों को निशाना बनाते हुए बमबारी की। जवाब में ईरान ने इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलें और रॉकेट दागे। हालांकि, व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया कि वह ईरान के खिलाफ परमाणु हथियारों के उपयोग पर विचार नहीं कर रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए नई एडवाइजरी जारी की, जिसमें अगले 48 घंटे तक अपने स्थान पर ही सुरक्षित रहने की सलाह दी गई। इस बीच डोनाल्ड ट्रंप ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि 'आज रात एक पूरी सभ्यता समाप्त हो सकती है, जिसे फिर कभी वापस नहीं लाया जा सकेगा।' दूसरी ओर, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने दावा किया कि 1 करोड़ 40 लाख से अधिक ईरानी देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने को तैयार हैं। कहना गलत नहीं होगा कि मध्य-पूर्व के इस युद्ध के प्रभाव लगातार गंभीर होते जा रहे हैं और इजरायली हमलों में ईरान के आठ पुल नष्ट हो चुके हैं तथा कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 108 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं। जानकारी अनुसार इजरायल ने तेहरान, करज, काशान और कोम में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, जबकि ईरान ने इजरायल पर सात बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इतना ही नहीं, कुवैत से दागे गए एक रॉकेट हमले में इराक में तीन लोगों की मृत्यु हुई। वहीं, ईरान द्वारा कतर पर दागी गई मिसाइलों को कतर ने नाकाम करने का दावा किया है। इस बीच ईरान की विशेष सैन्य इकाई इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने संभावित हमलों के लक्ष्यों की सूची भी जारी की है।सच तो यह है कि इस युद्ध का असर पूरे विश्व समेत भारत पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। दिल्ली-एनसीआर में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) के दामों में 1.70 रुपये प्रति एससीएम की वृद्धि की है, जो 1 अप्रैल से लागू हो चुकी है। इसके अलावा, एयर इंडिया ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर ईंधन शुल्क बढ़ा दिया है, जिसके तहत घरेलू उड़ानों में 299 रुपये से 899 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद शुरू हुआ यह युद्ध एक महीने से अधिक समय बीतने के बावजूद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीच-बीच में युद्धविराम की चचाएं जरूर होती हैं, लेकिन वे जल्द ही तीव्र हमलों के बीच दब जाती हैं। ताजा घटनाक्रम में जैसा कि ऊपर भी इस आलेख में चर्चा कर चुका हूं कि अमेरिका ने खर्ग द्वीप पर पुनः हमला किया, जबकि ईरान के अल्बोर्ज प्रांत में हुए हवाई हमले में कम से कम 18 लोगों की मौत हुई है। डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान निर्धारित समय तक होर्मुज जलमार्ग में जहाजों की आवाजाही पूरी तरह बहाल नहीं करता, तो उसके बिजली संयंत्रों और पुलों पर व्यापक बमबारी की जाएगी। इस संदर्भ में यह प्रश्न भी उठता है कि क्या नागरिक ढांचे पर हमले अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत युद्ध अपराध की श्रेणी में आते हैं। यहां यह गौरतलब है कि पहले ही एक स्कूल पर हुए हमले में बच्चियों की मौत को लेकर अमेरिका और इजरायल की आलोचना हो चुकी है। वास्तव में अब यह स्पष्ट होता जा रहा है कि इस युद्ध में मानवीय संवेदनाएं पीछे छूटती जा रही हैं। जहां अमेरिका और इजरायल ईरान पर लगातार हमले कर रहे हैं, वहीं ईरान भी इजरायल और मध्य-पूर्व में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहा है। इसके परिणामस्वरूप पूरे क्षेत्र में कच्चे तेल के उत्पादन और आपूर्ति पर गंभीर प्रभाव पड़ा है, जिससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा और खाद्य संकट गहराता जा रहा है।इधर, युद्धविराम के प्रयास भी ठोस परिणाम नहीं दे पा रहे हैं। ईरान ने 45 दिनों के युद्धविराम प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए स्पष्ट किया है कि वह केवल स्थायी शांति और भविष्य में हमले न किए जाने की गारंटी चाहता है। यह मांग कूटनीतिक दृष्टि से तार्किक प्रतीत होती है, क्योंकि अस्थायी समाधान मूल समस्याओं का निवारण नहीं कर सकते। कहना गलत नहीं होगा कि वर्तमान स्थिति यह संकेत देती है कि सभी पक्ष अपनी-अपनी जिद पर अड़े हुए हैं, जिससे समाधान की संभावनाएं धूमिल होती जा रही हैं। ऐसे में यह बड़ा प्रश्न उभरता है कि जब व्यापक विनाश के बाद यह युद्ध समाप्त होगा, तब शांति की कीमत कितनी भारी होगी।इसी बीच, डोनाल्ड ट्रंप ने अप्रैल के पहले सप्ताह में ईरान के साथ दो सप्ताह के सीजफायर की घोषणा की, जिसके तहत तत्काल बमबारी को टाल दिया गया। यह घोषणा संभावित हमले की तय समयसीमा से ठीक पहले की गई, जिससे क्षेत्र में बढ़ते तनाव को अस्थायी रूप से नियंत्रित करने का प्रयास हुआ। हालांकि, यह सीजफायर कुछ शर्तों पर आधारित है, इसलिए हालात पूरी तरह सामान्य नहीं हुए हैं और मध्य-पूर्व में तनाव अभी भी बना हुआ है। अंत में यही कहूंगा कि , इस युद्ध को समाप्त करने के लिए सबसे पहले तत्काल और पूर्ण युद्धविराम आवश्यक है, जिसके लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सक्रिय भूमिका अनिवार्य होगी। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र या ओमान जैसे निष्पक्ष मध्यस्थों के माध्यम से संवाद शुरू कर चरणबद्ध समझौते की दिशा में बढ़ना होगा। होर्मुज जलडमरूमध्य में अंतरराष्ट्रीय निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था से तनाव कम किया जा सकता है। साथ ही, परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों और सुरक्षा गारंटी जैसे मूल मुद्दों पर पारदर्शी समझौता तथा नागरिक ठिकानों पर हमले रोककर मानवीय कानूनों का पालन ही स्थायी शांति का आधार बन सकता है।

## पुण्यतिथि पर साड़ी वितरण कार्यक्रम करेगा मिश्र परिवार



**चौथी वाणी/**'सेवा परमो धर्मः ' की साक्षात प्रतिमूर्ति श्रद्धेय योगमाया देवी जी के पंद्रहवीं पुण्यतिथि के पावन अवसर पति श्री उपेन्द्र मोहन मिश्र जी के मार्गदर्शन में उनके पारिवारिक सदस्यों के द्वारा अरण्यडीह गांव में निवास करने वाले सभी (लगभग 200)मातृ -शक्तियों को अंगवस्त्र के रूप में एक चूड़ी,सिंदूर एवं मिठाई सहित एक साड़ी का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक श्री उपेन्द्र मोहन मिश्र जी ने बताया कि मेरी धर्मपत्नी एक सेवाभावी एवं धर्म परायण महिला थी जिन्होंने अपने जीवन काल में पारिवारिक सदस्यों के बीच सेवा कार्य कर एक कीर्तिमान स्थापित कर दिया।हम सब पारिवारिक सदस्यों ने मिलकर तय किया है कि पुण्यतिथि पर जरुरतमंद लोगों के बीच वस्त्र वितरण कर उनके द्वारा किए गए सेवा कार्य को जीवंत बनाया जा सके , क्योंकि पुण्यतिथि पर वस्त्र वितरण एक अत्यंत पुनीत और सेवाभावी कार्यक्रम है।यह आयोजन न केवल दिवंगत प्रियजन की याद को जीवंत रखता है बल्कि समाज में निः स्वार्थ सेवा, करुणा और सहानुभूति का संदेश भी फैलाता है।

## राशिफल/पंचांग

ज्योतिषाचार्य संजीत कुमार मिश्रा



दिनांक 09/04/2026 गुरुवार

बैशाख कृष्णपक्ष सप्तमी,रात्रि 09:11 उपरांत अष्टमी,नक्षत्र,मूल,सुबह 08:48 उपरांत पूर्वाषाढ़ा, सूर्यास्त :06:10 संध्या,चंद्रोदय :12:42 सुबह (10 अप्रेल 2026 ) चंद्रास्त : 10:19 सुबह,ऋतू बसंत,चौघडिया,दिन,चौघड़िया :शुभ 05:33 सुबह 07:07 सुबह,रोग 07:08 सुबह 08:42 सुबह,उद्वेग 08:42 सुबह 10:17 सुबह ,चर 10:17 सुबह 11:51 सुबह,लाभ 11:51 सुबह 01:26 दोपहर,अमृत 01:26 दोपहर 03:00 दोपहर,काल 03:00 दोपहर 04:35 संध्या,शुभ 04:35 संध्या 06:10 संध्या ,लगन :मीन,सुबह 05:51उपरांत मेष लगन,राहुकाल,दोपहर 01:26 से 03:00 दोपहर,अभिजित मुहूर्त,सुबह 11:26 सुबह से 12:16 दोपहर,दिशाशूल दक्षिण,यात्रा विचार :आज कही यात्रा पर जाने के पहले जीरा खाकर यात्रा करे लाभ होगा

### -- दैनिक राशिफल --

**मेष** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ संभव है। जोखिम न लें। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी।

**वृष** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न उठाएं। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने की संभावना है।

**मिथुन** मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी।

**कर्क** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**सिंह** मेहनत का फल कम मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी।

**कन्या** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे।

**तुला** कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें, जोखिम न लें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे।

**वृश्चिक** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ होगा। धन संचय की बात बनेगी। परिवार के कार्यों पर ध्यान देना जरूरी है।

**धनु** चोट व रोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। योजनाएं बनेंगी।

**मकर** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। जायदाद संबंधी समस्या सुलझने के आसार बनेंगे।

**कुंभ** व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे।

**मीन** व्यापार-व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। अल्प परिश्रम से ही लाभ होने की संभावना है। खर्चों में कमी करने का प्रयास करें।